श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 25 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 178, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ  एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन कारगर 16
पति पत्नी और वो के सीक्वल में भी कार्तिक 15

## एक नजर

### पांच-पांच किलोग्राम के दो आईईडी बरामद

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में सुरक्षाबलों ने पांच-पांच किलोग्राम के दो 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) बरामद किए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के इरागांव थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने दो आईईडी बरामद किए। उन्होंने बताया कि एक दल जब इरागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटकोडो, तमोरा और किलेनार गांव के करीब था तभी उन्हें नक्सलियों द्वारा आईईडी लगाए जाने की सूचना मिली।

### बेटी के यौन शोषण के दोषी को 20 साल की सजा

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र की एक अदालत ने अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण करने वाले एक पिता को दोषसिद्धि के बाद 20 साल कैद की सजा सुनाई है। एक वकील ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्य जिला सत्र न्यायाधीश कविता अग्रवाल ने जनवरी 2020 में कई मौकों पर पीड़िता का यौन शोषण करने वाले कोल्हापुर जिले के पन्हाला तहसील के गणपति गली कोडोली निवासी जगन्नाथ यशवंत आडके (47) को सजा सुनाई और एक हजार का जुर्माना भी लगाया।

### हीरा खदान से मजदूर को मिला बेशकीमती हीरा

**पन्ना।** देश-दुनिया में बेशकीमती हीरों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में बुधवार को एक गरीब मजदूर को बेशकीमती हीरा मिला है। हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि राजू गोंड ने कार्यालय से पट्टा बनवाकर करीब दो माह पूर्व खदान लगाई थी। हीरा अधिकारी रवि पटेल का कहना है कि उसे 19.22 कैरेट का जेम क्वालिटी का हीरा मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत 80 लाख से एक करोड़ रुपये बताई जा रही है।

### एमए उर्दू के विद्यार्थी पढ़ेंगे कबीर के दोहे

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की कार्यकारी परिषद अगर पाठ्यक्रम में प्रस्तावित बदलाव को मंजूरी दे देती है तो उर्दू विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी संत कबीर दास के दोहे पढ़ते नजर आएंगे। अधिकारियों ने कहा कि कला संकाय की ओर से प्रस्तावित संशोधन को यदि मंजूरी मिलती है तो एमए उर्दू के पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कबीर वाणी के दोहे पढ़ाए जाएंगे।

# बजट पर चर्चा : कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ है सरकार का नारा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट को 'कुर्सी बचाओ और जुमला बजट' करार देते हुए बुधवार को कहा कि इस बजट में सिर्फ दो राज्यों बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहरबानी की गई है, लेकिन देश के अन्य राज्यों, किसानों और गरीबों की अनदेखी की गई है। वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पर लोकसभा में सामान्य चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने यह दावा भी किया कि 'कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ' इस सरकार का आखिरी नारा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को 'अग्निपथ' योजना को खत्म करना चाहिए और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को बेरोजगारी नजर नहीं आ रही है तो आगामी विधानसभा चुनावों में उसे नजर आने लगेगी। हरियाणा के सिरसा से लोकसभा सदस्य सैलजा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने हमारा घोषाणापत्र लागू किया, हम धन्यवाद करते हैं।

कांग्रेस नेता ने जनगणना में देरी का मुद्दा भी उठाया और सवाल किया कि सरकार जनगणना पर चुप्पी साधे हुए है, इस पर नीतीश कुमार जी (बिहार के मुख्यमंत्री) क्या कहना चाहेंगे? सैलजा ने बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष वित्तीय सहायता के प्रावधान का हवाला देते हुए कहा कि क्या सिर्फ दो राज्यों पर मेहरबानी हुई? कांग्रेस नेता ने कहा कि अपनी सहूलियत के हिसाब से सरकार स्वामीनाथ आयोग की रिपोर्ट का नाम नहीं लेती है।

## कांग्रेस ने कहा-बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहरबानी, अन्य राज्यों की अनदेखी

### संसद परिसर में इंडी गठबंधन के सांसदों ने किया प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि यह बजट जनविरोधी है। राहुल गांधी ने इस विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए अपने व्हाट्सएप चैनल पर कहा कि यह बजट भारत के संघीय ढांचे की गरिमा पर आघात है, सत्ता बचाने के लोभ में देश के अन्य राज्यों की उपेक्षा है, उनके साथ पक्षपात है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को कहा था कि 27 जुलाई को नीति आयोग की होने वाली बैठक का कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री बहिष्कार करेंगे।

### विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने बुधवार को आम बजट 2024-25 में बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए राज्यसभा से बहिर्गमन किया। सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा नियम 267 के तहत दिए गए नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बजट का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें किसी भी राज्य को कुछ नहीं मिला। सबकी थाली खाली और दो की थाली में पकौड़े और जलेबी। बजट में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली और ओड़िशा सहित कई राज्यों को कुछ नहीं मिला।

### किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट आवंटन में राज्यों के साथ भेदभाव किए जाने के विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि इसमें किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है और बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम नहीं लिया जाता है, लेकिन बजट दस्तावेजों में सभी राज्यों के आवंटन का उल्लेख होता है। सीतारमण ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि देश में सबसे अधिक बजट पेश करने वाली पार्टी अपने पूर्ववर्ती वित्त मंत्रियों के बजट भाषण को पढ़कर देखे कि क्या उसमें सभी राज्यों के नाम का उल्लेख है।

# काठमांडू में विमान हादसा, एक विदेशी समेत 18 लोगों की मौत

## त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे से फिसलकर हुआ क्रैश, लगी आग

काठमांडू, एजेंसी

- निजी एयरलाइन की उड़ान में सवार थे क्रू मेंबर सहित 19 यात्री
- घायल पायलट अस्पताल में भर्ती मृतकों में यमन का एक नागरिक



हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बचाव दल के लोग। ● एजेंसी

काठमांडू में त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और हादसे में एक विदेशी समेत 18 यात्रियों की मौत हो गई तथा उसका पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। सौर्य एयरलाइंस का नेपाल का घरेलू विमान एन9एएमई नियमित रखरखाव कार्य के लिए पोखरा जा रहा था जब पूर्वाह्न 11 बजकर 11 मिनट पर यह हादसा हुआ। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के खोज व बचाव केंद्र ने एक बयान में बताया कि बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान रनवे पर फिसल गया और उसमें तुरंत आग लग गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई वीडियो में विमान में आग लगते और धुआं उठते देखा जा सकता है। हादसे के बाद दमकल की गाड़ियों और एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया।

मृतकों की पहचान सह-पायलट एस. कतुवाल और सौर्य एयरलाइंस के 17 कर्मचारियों के रूप में की गई है जिनमें नेपाल की एक महिला और यमन का एक नागरिक शामिल है। पायलट कैप्टन मनीष शाक्य (37) का काठमांडू मॉडल हॉस्पिटल में उपचार हो रहा है। प्राधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार लोगों में से 15 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन की एक स्थानीय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद काठमांडू हवाई अड्डे पर सेवाएं थोड़ी देर के लिए रोक दी गईं लेकिन बाद में उन्हें बहाल कर दिया गया। सौर्य एयरलाइंस की वेबसाइट के अनुसार, कंपनी नेपाल में पांच पर्यटक स्थलों के लिए विमानों का संचालन करती है। उसके बेड़े में तीन बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान शामिल हैं। हाल के वर्षों में खराब हवाई सुरक्षा रिकॉर्ड के लिए नेपाल की आलोचना की गई है, लेकिन इन दुर्घटना की वजहों में मानवीय भूल के अलावा आंशिक रूप से अचानक मौसम परिवर्तन और दुर्गम चट्टानी इलाकों में स्थित हवाई पट्टियां भी शामिल हैं। नेपाल के नागरिक उड्डयन निकाय के अनुसार, अगस्त 1955 में पहली दुर्घटना के बाद से देश में हवाई दुर्घटनाओं में 914 लोग मारे गए हैं। पिछले साल जनवरी में, यति एयरलाइंस का एक विमान पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें पांच भारतीयों सहित सभी 72 लोग मारे गए थे। दुर्घटना का कारण मानवीय भूल बताया गया।

## मेटा एआई हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध

- जल्द ही और भाषाएं होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कंपनी मेटा एआई अब हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि यह कदम बहुभाषी खंड में मेटा के एआई असिस्टेंट की क्षमता बढ़ाता है। इसका मतलब यह है कि उपयोगकर्ता इन नई भाषाओं में व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ बातचीत कर सकेंगे। कैलिफोर्निया के मेन्लो पार्क स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि आप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ- हिंदी 'हिंदी-रोमनकृत लिपि', फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली और स्पेनिश जैसी नई भाषाओं में भी बातचीत कर सकते हैं। जल्द ही और भी भाषाएं शामिल की जाएंगी। मेटा एआई अब 22 देशों में उपलब्ध है। अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर, मेक्सिको, पेरू और कैमरून में इसकी सेवाएं हाल ही में शुरू हुई हैं। उपयोगकर्ता अब गणित और कोडिंग जैसे अधिक जटिल प्रश्नों के लिए हिंदी में सहायता के लिए उन्नत मेटा एआई मॉडल का उपयोग कर सकते हैं।

# जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में मुठभेड़ एक आतंकवादी ढेर

श्रीनगर, एजेंसी



मुठभेड़ के दौरान मोर्चा संभाले जवान।

- आतंकियों की गोलीबारी में सेना का एक जवान भी शहीद
- कोवुत इलाके में सेना-पुलिस ने चलाया था तलाशी अभियान

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर मुठभेड़ हुई जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कुछ दिन पहले सेना और पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादी गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने के बाद कुपवाड़ा के लोलाब इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। श्रीनगर की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23-24 जुलाई को संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सेना ने कहा कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को ललकारा। इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और फिर मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक सैनिक घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि घायल सैनिक की बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## धनबाद से गिरफ्तार अभियुक्त की सीबीआई रिमांड

**नीट-यूजी पेपर लीक मामला**

**पटना।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार एक अभियुक्त को बुधवार को छह दिनों के पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने धनबाद से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अविनाश कुमार उर्फ बंटी को वहां की एक अदालत से प्राप्त ट्रांजिट रिमांड के आधार पर यहां लाकर विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय कुमार पांडे के समक्ष पेश किया था, जहां उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया। उसके बाद सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर इस अभियुक्त से हिरासती पूछताछ के लिए उसे पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने की प्रार्थना की थी।

प्रार्थना स्वीकार करते हुए अदालत ने अभियुक्त को 30 जुलाई 2024 तक के लिए पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

# बिहार विधानसभा में एंटी पेपर लीक विधेयक पास

पटना, एजेंसी

**अंकुश**

- भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने को कड़ी सजा का प्रावधान
- पांच साल तक की जेल और लगेगा 10 लाख रुपये जुर्माना

बिहार विधानसभा ने राज्य में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को एक विधेयक पारित किया।

बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सदन में पेश किए गए बिहार लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। नए कानून का उद्देश्य बिहार में प्रश्नपत्रों के लीक सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार पर अंकुश लगाना है। बिहार 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर हाल में सुर्खियों में भी रहा है। विधेयक में ऐसे कदाचार में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें तीन से पांच साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुर्माना शामिल है।

## बदमाशों ने एएमयू में दो कर्मचारियों को गोली मारी

- विवि के सुरक्षाकर्मियों ने हमलावरों को दबोचकर पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार, अलीगढ़ :** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) कैंपस में बुधवार की सुबह कुछ लोगों ने दो कर्मचारियों को गोली मार दी। घायल अवस्था में दोनों को जेएनयू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दोनों आपस में भाई हैं। सुरक्षाकर्मियों ने दोनों हमलावरों को पकड़ पुलिस को सौंप दिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। सूचना पर कुलपति भी मौके पर पहुंच गई थीं। एएमयू के प्रॉक्टर प्रोफेसर मो. वसीम अली ने बताया कि रजिस्ट्रार ऑफिस के कर्मचारी नदीम और कलीम कैंपस में ऑफिस जा रहे थे। तभी उन्हें गोली मार दी गई। अस्पताल में दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। कुलपति प्रो. नाईमा खातून भी घायलों से मिलने पहुंचीं। सुरक्षाकर्मियों ने जिन दो युवकों को पकड़ा है, उनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। नदीम के परिजनों ने बताया कि उनका तालिब गैंग से विवाद चल रहा है। यह गैंग उनकी 13 साल की बेटी के पीछे पड़ा है। नदीम ने पॉक्सो एक्ट में मुकदमा भी दर्ज कराया था। यह गैंग मुकदमा खत्म करने के लिए लगातार धमका रहा था।

# शंभू बॉर्डर पर बनाएं यथास्थिति

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा की सरकार को दिया निर्देश
- किसानों की मांगों पर विचार को समिति बनाने का सुझाव

सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनरत किसानों की मांगों का समाधान तलाशने के लिए उनसे बातचीत करने को प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक स्वतंत्र समिति गठित करने का बुधवार को प्रस्ताव दिया और कहा कि किसानों तथा सरकार के बीच विश्वास की कमी है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि एक तटस्थ अंपायर की आवश्यकता है जो किसानों तथा सरकार के बीच विश्वास पैदा कर सके। पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां भी शामिल रहे। पीठ ने कहा कि आपको किसानों से बातचीत करने के लिए कुछ कदम उठाने होंगे। अन्यथा वे दिल्ली क्यों आएंगे? आप यहां से मंत्रियों को भेज रहे हैं और उनके नेक इरादों के बावजूद विश्वास की कमी है। न्यायालय ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर उचित निर्देश दिए जाएं। तब तक शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने दें। शीर्ष अदालत, हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही है। हाईकोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर एक सप्ताह में अवरोधक हटाने के लिए कहा था, जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

### एमएसपी की गारंटी किसानों का हक : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किसान नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद बुधवार को कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी किसानों का हक है और यह सुनिश्चित करने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दल सरकार पर दबाव बनाएंगे। किसान नेताओं ने राहुल गांधी के संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। जिसके बाद गांधी ने संसद परिसर में कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है कि ये बिल्कुल किया जा सकता है।

# बच्चों से भरी स्कूली बसों को दो घंटे तक रोका, निरीक्षक-एआरटीओ निलंबित

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- रास्ते से बसों को पकड़कर पुलिस लाइन ले गए थे
- बस चेकिंग के नाम पर गर्मी और उमस से बेहाल रहे बच्चे

**अमृत विचार :** चेकिंग के नाम पर स्कूली बच्चों से भरी दो बसों को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) और अन्य विभागीय कर्मी पुलिस लाइन ले गए। दो घंटे तक बच्चे भीषण उमस व गर्मी में बैठे रहे। अभिभावकों ने इसकी जानकारी शासन तक पहुंचाई। ट्वीट के जरिये जानकारी होने पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने जांच रिपोर्ट तलब की। प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर संभागीय निरीक्षक प्राविधिक गुलाब चन्द्र को निलंबित कर दिया गया। बाद में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विवेक कुमार शुक्ला को भी निलंबित कर दिया गया।

मामला मंगलवार का है। जिले के एक स्कूल के बच्चों की पूर्वान्ह लगभग 11 बजे छुट्टी हुई तो बच्चों को लेकर दो बसें कर्वी तक पहुंच गईं। इसी दौरान वाहनों की फिटनेस समाप्त हो जाने के नाम पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) और विभागीय कर्मचारी बच्चों से भरी दोनों बसों को लेकर कई किमी दूर पुलिस लाइन पहुंच गए। दोनों वाहनों को फायर सर्विस परिसर पुलिस लाइन में दाखिल कराया गया और लगभग एक बजे छोड़ा गया। करीब दो घंटे तक बसों को पुलिस लाइन में खड़ा रखा गया। इस दौरान बच्चे गर्मी-उमस से बेहाल रहे। किसी अभिभावक ने लखनऊ के एक परिचित पत्रकार को इसकी जानकारी दे दी तो उन्होंने इसे ट्वीट कर दिया। मामला शासन तक पहुंच गया। जांच के बाद निलंबन की गाज संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) गुलाब चंद्र पर गिरी। उनपर समय से वाहनों की जांच कर फिटनेस प्रमाण पत्र न देने का आरोप है।

**पारिवारिक लाभ योजना**

**नया पोर्टल बनकर तैयार, बनाई जा रही है एसओपी, किस जिले में कितने आवेदन लंबित, पोर्टल से चलेगा पता**

# 45 दिन के भीतर करना होगा आवेदन का निस्तारण

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** पारिवारिक लाभ योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक मदद के लिए अब लाभार्थियों को वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

आवेदन के 45 दिनों के भीतर अगर सब कुछ सही पाया गया तो योजना का पैसा लाभार्थी के खाते में पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तरह समाज कल्याण विभाग अब पारिवारिक लाभ योजना की भी एसओपी तैयार कर रहा है। एसओपी में आवेदन निस्तारण की समय सीमा तय की जा रही है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित पारिवारिक लाभ योजना का नया पोर्टल बनकर तैयार हो गया है। अब इस योजना के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जांच में आवेदन सही पाए जाने के बाद उसे पोर्टल पर फीड कर दिया जाएगा। पोर्टल पर फीड होने से लाभार्थी भी अपने आवेदन की स्थिति को जान सकेंगे। साथ ही पोर्टल पर यह भी प्रदर्शित होगा कि प्रदेश में किस जिले के कितने आवेदन लंबित हैं, कितने आवेदन निरस्त किए गए और कितने आवेदनों में लाभार्थी के खातों में पैसा भेजा जा चुका है।

### क्या है पारिवारिक लाभ योजना

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत सरकार गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर परिवार के आश्रित को एक साथ तीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता देती है। शर्त यह है कि मुखिया की उम्र 60 साल से कम होनी चाहिए।

### आवेदन करने की अवधि भी तय

एसओपी में आवेदन करने की समय सीमा भी तय की जा रही है। योजना का लाभ पाने के लिए लाभार्थी को मुखिया की मृत्यु के बाद 45 दिनों के अंदर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी वजह से अगर लाभार्थी 45 दिनों में आवेदन नहीं कर पाता, तो उसे आवेदन के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी आवेदन को समाज कल्याण निदेशालय से अग्रसारित करेंगे। निदेशालय से अनुमति मिलने के बाद ही आवेदन किया जा सकेगा।

### दोबारा नहीं कर पाएंगे आवेदन

विभागीय अधिकारी बताते हैं कि पिछले दिनों विभाग ने इस योजना में लंबित आवेदनों की जांच कराई। जांच में एक ही लाभार्थी के छह-छह, सात-सात आवेदन पाए गए। बताया कि ऑनलाइन आवेदन होने से लाभार्थी एक बार ही आवेदन कर सकेगा। पहला आवेदन जांच के बाद निरस्त किए जाने पर भी दोबारा आवेदन नहीं होगा। आवेदन के समय लाभार्थी की ओर से जैसे ही अपने आधार और बैंक खाते का ब्यौरा दर्ज किया जाएगा। बाकी जानकारी आवेदन में अपने आप फीड होती जाएगी। खास बात यह है कि मुखिया का मृत्यु प्रमाण पत्र भी ऑटो फेच हो जाएगा।

# टीचर बन गईं डीएम मैडम...स्कूल में बच्चों से सुने पहाड़े

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


प्राथमिक स्कूल चिमनी में कॉपी पर पढ़वाती डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।


छात्रा से सवाल हल करातीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था जांचने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों की टीम संग ब्लॉक लखीमपुर के तहत संविलियन विद्यालय आधाचाट, पीएस चिमनी व यूपीएस पिपरिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम खुद टीचर बन गईं और बच्चों से पहाड़े सुने। साथ ही कई सवाल भी पूछे। बच्चे सवालों को जवाब देने में अटकते तो वह उन्हें समझातीं। डीएम ने ब्लैक बोर्ड पर छात्र-छात्राओं से गणित के सवाल हल कराए।

डीएम जिस स्कूल में गईं, वहां शिक्षकों की उपस्थिति बाबत बच्चों से ही पूछताछ की। हेडमास्टर ने

**▸▸ डीएम ने अफसरों की टीम संग तीन परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण**

डीएम को विद्यालय में नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित बताई। डीएम ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। डीएम ने संविलियन विद्यालय आधाचाट में कक्षा पांच के निरीक्षण के दौरान पाया कि सहायक अध्यापिका कल्पनाराज बच्चों को गणित पढ़ा रहीं थी। डीएम ने क्लास रूम में स्वयं ब्लैक बोर्ड पर पहुंचकर बच्चों से जोड़-घटाव के सवाल भी पूछे। सही जवाब देने पर उनका उत्साह भी बढ़ाया। रीडिंग क्षमता का जायज़ा लेने के लिए डीएम ने कक्षा चार की छात्रा सोनिका, अंजू, कक्षा छह की छात्रा रूपा से पुस्तक को पढ़वाया। बच्ची द्वारा पुस्तक का पैरा पढ़कर सुना दिया गया। निर्देश दिए कि न्यून अधिगम स्तर वाले नौनिहालों को क्लास में आगे बिठाकर उपचारात्मक शिक्षण प्रदान कर दक्ष बनाएं। निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, बीडीओ (सदर) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।

**राागिनी का नेत्र परीक्षण कराने का सीएमओ को निर्देश :** डीएम ने प्राथमिक स्कूल पिपरिया की कक्षा सातवीं की छात्रा रागिनी राज की नेत्र समस्या को भांपकर सीएमओ को उसकी आंखों का परीक्षण कराने के निर्देश दिए। साथ ही वस्तुस्थिति से अवगत कराने को भी कहा। कक्षा आठ की कक्षा में बच्चों से पुस्तक पढ़वाई व रीडिंग स्किल चेक की। विद्यालय परिसर में हैंडपंप में गंदा पानी आने पर प्रधान पर गहरी नाराजगी जताते हुए यथाशीघ्र रिबोर कराने के निर्देशित किया।

### प्राथमिक स्कूल चिमनी में बच्चों से सुने पहाड़े, बजवाई ताली

प्राथमिक विद्यालय चिमनी में डीएम ने उपस्थिति पंजिका से बच्चों की उपस्थिति का सत्यापन किया। छात्रा रूबी, अंशु से बच्चों की संख्या भी गिनवाई। बच्चों से पहाड़े सुने, सही सुनाने पर तालियां भी बजवाईं। डीएम ने बच्चों को हाथ साफ कर भोजन करने, उठने के बाद और सोने से पहले ब्रश करने के फायदे बताकर इसे दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। इस दौरान निर्माणाधीन विद्यालय भवन का भी निरीक्षण कर गुणवत्ता देखी। बीडीओ सदर को निर्देश दिए कि अपने सुपरविजन में एक माह में भवन को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं।

# ई-केवाईसी: ई-पॉश मशीन में नहीं अपलोड हो रहे बच्चों के फिंगर प्रिंट

## फिंगर प्रिंट अपलोड न होने से पात्र कार्ड धारकों को चिंता, अभी तक मात्र 30 फीसदी हुई केवाईसी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** राशन कार्ड पर अंकित यूनिटों की ई-केवाईसी होनी है। इससे बच्चों और बुजुर्गों को लेकर कार्डधारकों की चिंता बढ़ गई है। इसका कारण ई-पॉश मशीन में इनकी उंगलियों के निशान अपलोड न होना है। इससे कार्ड धारकों में बच्चों और बुजुर्गों के यूनिट कैंसिल हो जाने की चिंता सताने लगी है। उधर, कोटेदार भी अंगुलियां विहीन दिव्यांगों से लेकर बच्चों और बुजुर्गों की ई-केवाईसी को लेकर परेशान है। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि अभी मात्र 30 फीसद ही ई-केवाईसी हुई है। इस तरह के जो लोग छूट जाएंगे, उनके बारे में शासन को अवगत कराया जाएगा। फिलहाल राशन सभी को मिलता रहेगा।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में 8,25,629 राशन कार्ड धारक हैं। इसमें पात्र गृहस्थी के 7,15,750 और अंत्योदय के 109879 कार्डधारक हैं। इनकी

**▸▸ जिला पूर्ति अधिकारी बोले इस संबंध में कराया जाएगा शासन को अवगत**



जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय।

यूनिट कुल 31,07,630 है। पात्र गृहस्थी योजना के तहत इन सभी को मुफ्त में राशन मिल रहा है। राशन कार्डों पर कुछ यूनिट ऐसे भी है, जो स्वग सिधारने के बाद भी मुफ्त का राशन हजम कर रहे हैं। इनकी संख्या जिले में पांच से 10 फीसद बताई जाती है। राशन घोटाले पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने कार्ड पर अंकित यूनिटों की ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए हैं। जो अंगुलियों से दिव्यांग और बच्चों व बुजुर्गों के लिए मुसीबत बन गया है। कोटेदारों का कहना है कि कुछ लोग ऐसे हैं, जिनकी अंगुलियां किसी कारण वश नहीं रहीं। इनकी केवाईसी कैसे होगी। इसके अलावा साठ साल से अधिक उम्र के लोगों की अंगुलियों के निशान घिस गए हैं। इस श्रेणी में बच्चों से लेकर कुछ कुछ युवा भी हैं, जिनकी अंगुलियों के निशान ई-पाश मशीन पर अपलोड नहीं हो रहे हैं। इससे इन सभी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यह लोग ई-केवाईसी के लिए रोजाना कोटे पर आ रहे हैं। मगर, निशान अपलोड न होने की वजह से घर लौट जाते हैं। मना करने पर विवाद करने पर आमादा हो जाते हैं।

### ई- केवाईसी से रूकेगा अन्न घोटाला

ई-केवाईसी के तहत राशन कार्ड पर अंकित सभी नाम वालों को कोटेदार के पास जाकर ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगाकर केवाईसी करानी होगी। ऐसे में जिनकी ई-केवाईसी पूरी हो जाएगी, उन्हीं को पात्र गृहस्थी योजना के तहत राशन मिलेगा। इससे मृतकों के नाम पर दिए जा रहे राशन का खेल विराम लगेगा।

### मशीनें भी बन रही मुसीबत

ई-पाश मशीने भी कोटेदारों के लिए मुसीबत बनी हैं। कोटेदारों के मुताबिक एक तो नेटवर्क की समस्या रहती है और दूसरे मशीनें दोपहर बाद खुलती है। यदि मशीन सुबह खुल जाए और नेटवर्क समस्या न रहे तो ई- केवाईसी आसानी से हो जाए।

| | |
|---|---|
| कुल कार्ड धारक | 825629 |
| कुल यूनिट | 3107630 |
| पात्र गृहस्थी कार्ड | 715750 |
| पात्र गृहस्थी यूनिट | 2809390 |
| अंत्योदय कार्ड | 109879 |
| अंत्योदय कार्ड यूनिट | 298240 |

"अभी तक करीब 40 फीसद ही ई-केवाईसी हुई है। बच्चों और बुजुर्गों की उंगलियों के निशान मशीन में अपलोड न होने की जानकारी मिली है। जिन लोगों की ई- केवाइसी नहीं हो पाएगी। उनकी सूची शासन को भेजी जाएगी।"
**-अंजनी कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी**

# 14 साल बाद भी आवासीय योजना अधूरी, हुआ कब्जा


कस्बे में आधी अधूरी जर्जर कॉलोनी। अमृत विचार

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** नगर पंचायत में इंटीग्रेटिड हाउसिंग एंड स्लम डेवलपमेंट प्रोग्राम आवासीय योजना के तहत 108 आवासों का निर्माण 14 साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। जिम्मेदार प्रकरण काफी पुराना बताकर कंपनी को पत्र लिखने की बात कह रहे हैं।

योजना के तहत कस्बे में 108 आवासों की कॉलोनी बननी थी। जिसका निर्माण 14 साल पहले शुरू हुआ था। निर्माण कार्य बादां के ठेकेदार रामपाल द्वारा कराया जा रहा था। इससे गरीबों को जल्द ही अपनी छत मिलने की उम्मीद जगी थी। मगर, निर्माण के दौरान 31 अगस्त 2010 को हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से 11 लोगों की मौत हो गई

**▸▸ 11 लोगों की मौत होने पर आवास निर्माण का रूक गया काम**

"कॉलोनी में अधूरे काम पूरा करने के लिए संबंधित कंपनी को पत्र भेजा जा चुका है। निर्माण पूरा होने के बाद ही आवास नगर पंचायत को हैंडओवर होगें। मामला काफी पुराना है। इसे दिखवाया जाएगा।"
**-डॉ. अजय सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा**

थी, जिसके बाद निर्माण रोंक दिया गया। तब से काम बंद पड़ा है। इन अधूरे आवासों में लोग अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। न तो डूडा विभाग के लोग पूरा कराने का प्रयास कर रहे हैं और न ही कब्जेदारों से खाली कराने का। जबकि नगर पंचायत प्रशासन इन आवासों को खाली कराने के लिए कई बार पत्राचार कर चुका है।

## सार-संक्षेप

### करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर युवक की मौत

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव शेखपुर मेंशौच करने खेतों की तरफ गया युवक करंट प्रवाहित तार की चपेट मेंआ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव शेखपुर निवासी कोमल का 24 वर्षीय पुत्र अन्नू लाल मंगलवार की शाम करीब 9 :00 बजे शौच के लिए गया था, जहां अचानक टूटकर गिरे बिजली के तार की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ट्रांसफार्मर रखने के बाद चार घंटा भी नहीं चल सका


बरवर क्षेत्र के ग्राम साहूपुर में रखा ट्रांसफार्मर

**संवाददाता, बरवर, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र बरवर ग्रामीण क्षेत्र के गांव साहूपुर में ट्रांसफार्मर रखने के बाद चार घंटा भी नहीं चल सका। गांव फिर से अंधेरे में आ गया है। तीन वर्ष पहले गांव में चार ट्रांसफार्मर लगाए गए थे, जिसमें दो 10 केवी और दो 16 केवी के रखे गए थे, लेकिन भीषण आंधी आने के कारण बिजली पोल ट्रांसफार्मर सहित गिर गये था। ये आज तक नहीं रखवाए गए जिससे भीषण उमस भरी गर्मी से छोटे छोटे बच्चों के साथ ही बिजली उपभोक्ता काफी परेशान हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि विभागीय जिम्मेदार फोन नहीं उठाते हैं। विडंबना यह है कि ट्रांसफार्मर रखवाए बिना समस्या का ऑनलाइन समाधान कर दिया गया। बिजली उपभोक्ता मैकूलाल, रामसागर, जयसिंह, महेन्द्र कुमार, नरपति, रामवीर, छत्रपाल, वेद प्रकाश, शेषकुमार, दिनेश, छविनाथ, रामसरान, विनोद कुमार, रुपसिंह, समेत कई दर्जनों उपभोक्ता अपना दर्द बयां कर रहे हैं। इस संबंध में जब संबंधित जेई से जानकारी लेना चाही तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

### बसही एसएसबी ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**संवाददाता, संपूर्णानगर। अमृत विचार :** नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत एसएसबी 49वीं वाहिनी पीलीभीत की सीमा चौकी बसही के निरीक्षक गोपाल दास खटिक के नेतृत्व में बुधवार को गांव कृष्णानगर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में खजुरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सक डॉ. यूवी मौर्य सहित अन्य डॉक्टरों ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। साथ ही एसएसबी की द्वितीय कमान अधिकारी डॉ. शालिनी परिहार ने वेटेनरी का काम देखा व जांच एवं परामर्श अनुसार विभिन्न रोगों की नि:शुल्क दवाएं दीं। बीते दिनों क्षेत्र में आई बाढ़ से पनप रही अनेक बीमारियों के बीच यह नि:शुल्क शिविर ग्रामीणों के लिए मददगार रहा। शिविर में एक सौ से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। एसएसबी बसही के अन्य जवान व ग्रामीण मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत डालपुर ग्रट में हो रहा सरकारी बजट का दुरुपयोग


भोलापुर गांव में टूटा पड़ा टैंक।

**संवाददाता, मैलानी। अमृत विचार :** विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत डालपुर ग्रंट में केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को लाभ देकर वर्मी कंपोस्ट के लिए टैंक बनवाया गया, जो एक ही महीने में ही टूट गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके लाभ के बजट का बंदरबांट अधिकारियों ने आपस में कर लिया। वर्मी कंपोस्ट मानक के अनुरूप नहीं बनवाया। ग्रामीणों के विकास के लिए जो बजट दिया जा रहा है। उसका ग्रामीणों तक पहुंचने से पहले ही संबंधित कर्मचारी अधिकारी बंदरबांट कर लेते हैं। शायद यही वजह है कि वर्मी कंपोस्ट कुछ ही समय पहले बना टूट गया। इससे अधिकारी सरकार की छवि को धूमिल कर रहे हैं। ग्राम प्रधान जितेंद्र सिंह ने बताया कि अधिकारियों द्वारा टैंक बनवाया गया था। टूटने की वजह वही बता सकते हैं।

### उचक्के ने उड़ाया युवक का मोबाइल, पुलिस में तहरीर

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** नगर के रेलवे स्टेशन पर एक उचक्का युवक का मोबाइल झपट कर भाग निकला। तहरीर पुलिस को दी गई है। नगर के मोहल्ला मुन्नुगंज निवासी अब्दुल सत्तार का बेटा कैफ कही जाने के लिए स्टेशन पर गया था। ट्रेन आने से पहले उसने अपना मोबाइल चार्ज करने के लिए रेलवे स्टेशन पर लगाए गए चार्जर प्वाइंट में लगाकर पास में ही बैठा था। कैफ का कहना है कि एक युवक ने एकाएक आकर उसका मोबाइल छपट लिया और भाग निकला। युवक ने शोर मचाया। तब तक उच्चका भाग गया। तहरीर पुलिस को दी है।

### सर्पदंश से बालक की मौत

**संवाददाता, बग्घून। अमृत विचार :** कोतवाली मोहम्मदी की अमीरनगर चौकी क्षेत्र के ग्राम गफ्फारनगर में बालक की सर्प काटने से मौत हो गई है, जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। गफ्फारनगर निवासी शक्तिपाल मौर्य का पुत्र अचल (8) रात में छत पर सो रहा था, तभी मंगलवार सुबह किसी जहरीले सर्प ने उसके कान में काट लिया। परिजन अचल को अस्पताल ले कर गए, लेकिन पूरे शरीर में जहर फैल जाने के कारण उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत की खबर सुनकर पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वाले बताते हैं कि अचल बहुत ही बुद्धिमान था। जो बात एक बार सुन लेता था वह हमेशा याद रखता था। लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था, उसकी मौत से पूरा परिवार टूट गया है।

### शिक्षक ने कराया व्यायाम, बताया महत्व


गांधी विद्यालय में व्यायाम करते विद्यार्थी। अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में मनाए जा रहे शिक्षण सप्ताह के दूसरे दिन गांधी विद्यालय में शिक्षक ने विद्यार्थियों को व्यायाम कराकर उसके महत्व बताए हैं। मोहम्मदी रोड स्थित गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शारीरिक शिक्षक पुष्पेन्द्रनाथ शुक्ल ने विद्यार्थियों को व्यायाम कराए। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 20 मिनट व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ रहता है। प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद प्रतिदिन सुबह की सैर आदि पर चर्चा की। डॉ राजेश कुशल, आमिर हुसैन, नागेश वर्मा, तेजराम गंगवार, श्रीश गुप्त, साबिर अली, राजकुमारी आदि मौजूद रहे।

# बड़ागांव समेत कई ग्रामों में बाढ़ राहत किट वितरित


ग्राम पंचायत बड़ागांव में किया जा रहा राशन किट वितरण। अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार :** तहसील प्रशासन ने बुधवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव सहित कई गांवों में बाढ़ राहत सामग्री किट वितरित की।

ग्राम पंचायत बड़ागांव और धोबिनपुरवा में भाजपा मंडल अध्यक्ष शशिशंकर शुक्ला के निवास पर उनके अलावा तहसील लेखपाल अनिल वर्मा और आलोक कुमार, कोटेदार प्रेम सागर व हरीराम, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश मौर्य के द्वारा सभी बाढ़ पीड़ित ग्राम वासियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई राशन सामग्री किट वितरित की गई। इस मौके पर गांव के कई गणमान्य नागरिक व आमजन मौजूद रहे। उधर, ग्राम मकनपुर, निषादनगर, घोला व गोविंद नगर आदि में भी बाढ़ राहत किट वितरण की गई।

# शिव की शरण में जीवन होता धन्य

**पसगवां, अमृत विचार:** कथा व्यास पंडित भोलानाथ तिवारी ने कहा कि जो भक्त भगवान शिव की शरण में जाता है उसके समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं। उसका जीवन धन्य हो जाता है। पंडित भोलानाथ तिवारी ने भस्म धारण विधि, रूद्राक्ष धारण विधि, गायत्री जप विधि और भोजन विधि का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने नारद मोह की कथा सुनाने के अलावा विभिन्न कथाओं के माध्यम से शिव की शरण में जाने से कल्याण के मार्ग बताए। उन्होंने कहा कि राम, कृष्ण, विष्णु सभी शिव के रूप हैं। श्रद्धालुओं में इंद्र कुमार शुक्ल, बृजमोहन शुक्ल, विनीत गुप्ता, मोहित शुक्ल, अनुराग, शोभित शुक्ल, धीरज, दीपक आदि शामिल रहे।

# विज्ञान संगोष्ठी : जिले से लेकर राष्ट्रीय आयोजन की तिथियां जारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र इस बार भी विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन कराएगा, जिसकी तारीख भी घोषित कर दी है। इसके तहत ब्लॉक व जिला स्तर पर पांच से नौ अगस्त तक आयोजन करना होगा। जबकि राष्ट्रीय संगोष्ठी 20 नवंबर को मुंबई में होगी।

राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान प्रयागराज की ओर से कक्षा आठ से दस के विद्यार्थियों के मन में विज्ञान के प्रति लगाव पैदा करने के साथ वैज्ञानिक सोंच के अलावा अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने, वैज्ञानिक चिंतर व

| | |
|---|---|
| ब्लॉक व जिला स्तरीय | पांच से नौ अगस्त |
| मंडल स्तरीय | 20 से 24 अगस्त |
| राज्य स्तरीय | 11 सितंबर |
| राष्ट्र स्तरीय | 20 नवंबर |

अनुसंधान की प्रवृत्ति जागृत करने के लिए संगोष्ठी आयोजित होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ताः संभाव्यता और सरोकार विषय पर निर्धारित विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन चार चरण में, जिसमें पहले ब्लॉक, फिर जिला, मंडल व राज्य स्तर पर होगा। चौथे चरण का आयोजन 20 नंवबर को मुंबई के नेहरू साइंस सेंटर में होगा। जिला एवं मंडल स्तर पर प्रथम व द्वितीय रहने वाले छात्र ही राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान प्रयागराज सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

### मुख्य विषय पर देना होगा छह मिनट का व्याख्यान



मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल ने बताया कि हर स्तर पर प्रतिभागी छात्र को अधिकतम छह मिनट का व्याख्यान मुख्य विषय पर भाषण के रूप में देना होगा। साथ ही तीन प्रश्न भी पूछे जाएंगे, जिनमें में कम से कम दो प्रश्नों का उत्तर दो मिनट में देना होगा। विजेता हर स्तर पर सर्टिफिकेट से पुरस्कृत होगें। वहीं राज्य स्तरीय संगोष्ठी में प्रतिभाग करने के लिए यात्रा व्यय भी मिलता है।

### घर में घुसे चोर उठा ले गए नगदी समेत दो लाख के जेवर

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** थाना पढ़ुआ क्षेत्र के गांव मल्लबेहड़ के एक घर में चोरों ने धावा बोल दिया। चोर घर में रखी नगदी समेत करीब दो लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस ने मकान मालिक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। गांव मल्लबेहड़ निवासी इंद्रेश कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ रात में घर में सो रहे थे। छत के सहारे चोर घर के अंदर घुस आए और बक्सों आदि का ताला तोड़ दिया। चोर सोने के एक जोड़ी झाला, दो जोड़ी कुंडल, एक लर सोने, एक मटर माला सोने, करीब 300 ग्राम चांदी के जेवर व कुछ नगदी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह तब हुई। जब वह लोग सोकर उठे तो देखा कमरे में रखा सामान बिखरा पड़ा था। बक्सों आदि के ताले टूटे पडे थे। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सावन माह : औषधीय गुणों के कारण शिव को प्रिय है बेलपत्र

## शुगर, उच्च रक्तचाप, कोलोस्ट्राल, पेट और हृदय की बीमारियों को सही करने में फायदेमंद है बेलपत्र


अहमदनगर में खड़ा बेल का पेड़।

धर्मवीर गुप्ता, बांकेगंज

**अमृत विचार:** सावन में शिव पूजा और शिव पूजन में बिल्व पत्र का विशेष महत्व है। बेलपत्र के बिना शिवजी की पूजा अधूरी मानी जाती है। यही कारण है कि अन्य दिनों में उपेक्षित रहने वाला बिल्व वृक्ष सावन में अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। मंदिर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की टोकरी में बिल्व पत्र जरूर दिखाई देता है। परंतु वह भूल जाता है कि बिल्व वृक्ष महज धार्मिक महत्व का वृक्ष नहीं है बल्कि इसके दिव्य औषधीय गुणों के कारण ही इसे संरक्षित करने के उद्देश्य से मनीषियों ने भगवान शिव की पूजा से इसे जोड़ दिया होगा।

बिल्व पत्र में विटामिन ए की मौजूदगी के कारण यह एक ओर जहां आंखों के स्वास्थ्य में लाभकारी होता हैं, दूसरी ओर इसमें मौजूद विटामिन सी इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाए रखता है। बिल्व पत्र में मौजूद विटामिन बी1 जिसे थियामिन तथा बी 6 जिसे पाइरिडोक्सिन के नाम से जाना जाता है, तंत्रिका तंत्र को अपना काम समुचित तरीके से करने की शक्ति प्रदान करते हैं। बिल्व पत्र में मौजूद फाइबर पेट को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचते हैं तो कैल्शियम हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है। बिल्व पत्र का एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाने में भी सक्षम होता है। इसके इन्हीं गुणों के कारण आयुर्वेदिक चिकित्सक ठंडी तासीर वाले इस बिल्व पत्र का गर्मियों के दौरान सुबह खाली पेट सेवन करने का परामर्श देते है।


डॉ. सुदीप तिवारी।

आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सुदीप तिवारी बताते हैं कि यदि सुबह खाली पेट बेल की पत्तियों को चबाया जाए तो सर्दी, जुकाम, खांसी की समस्या नहीं होगी और व्यक्ति बीमार नहीं होगा। फाइबर युक्त होने के कारण यह पेट की विभिन्न प्रकार की समस्याओं अपच, गैस, कब्ज से छुटकारा दिलाता है। हृदय की समस्याओं तथा हाई ब्लड प्रेशर के जोखिम को भी कम करता है। बिल्व पत्र रक्त शोधन का भी कार्य करता है, जिससे यह ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित के करने में मदद करता है। लीवर को सही कार्य करने की शक्ति प्रदान करता है। विषम बुखार आने पर इसकी जड़ का काढ़ा एवं पत्तियों को पीसकर गोलियां बनाने के बाद उसे गुड़ के साथ खाने से वह भी ठीक हो जाता है। महिलाओं में मासिक धर्म की अनियमितता, अधिक मासिक स्राव और ल्यूकोरिया होने पर बेलपत्र और जीरा पीसकर दूध के साथ लेने से समस्या समाप्त होती है। बेल का फल पेट साफ करने का कार्य करता है।

# सावन लगते ही पेड़ों पर पड़ जाते थे झूले, अब लुप्त हो रही परंपरा

**नहीं सुनाई देते मनभावन गीत**

**बग्घून, अमृत विचार :** सावन में अब पेड़ों पर न तो सावन के झूले पड़ते और न ही बागों में सहेलियों की रौनक दिखाई देती है। आधुनिकता की चकाचौंध में लोग अपनी प्राचीन लोक संस्कृति की परंपरा को भूलने लगे हैं। ऐसे में युवतियां, महिलाओं और नव विवाहिताओं को त्योहार नीरस सा लगने लगा है।


पहले गांव के पेड़ पर पतावर से मोटी रस्सी बनाकर झूला डालकर झूला जाता था। गांव की बहन, बेटियां झूलती थीं। आधुनिकता की चकाचौंध में सावन के झूले भी यादें बन गए हैं।
**-पिंकी सिंह, उमरिया, अमीरनगर।**


युवतियां पेड़ों पर झूला झूलती थीं, सावन, कजरी गीत गाती थीं। सखियों के बीच आपस में हंसी, मजाक, ठिठोलियां होती थीं। पर अब यह सब किस्से कहानियों में सिमट गये हैं।
विनीता मिश्रा, कुंभी चीनी मिल।


पवित्र सावन माह का आगमन तो होता है, किंतु आधुनिक चकाचौंध में अपने साथ झूले नहीं लाता। इस अनोखी लोक परंपरा के खत्म होने के पीछे कोई एक नहीं, कई कारण हैं।
**-प्रिया शर्मा, अमीरनगर।**


पहला सावन मायके में ही मनाने की परंपरा रही है। ऐसे में बहन-बेटियां ससुराल से मायके बुला ली जाती थीं और हाथों में मेहंदी रचाकर पेड़ों पर झूला डालकर झूलती थीं।
**-सोनी शर्मा, अमीरनगर खीरी।**

# भगवान शिव पर आपत्तिजनक टिप्पणी से गुस्सा, रिपोर्ट दर्ज

## अशोक चौराहे पर धरना देकर हिंदूवादी संगठनों ने जताया रोष, आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन पर माने

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचार:** छोटी काशी के नाम से विख्यात नगर गोला गोकर्णनाथ निवासी रामसेवक वर्मा ने बुधवार भगवान शिव पर आपत्तिजनक टिप्पणी से हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त हो गया। हिंदू संगठनों की नेताओं की अगुआई में सर्वोदयनगर निवासी दिनेश कुमार मिश्र की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली, लेकिन हिंदू संगठन के नेता गिरफ्तारी पर अड़ गए और शाम को अशोक चौराहे पर धरना पर बैठ गए। पुलिस ने जल्द गिरफ्तार का आश्वासन दिया, तब लोग माने और धरना समाप्त कर दिया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी हैं।


अशोक चौराहे पर धरना देते हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी।


धरने पर बैठे लोगों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

सावन मास में हिंदू धर्म पूज्यनीय आराध्य देवाधिदेव शिवजी को लेकर रामसेवक वर्मा ने सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। इससे लोगों में आक्रोष फैल गया। बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठनों के लोग अशोक चौराहा पर एकत्र हुए। लोगों ने कोतवाली का घेराव कर जमकर नारेबाजी की और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर विकास चौराहा पर धरने पर बैठ गए। नगर के मोहल्ला सर्वोदय नगर निवासी दिनेश कुमार मिश्र ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर दी। तहरीर में कहा गया है कि नवीन बाईपास सनसाइन हास्पिटल के पास रहने वाले रामसेवक वर्मा ने फेसबुक पर भगवान शिव को लेकर अनर्गल टिप्पणी की है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। अशोक चौराहे पर हुए धरने में डॉ. पियूश शुक्ला, मनोज मिश्र, राजेश शुक्ल, डॉ आदर्श दीक्षित, अरुण अवस्थी, विवेक अवस्थी एडवोकेट, सुभाष मिश्र, कृष्णगोपाल त्रिवेदी फौजी आदि मौजूद रहे।

### गिरफ्तारी न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली का घेराव करते समय तमाम लोगों ने घटना पर कड़ा रोष जाहिर किया। प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह से बातचीत करते हुए कहा कि यदि पुलिस सनातन धर्म को ठेस पहुंचाने वाली की 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी नहीं करती है। तो वह लोग हिंदू संगठनों के साथ सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करेंगे। हालांकि प्रभारी निरीक्षक ने उन्हें शीघ्र गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया।

# केजीएमयू में विचाराधीन बंदी की बीमारी से मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज में भर्ती लखीमपुर खीरी जिले के एक विचाराधीन बंदी की बुधवार को मौत हो गई। उसे जिला अस्पताल से रेफर करने पर दो दिन पहले लखनऊ में भर्ती कराया गया था। बंदी की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जेलर हरिवंश कुमार पांडेय ने बताया कि थाना फरधान क्षेत्र के गांव बरखेरवा निवासी सरोज पुत्र जगदीश प्रसाद 16 फरवरी 2020 से जिला कारागार में निरुद्ध था। उसे उल्टी-दस्त आदि की शिकायत होने पर तीन दिन तक जेल अस्पताल में उपचार किया गया, लेकिन उसकी हालत बिगड़ती चली गई। 22 जुलाई को जेल के डॉक्टर ने बंदी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर शाम को जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर किया। बंदी को केजीएमयू में भर्ती कराया गया था, जहां उसका उपचार चल रहा था। बुधवार को बंदी की मौत हो गई। जेलर ने बताया कि डॉक्टरों के मुताबिक बंदी लीवर और किडनी की बीमारी से ग्रसित था। जेल प्रशासन ने उसके परिवार वालों को सुचना दी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया।

# दो महीने से वेतन नहीं, परेशान महिला ने लगाई फांसी

## महिला की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती, नगर पंचायत में मृतक आश्रित कोटे से कर रही है नौकरी

संवाददाता, खीरी टाउन

**अमृत विचार:** नगर पंचायत में चतुर्थ श्रेणी पद पर तैनात एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। वह दो महीने से वेतन न मिलने से आर्थिक रूप से काफी परेशान थी। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि ईओ का कहना है कि दो दिन पहले ही महिला के खाते में वेतन भेजा गया था।

नगर के मोहल्ला कटरा निवासी किताबुन मृतक आश्रित कोटे से अपने पति कामरु की जगह पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नौकरी कर रही है। उसकी ड्यूटी नगर की दरगाह में लगाई गई है। मंगलवार की रात आर्थिक तंगी से परेशान होकर दुपट्टे का फंदा अपने गले में कस लिया और कमरे में लगे कुंडे से लटक कर आत्महत्या की कोशिश की। इसी बीच उसकी सात वर्षीय बच्ची की नजर पड़ी तो वह रोते हुए पड़ोसी के घर गई और मां के फंदे पर लटकने की बात बताई। इस पर पड़ोसी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और दुपट्टा काटकर उसे नीचे उतारा और यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस हालत गंभीर देख महिला को जिला अस्पताल ले गई। जहा उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। महिला की हालत अब ठीक बताई जाती है। बताते हैं कि महिला को दो महीने से वेतन नहीं दिया गया। वह नगर पंचायत में अफसरों के सामने रोती-गिड़गिड़ाती रही, लेकिन किसी ने उसकी नहीं सुनी। वेतन न मिलने से पाई-पाई को मोहताज होने पर महिला ने आत्मघाती कदम उठा लिया। ईओ विनीत कुमार ने बताया कि कर्मचारियों को वेतन दे दिया गया था।

### पेड़ से फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**संवाददाता, खीरी टाउन। अमृत विचार :** खीरी थाना क्षेत्र के सहजनी गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव बुधवार को गांव के बाहर एक पेड़ से लटका बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बुधवार को गांव सहजनी के लोग खेतों की तरफ गए थे। इस दौरान उनकी नजर एक पेड़ से लटक रहे गांव के ही बल्लू सिंह (45) के शव पर पड़ी। सूचना पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की वजह घरेलू कलह सामने आई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### मारपीट, लूटपाट मामले में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** दो महीने पहले पिटाई कर युवक से लूटपाट करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला कटहली बाग हाथीपुर निवासी मोहित शुक्ला ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि 14 मई 2024 को वह तिकुनियां बस अड्डे के निकट शाम करीब 08 :00 बजे खड़ा था। तभी राजा निवासी मथुरा प्रसाद कालोनी, रजी हसन निवासी शिवालापुरवा व बृजेन्द्र सिंह निवासी हाथीपुर उत्तरी आये और आदतन 5000 रुपये मांगने लगे। जब उसने मना किया तो तीनों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। अगले दिन शाम करीब 8 :30 बजे वह अपने घर जा रहा था। रजी हसन ने उसकी शर्ट की जेब में रखे 5800 रुपये निकाल लिए और जान माल की धमकी देते हुए भाग गये। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लेखपाल के खिलाफ धरने पर बैठे अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


तहसील सदर में लेखपालों से बातचीत करते तहसीलदार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सदर तहसील में अधिवक्ताओं को लेकर आपत्तिजनक शब्द कहने पर विवाद हो गया। पहले तो अधिवक्ता और महिला लेखपाल के बीच जमकर कहासुनी हुई। उसके बाद गुस्साए अधिवक्ताओं ने लेखपाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम सदर के कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया और वहीं धरने पर बैठ गए।

बुधवार को एक अधिवक्ता का मुवक्किल सदर तहसील में तैनात महिला लेखपाल अंजनी मिश्रा के पास गया था। आरोप है कि किसी बात को लेकर महिला लेखपाल ने मुवक्किल से उसके अधिवक्ता को दलाल कह दिया। मुवक्किल ने वहां से वापस आकर यह बात अपने अधिवक्ता को बताई। इससे अधिवक्ता नाराज हो गए। बड़ी संख्या में अधिवक्ता दोपहर करीब 12 एसडीएम सदर अवनीश सिंह के कार्यालय पर पहुंचे और महिला लेखपाल के निलंबन की मांग को लेकर प्रदर्शन करन नारेबाजी करने लगे। बाद में अधिवक्ता वहीं पर धरने पर बैठ गए। अधिवक्ताओं ने लेखपाल पर अवैध वसूली करने का भी आरोप लगाया। अधिवक्ताओं का कहना है कि महिला लेखपाल अक्सर अभद्रता करती हैं। उन्होंने एसडीएम सदर को भी आड़े हाथों लिया उन पर भेदभाव करने का आरोप लगाया। अधिवक्ताओं ने तीन दिन के भीतर कार्रवाई न होने पर न्यायिक कार्य से विरत हरकर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

# धरना स्थगित, ऑनलाइन हाजिरी का होगा बहिष्कार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मांगें न माने जाने तक प्रेरणा ऐप का उपयोग न करने का एलान

**अमृत विचार:** शिक्षक संगठनों ने डिजिटलाइजेशन एवं ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में 29 जुलाई को होने वाला प्रदेश स्तरीय धरना एवं महानिदेशक कार्यालय लखनऊ का घेराव का निर्णय स्थगित कर दिया है। मगर, इन दोनों आदेशों का विरोध जारी रखकर प्रेरणा ऐप का उपयोग न करने का निर्णय लिया है।

शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कर्मचारी सन्युक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक विनोद मिश्रा ने बताया कि शासन से गठित नई कमेटी का अंतिम निर्णय आने तक प्रदेश स्तरीय धरना स्थगित हो गया है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक मंडल के साथ 17 जुलाई बैठक हुई थी। महानिदेशक ने ऑन लाइन उपस्थिति सहित अन्य मांगों के सम्बंध में एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें शिक्षक संगठन के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इसलिए 29 जुलाई को प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित है। मगर शिक्षक प्रेरणा ऐप का उपयोग नहीं करेंगे और डिजिटलाइजेशन एवं ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जारी रहेगा। हां, अब शिक्षक काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य नहीं करेंगे।

# राशन किट लेने आए बाढ़ पीड़ितों ने किया हंगामा

संवाददाता, भीरा

- सुबह 11 बजे तक जिम्मेदारों के न आने से भड़के बाढ़ पीड़ित

**अमृत विचार:** बाढ़ राहत केंद्र जिला पंचायत इंटर कॉलेज में राहत सामग्री लेने आए बाढ़ पीड़ितों का धैर्य उस समय जवाब दे गया, जब तपती धूप में पांच घंटे बीतने के बाद भी कोई जिम्मेदार केंद्र पर नहीं पहुंचा। इससे नाराज सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कानूनगों ने बमुश्किल लोगों को समझा बुझाकर शांत कराकर वितरण शुरू कराया।


बाढ़ राहत केंद्र पर प्रदर्शन करते पीड़ित। अमृत विचार

शारदा नदी के कटान प्रभावित गांव ढकिया कला, ढकिया खुर्द और पलिया पुरवा के बाढ़ पीड़ितों को तहसील पलिया के लेखपाल ने बाढ़ राहत किट वितरण जिला पंचायत इंटर कॉलेज में बुधवार को होने की जानकारी दी थी1 जिस पर सुबह से ही ग्रामीणों का बाढ़ चौकी पर आना शुरू हो गया। सुबह 11 बजे तक हजारों की संख्या में भीड़ मा हो गई, लेकिन किसी जिम्मेदार के न आने और वितरण का कार्य शुरू न होने से लोग तपती धूप में खड़े बिलबिलाते रहे।

महिलाओं और बच्चों के साथ मौजूद लोगों का धैर्य जवाब दे गया। गुस्साए बाढ़ पीड़ितों ने कॉलेज के गेट पर जमकर हंगामा और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इससे राजस्व विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर कानूनगो बृजेंद्र शुक्ला और लेखपाल गोपाल राणा मौके पर पहुंचे। परेशान बाढ़ पीड़ितों को शांत कर 12 बजे से राहत किट वितरण कराया। बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि लेखपाल ने सुबह सात बजे से वितरण होने की जानकारी दी थी। उसी हिसाब से वह लोग बाढ़ राहत केंद्र पर आए थे। वही लेखपाल का कहना है केवल एक ग्राम ढकिया कला के ही बाढ़ पीड़ितों को किट वितरण के लिए बुलाया गया था। तीन गांवों के करीब 1300 महिला-पुरुषों के आने के कारण ही भीड़ इकट्ठी हो गई थी।

## सार-संक्षेप

### खाना खाकर घर जा रहे युवक को पीटा, हालत गंभीर

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** थाना शारदा नगर क्षेत्र में भतीजे के घर से खाना खाकर अपने घर जा रहे एक युवक की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी लाया गया, जहां से हालत अधिक खराब होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। गांव रमनगरी निवासी रामरतन ने बताया कि उसके चाचा राम गुलाम घर से खाना खाकर वापस अपने घर जा रहे थे। रात करीब 10 बजे रास्ते में गांव का ही राकेश मिल गया। राकेश ने उसके चाचा को रोक लिया और गाली गलौज करने लगा। उसके चाचा ने जब गाली देने से मना किया तो आरोपी ने लाठी-डंडों से उनकी जमकर पिटाई कर दी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मार देने की धमकी देकर मौके से भाग निकला। आरोपी की पिटाई से राम गुलाम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिवार वाले उन्हें एँबुलेंस 108 से सीएचसी फूलबेहड़ ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने घयल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश मौर्य ने बताया कि घायल के भतीजे की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### राकिशसं के सत्याग्रह की चेतावनी पर जागे अधिकारी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को ब्लाक कुंभी गोला कार्यालय पहुंचकर बीडीओ हनुमान प्रसाद मिश्र को घेरा और चकरोड पटाई न होने, खड़ंजा न लगने पर सत्याग्रह की चेतावनी दी। तहसील गोला के ग्राम मूडा जवाहर से बघमरा तक चकरोड खराब होने की शिकायत कर संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन देकर चकरोड पटवाकर खड़ंजा लगवाने की मांग की थी, किंतु ब्लॉक के अधिकारियों ने इसे संज्ञान नहीं लिया। बुधवार को संगठन के पदाधिकारियों ने बीडीओ कार्यालय पहुंचकर सत्याग्रह की चेतावनी दी। बीडीओ हनुमान प्रसाद मिश्र ने चकरोड पटाई और खड़ंजा लगवाने के लिये कार्य योजना में डालने का मनरेगा सचिव राजीव श्रीवास्तव को निर्देश देकर आश्वासन दिया कि बरसात खत्म होने के बाद काम शुरू हो जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, शिवदयाल वर्मा, संतोष सिंह भदौरिया, राजीव वर्मा, कमर खान, शशांक वर्मा, अनिल कुमार, जयसिंह यादव, प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

**संवाददाता, मोहम्मदी। अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर दीना की महिलाओं ने बुधवार को ब्लॉक पहुंचकर ग्राम प्रधान पर मनमानी करने का आरोप लगाते प्रदर्शन कर जलनिकासी के लिए नाली निर्माण कराने की मांग की है। महिलाओं ने बताया कि कुछ दिन पहले दो दर्जन से अधिक घरों के लिए रास्ता बनाया गया था। मगर, पानी निकास के लिए नाली निर्माण नहीं कराया गया। इससे घरों के गंदे पानी से लेकर बारिश का पानी रास्ते पर ही भरा रहता है। ऐसे में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे तक गंदे पानी से गुजरने के लिए मजबूर हैं। वहीं स्कूली बच्चे तक कीचड़ से होकर स्कूल जाते हैं। गांव की विद्यावती, राजरानी, घुरई लाल, रामसेवक, मेवाराम, रविंद्र, जसवंत, राजू, राजकिशोर सहित तमाम ग्रामीणों ने प्रधान पर चुनावी रंजिश के तहत नाली निर्माण नहीं करवा रहा है। जबकि प्रधान के घर में लगा समरसेबल का पानी भी रास्ते पर भरता है। महिलाओं ने बुधवार को ब्लॉक पहुंचकर ज्ञापन देकर समस्या का समाधान तीन दिन में न होने पर अनिश्चित कालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। वहीं ग्राम प्रधान गणपति का कहना है गांव वालों ने तालाब पाट रखा है, जिससे पानी निकास के लिए कोई रास्ता नहीं है। इसीलिए जल भराव की समस्या बनी है।

### आरोपियों ने घर में घुस की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** रास्ते पर साइड मांगने को लेकर कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के गांव खैरटिया में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इससे गुस्साए एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर पर धावा बोल दिया और युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। उसे मरणासन्न हालत में छोड़कर आरोपी भाग निकले। कोतवाली तिकुनियां पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। गांव खैरटिया निवासी अुसूचित जाति के रामजीवन ने बताया कि रात करीब 8 बजे पड़ोस के ही रहने वाले रसन सिंह से उसका सड़क पार निकलते समय साइड लेने को लेकर विवाद हो गया था। राहगीरों ने मामला शांत कराकर दोनों पक्षों को अपने-अपने घर भेज दिया। वह अपने घर आकर खाना खा रहा था कि इसी बीच रसन सिंह ने अपने भाई जोधा सिंह, केवल सिंह और ध्यान सिंह के साथ उसके घर पर धावा बोल दिया। उसे पीटकर अधमरा कर दिया और मरणासन्न हालत मे छोड़कर भाग गए। जाते समय पूरे परिवार को जान से मारकर गायब करवा देने की धमकी भी दे गए। प्रभारी निरीक्षक तिकुनियां मनो कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस जांच कर कार्रवाई कर रही है।

### ग्रामीणों ने चोर समझकर पीटा, निकला रिश्तेदार

**संवाददाता, फरधान। अमृत विचार :** थाना फरधान क्षेत्र के गांव सिकटिहा मजरा धौरहरा खुर्द में मंगलवार की देर रात ग्रामीणों ने मकान के पास बने बग्गर से एक युवक को दबोच लिया। चोर समझ कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। मौके पर जो भी आया। उसने भी उसको पीटा। यहां तक कि पेड़ में बांधकर भी युवक को पीटा गया। इससे वह घायल हो गया। चोर समझ कर पिटाई का कारण यह रहा कि इससे पहले लगातार कई चोरियां गांव में हो चुकी है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

# आकाश अध्यक्ष, राहुल महामंत्री बने

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष नानकचंद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई, जिसमें नगर कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। आकाश सैनी को नगर अध्यक्ष और राहुल राठौर को महामंत्री चुना गया है।


मोहम्मदी व्यापार मंडल की कार्यकारिणी के साथ जिलाध्यक्ष।

- मोहम्मदी व्यापार मंडल का हुआ पुनर्गठन

मोहम्मदी विधानसभा अध्यक्ष संदीप गुप्ता के प्रतिस्थान पर आयोजित बैठक में व्यापारियों की समस्याओं सहित अनेक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से नगर इकाई का पुनर्गठन कर आकाश सैनी को नगरध्यक्ष, राहुल राठौर को महामंत्री,सैफ आलम को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मौजूद सभी व्यापारियों ने नव गठित कार्यकारिणी को माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष नानकचंद वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल सदैव व्यपारियो के साथ कंधे से कंधे मिलाए खड़ा रहा है और हमेशा खड़ा रहेगा। अतुल रस्तोगी ने कहा कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने हमेशा व्यापारियों के हित मे आवाज उठाई है। बैठक में युवा जिलाध्यक्ष सुभाष वर्मा, सुरेश वर्मा, डॉ रमा गुप्ता, आलोक राठौर, पूर्व महामंत्री आशाराम राठौर, राजू राठौर, दीपेंद्र सैनी, अमित शर्मा, राहुल सैनी, हर्षित गुप्ता, सुमित शर्मा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# राज्यसभा सांसद का जीएम को पत्र, लखनऊ से बरेली तक चले ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- लखनऊ-चेन्नई एक्सप्रेस का मैलानी के रास्ते बरेली तक हो संचालन
- हॉल्ट बनाए गए मीटरगेज के स्टेशनों को पुनः बनाया जाए क्रासिंग स्टेशन

**अमृत विचार:** बसपा से राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने जिलेवासियों को सस्ते और सुहाने सफर के लिए रेलवे जीएम सौम्या माथुर को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने लखनऊ से सीतापुर, मैलानी व पीलीभीत होकर बरेली तक ट्रेन चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अमानपरिवर्तन को कई साल हो गए, लेकिन अभी तक जिलेवासियों को ऐशबाग से पीलीभीत और बरेली तक ट्रेन की सुविधा नहीं मिली है। हालांकि बीच में तीन समर स्पेशल ट्रेनें चली भी, लेकिन वह भी बंद हो गईं।

राज्यसभा सांसद ने मीटरगेज की सेंचुरी, काठगोदाम एक्सप्रेस की तरह ब्राडगेज ट्रेन चलाने, मौजूदा समय पर चलने वाली ट्रेनों का संचालन लखनऊ एवं ऐशबाग से पीलीभीत और बरेली तक करने की मांग की है। साथ ही लखनऊ से सीतापुर तक चल रही एलटीटी सुपर फास्ट का विस्तार मैलानी व पीलीभीत तक करने, लखनऊ से मैलानी और पीलीभीत के रास्ते नई दिल्ली तक ट्रेन चलाने, लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस का विस्तार पीलीभीत, बरेली तक करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि लखनऊ चेन्नई एक्सप्रेस लखनऊ में करीब 20 घंटें खड़ी रहती है। इतने समय में वह बरेली तक संचालित हो सकती है। साथ ही आमान परिवर्तन के समय इटौंजा, बरई जलालपुर, झारेखापुर, ओयल, खीरी टाउन, देवकली, राजागंज को हाल्ट से पुनः क्रासिंग स्टेशन बनाया, मैलानी जंक्शन पर ब्राडगेज की तीन लाइन हैं, इनकी संख्या छह की जाए।

# भीड़ वाले एरिया में पार्किंग बनवाएं ईओ : डीएम

## जिला सड़क सुरक्षा समिति : ट्रांसपोर्टरों को चालक परिचालकों का नेत्र परीक्षण कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के साथ जेब्रा क्रॉसिंग का रंग जहां पर हल्का हो गया है, वहां पर पुनः पेंट कराएं।


सड़क हादसों में कमी लाने के लिए बैठक में निर्देश देती जिलाधिकारी। अमृत विचार

कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को हुई बैठक में डीएम ने परिवहन विभाग एवं ट्रांसपोर्टर चालक, परिचालकों का शिविर लगवाकर नेत्र परीक्षण कराने और ईओ को भीड़ भाड़ वाले एरिया में जमीन चिन्हित कर पार्किंग बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही चीनी मिल के वाहनों पर रिफ्लेक्टर के अलावा लाल कपड़ा अनिवार्य रूप से लगवाने के लिए कहा। डीएम ने बीएसए और डीआईओएस को विद्यालयों के वाहनों का शत प्रतिशत फिटनेस कराने के लिए कहा। पीडब्लयूडी आदि के अधिकारियों को घुमावदार स्थान एवं ब्लाइंड स्पॉट से सौ मीटर पहले साइनेज लगाकर लिंक एवं मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतांक और मानक अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए कहा। सड़कों की मरम्मत एवं गड्डामुक्ति करने, वर्षाऋतु में पुल, पलिया, रपटा आदि तटबंध की सड़कों की सुरक्षा करने, शहर के चौराहे व तिराहों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण हटवाने के लिए कहा। अधिशासी अभियंता निर्माण खंड तृतीय (पीडब्लूडी) अनिल कुमार यादव ने बताया कि जिले में इस साल मात्र 17 ब्लैक स्पॉट चिन्हित है, जिनका स्वामित्व निर्धारण किया जा चुका है। जिस पर सुधारात्मक कार्य भी जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान अधिकारी एवं ट्रांसपोर्टर मौजूद रहे।

# बिजली आपूर्ति से लोगों में आक्रोश, लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर की बिजली आपूर्ति बेपटरी है। न तो विभागीय अधिकारी इस पर ध्यान दे रहे हैं और न ही जिला प्रशासन। यही वजह है कि उमस भरी गर्मी से बेहाल उपभोक्ता सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हैं। मंगलवार रात कई घंटे तक बिजली न आने से नाराज उपभोक्ताओं ने नगर पालिका रोड जाम कर दी। हालांकि इससे हरकत में आए विभागीय जिम्मेदारों ने सप्लाई दुरूस्त कराई, तब जाकर लोग घर गए।

हीरालाल धर्मशाला से रोडवेज जाने वाले मार्ग पर नगर पालिका से कुछ दूरी पर रखा ट्रांसफार्मर जल गया। इससे करीब 300 घरों की बिजली गुल गई। कई घंटे बीत जाने के बाद बिजली विभाग की ओर से मोबाइल ट्रांसफार्मर रखवाया गया, लेकिन कुछ देर सप्लाई देने के बाद वह भी मंगलवार रात तेज लपटों के साथ जल उठा। इससे एक बार फिर करीब 300 घरों की आपूर्ति बंद हो गई। मंगलवार रात 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल न होने से आक्रोशित मोहल्ले के लोग सड़कों पर आ गए। विद्युत वितरण खंड प्रथम के एक्सईएन शैलेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने से आपूर्ति प्रभावित हुई थी। दूसरा ट्रांसफार्मर लगवाकर बिजली सप्लाई बहाल करा दी गई।

## एक नजर

### जेवर चोरी के आरोप में महिला से मारपीट

मल्लावां, हरदोई। जेवर चोरी करने का आरोप लगाकर महिला के साथ मारपीट करने वाले पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोकइया पुरवा मजरा शाहपुर पवार निवासी गंगा श्री ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि पति से अनबन के चलते बहनोई कमलेश निवासी साधौपुरवा के घर आई थी। रात 9 बजे बहनोई कमलेश, उनके लड़के चमन, भाई ओमप्रकाश, रमेश व आशुतोष ने जेवर चोरी का आरोप लगाते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दबंगों ने गाली गलौज कर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

मल्लावां, हरदोई। ब्रम्हदेव स्थान पर लेटे व्यक्ति को एक व्यक्ति ने मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेरिया भवानीपुर निवासी राजू ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि बुधवार को तबियत खराब होने के चलते गांव में ही देव स्थान पर लेटा था तभी गांव का ही भोले उर्फ संतोष आया और गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल अनिल सैनी ने बताया कि आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

### घर के सामने मौरंग पड़े होने पर मारपीट, तीन पर रिपोर्ट

मल्लावां, हरदोई। सड़क पर पड़ी मौरंग को हटाने को कहने से नाराज लोगों ने मरपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोसवा निवासी मिजन देवी ने तहरीर में बताया कि घर के सामने पंकज ने डस्ट डाल रखी है। पंकज से डस्ट को हटाने को कहा जिससे वह नाराज हो गए और पंकज, उसकी बहन प्रीति व मां रोशनी गाली गलौज कर मारने पीटने लगी। पति सर्वेश व पुत्री को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# पूर्व ग्राम प्रधान सहित तीन गिरफ्तार

## किशोरी का जबरन गर्भपात और शव दफन कराने के मामले में कार्रवाई

संवाददाता, हरदोई

साण्डी पुलिस ने गर्भपात के बाद किशोरी की मौत और फिर जेसीबी से गड्ढा खोद कर शव को पुलिस को सूचित किए बिना दफन कराने के मामले में पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य व पूर्व ग्राम प्रधान समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि किशोरी को प्रेम जाल में फंसाकर उसे हवस का शिकार बनाने वाले युवक की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

बताते चलें कि साण्डी थाने के सुगवां गांव निवासी किशोरी को वहीं के दबंग युवक ने झांसे में लेते हुए उससे प्रेम का ढोंग किया। उसके बाद उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। किशोरी गर्भवती हो गई तो आरोपी ने उसका गर्भपात कराने का ताना-बुना और प्रधान से सांठगांठ कर निजी हास्पिटल में गर्भपात करा दिया। गर्भपात के बाद किशोरी की तबियत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। किशोरी के भाई का आरोप है कि आरोपियों ने अपना बचाव करते हुए गांव के बाहर जेसीबी से गड्ढा खोदवाया और किशोरी का शव दफन कर उसके ऊपर से आग जला दी। इस तरह हुई बहन की मौत पर उसके भाई ने पुलिस को तहरीर दी। जिस पर एक्शन में साण्डी पुलिस ने गड्ढे में दफन किए गए शव को बाहर निकाला और किशोरी के भाई की तहरीर पर विजय सिंह के अलावा सुगवां निवासी पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य बलराम पाल, अमित और उसी थाने के तेरिया निवासी तार बाबू के खिलाफ केस दर्ज कर पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य बलराम पाल, अमित व तार बाबू को गिरफ्तार कर लिया, जबकि विजय सिंह की तलाश की जा रही है। साण्डी पुलिस ने आरोपियों पर पॉक्सो व एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बुधवार को किशोरी के शव का पोस्टमार्टम कराया। डाक्टरों की टीम ने वीडियो ग्राफी के बीच पोस्टमार्टम करते हुए उसका यूट्रस और ब्लड का सैंपलिंग की, जिसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा।



### हे दुःख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार...

हरदोई, अमृत विचार। 62वां मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी के कई मंदिरों में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ व रामजी के भजन का आयोजन किया। श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री बैजनाथ धाम मंदिर सरायथोक, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज में हनुमान चालीसा के साथ संकीर्तन का आयोजन किया गया। मल्लावां के ग्राम काईमऊ में युवा प्रभारी सुमित तिवारी के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ।

# तेज बारिश ने उमस से दिलाई राहत

संवाददाता, हरदोई


बारिश में भीगते हुए जाते बाइक सवार लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले में हो रही भीषण गर्मी के बाद मानसून का असर तेजी से दिखाई पड़ रहा है। बुधवार को उमस के बीच झमाझम बारिश हुई। बारिश से मौसम को खुशनुमा कर दिया। बुधवार को 14 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

बुधवार को भी मानसून की झमाझम बारिश हुई। बारिश के चलते जनजीवन भी प्रभावित रहा। मानसून की बारिश जहां बढ़िया हो रही है, वहीं जलभराव से लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जलभराव को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। बुधवार की सुबह से ही आसमान में घने बादल छा गए। देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई। दोपहर बाद तक तेज बारिश होती रही। बारिश लगभग पूरे जिले में हुई। बारिश होने से नगर के बड़ा चौराहा, मुन्ने मियां चौराहा, छोटा चौराहा, सदर बाजार, कलेक्ट्रेट सहित अधिकांश स्थानों पर पानी भर गया है। बरसात के चलते सुबह विद्यालय जाने वाले बच्चों वह स्टाफ को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही शुरू हुई बारिश ने लोगों को अपने घरों में कैद कर दिया। बारिश की वजह से अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे । पुलिस लाइन पार्क में भी जलभराव हो गया। पूरे जिले के अधिकांश भागों में वर्षा होती रही। बारिश में मोहल्ला राधानगर, प्रेम नगर, आजाद नगर, विभूति नगर, कन्हईपुरवा, कृष्ण नगरिया सहित तमाम मोहल्ले फिर एक बार जलमग्न हो गए। जलभराव से तमाम लोगों को दिक्कतें हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार बेखबर हैं।


बुधवार को बारिश के बाद महाराज सिंह पार्क स्थित बाजार में हुआ जलभराव। अमृत विचार

### दो बच्चों की मां प्रेमी के साथ फरार, पति परेशान

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरायं कमालुद्दीनपुर में दो बच्चों की मां बच्चों को साथ लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। पीड़ित ने पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरायं कमालुद्दीन पुर निवासी रंजीत गौतम ने बताया कि शाहजहांपुर जनपद के कांट थाना क्षेत्र का पप्पू उसकी पत्नी प्रमिला देवी को अपने साथ बहलाकर भगा ले गया। उसकी पत्नी अपने साथ 5 वर्षीय पुत्र और ढाई वर्षीय पुत्री को भी ले गई है। साथ ही घर में रखा जेवर और 15 हजार रुपये ले गई है। उसकी पत्नी गुड्डू के साथ हरिद्वार में रह रही है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवाहिता की बरामदगी की जाएगी।

# फीस बढ़ोतरी के विरोध में किया प्रदर्शन

संवाददाता, कछौना, हरदोई


फीस बढ़ोतरी के विरोध में स्कूल के गेट पर प्रदर्शन करते हुए छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका की मनमानी के खिलाफ छात्र-छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी इस विरोध प्रदर्शन में भाग लेकर प्रधानाध्यापिका पर मनमानी करने का आरोप लगाया।

बुधवार को प्रधानाध्यापिका की मनमानी के खिलाफ छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। जनता इंटर कॉलेज के छात्र सतीश ने बताया कि बढ़ोतरी होने के बावजूद कोई सुविधा पूर्ण रूप से शिक्षा का संचालक नहीं करा रही है, जिसको लेकर पूर्व में कई बार शिकायत की पर अपनी मनमानी करने में जुटी। छात्रा नेहा ने बताया है कि 500 रुपये फीस की बढ़ोतरी करके 700 रुपये कर दिया है और स्कूल में न ही विज्ञान प्रयोगशाला व अन्य सुविधाएं नहीं दी जा रही है। प्रदर्शन के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री आकाश अवस्थी ने भी प्रधानाध्यापिका पर मनमानी करने का आरोप लगाया। जानकारी पाकर पहुंचे बघौली क्षेत्राधिकारी वीके दुबे व प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव ने छात्र-छात्राओं को समझाकर व न्याय दिलाने का आश्वासन देकर स्कूल का गेट खुलवाया। प्रधानाध्यापिका शिवानी शर्मा से जब फीस की जानकारी मांगी गई तो वह कुछ नहीं बता सकीं। डीआईओएस के प्रतिनिधि के रूप में स्कूल पहुंचे वीरेंद्र कुमार प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल खजोहना को छात्र-छात्राओं ने ज्ञापन दिया है। छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में मिड-डे मील न बनने का भी आरोप ने लगाया है। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका ने कहा कि छात्र संख्या कम होने के कारण इन दिनों मिड्डे मील नहीं बन रहा है।

# मुख्यमंत्री से अवैध ईंट-भट्टा बंद कराने की मांग, सौंपा पत्र

संवाददाता, संडीला, हरदोई

अमृत विचार। क्षेत्रीय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संडीला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर पत्र सौपा है। कहा कि उनकी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 100 से ज्यादा अवैध ईंट भट्टे संचालित हैं। 70 वर्षों से विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का बड़ा अभाव था, उनके प्रयास से पिछले दो वर्षों में बनवाई गई सड़कें ईंट-भट्टों के चलते बदहाल हैं।

बारिश के मौसम में स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है। अवैध भट्टो की अधिकता के कारण किसानो की फसलों को भी नुकसान हो रहा है। पूर्व में जनपद के अधिकारियों को इसके लिए कई बार कहा, परंतु अभी तक किसी भी अवैध ईंट भट्टे के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने संडीला के परिसीमन के संबंध में पत्र सौपा है। कहा कि नगर पालिका संडीला का परिसीमन अत्यंत आवश्यक है। नगर पालिका संडीला के अंतर्गत आने वाले एक धर्म, समाज और व्यापारियों का बुरा हाल है। नगर पालिका अध्यक्ष धार्मिक भेदभाव करते हैं। धर्म समाज बाहुल्य वार्डों में सरकार द्वारा कराया जा रहा विकास कार्य होने नहीं दिया जाता है। लगभग हर साल धर्म समाज से टैक्स के नाम पर अवैध रूप से मनमाना टैक्स भी वसूला जाता है।

## सार-संक्षेप

### ट्रेने से गिरकर मृत युवक की हुई पहचान

हरदोई, अमृत विचार। चलती ट्रेन से गिर कर जिस युवक की मौत हुई थी, दरअसल वह 7 साल पहले ही अपना घर छोड़ चुका था। वह कहां है, उसके घर वालों को कुछ नहीं पता था, लेकिन हादसे में उसकी मौत होने के बाद पता चला कि जो घर छोड़ कर गया था, अब दुनिया ही छोड़ गया। बघौली पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद उसका शव मेरठ से आए उसके घर वालों के सुपुर्द कर दिया। बताते चलें कि मंगलवार की सुबह बघौली पुलिस ने उम्मरपुर और तिलक पुरवा की बीच रेलवे ट्रैक के किनारे युवक का शव बरामद किया था। उसके पास से बरामद हुए पैनकार्ड से उसकी पहचान राकेश पुत्र भगवान दास निवासी मकान नंबर-54 मोहल्ला मारवाड़ी कसेरूखेड़ा मेरठ कैंट के रूप में की गई। राकेश अपने दो भाइयों में बड़ा था, छोटे भाई सनी ने बताया कि करीब 7 साल पहले उसका भाई पत्नी और बेटी को साथ ले कर घर छोड़ कर कहीं चला गया था, उसके बाद से तलाश की जा रही थी। हर तरफ पता लगाया गया, फिर भी उसका कुछ पता नहीं चला। बहन सोनी कुमारी जो कि रामपुर में कांस्टेबिल है, उसने भी तमाम कोशिश कर डाली, लेकिन राकेश या उसकी पत्नी और बेटी का कोई सुराग़ नहीं लगा। सनी का कहना है कि हरदोई की बघौली पुलिस ने उसके भाई के बारे में खबर तो दी, लेकिन उसकी मौत की। बघौली पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद राकेश का शव मेरठ से आए उसके भाई के सुपुर्द कर दिया।

### विधवा से मकान खाली करने का दबाव बना रहे दबंग

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। खत्ता मोहल्ले की रहने वाली विधवा को मकान खाली न करने पर बच्चों का अपहरण करने और विधवा को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। शिकायत के बाद भी कोतवाली पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खत्ता निवासी अंजू मिश्रा पत्नी स्व. मयंक मिश्रा ने बताया कि वह खत्ता मोहल्ले में रहती थी। जिस महान में वह रहती है, उसे उसने चंद्र कुमार से खरीदा था और उसका बैनामा भी कराया गया है। अंजू का कहना है कि बाद में उसी मकान का बैनामा चंद्र कुमार के छोटे भाई गौरव ने मिस्रियापुर गांव के रहने वाले शिवनंदन उर्फ आडीटर अग्निहोत्री के नाम भी कर दिया। अब शिवनंदन लगातार मकान खाली करने की धमकी दे रहा है। अंजू मिश्रा के अनुसार दबंग शिवनंदन अग्निहोत्री मकान खाली करने का दबाव बना रहा है। मकान खाली न करने पर दोनों बच्चों का अपहरण कर हत्या की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है।


निरीक्षण में जानकारी लेते अपर जिला जज भूपेंद्र प्रताप।

### स्टाफ नर्स से दवाइयों के बारे में ली जानकारी

हरदोई, अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान की ओर से बुधवार को अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप ने वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने वन स्टॉप सेन्टर के अभिलेखों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिए। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे व स्टॉफ नर्स से दवाइयों के बारे में जानकारी प्राप्त कर पर्याप्त मात्रा में सेन्टर पर दवाइयां रखने के निर्देश दिये तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी उपस्थित रहे।

### नाइट टूर्नामेंट का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला पठकाना के रामलीला मैदान में आयोजित "पठकाना प्रीमियर लीग नाइट टूर्नामेंट" का उद्घाटन मंगलवार की रात्रि पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू ने किया। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व विधायक बब्बू ने प्रथम मैच का शुभारंभ करते हुए दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर युवा खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए पूर्व विधायक बब्बू ने कहा खेल से आपसी सौहार्द, एकता, भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। वही गर्व होता है जब कोई इन्ही खेलों में सफलता प्राप्त कर बच्चे आगे निकलते है, बुलंदियों को छूते है और सबका नाम रोशन करते है। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध लोगों से बच्चों को मोबाइल की बुरी आदत से बचाकर इन खेलों के प्रति जागरूक करके आगे लाने की बात कही।

### अहले बैत का एहतराम करने वाला ही सच्चा मुसलमान

सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार। अहले बैयत की मोहब्बत के बग़ैर कोई ईमान वाला नहीं हो सकता। यह बात तहरीक परचमें मोहम्मदी के अध्यक्ष फ़रीद उद्दीन ने मोहल्ला अशराफ टोला स्थित ख़ानक़ाहे चिश्तिया साग़रया में आयोजित मजलिस ज़िक्रे शहादते हुसैन के अवसर पर कही। कहा कि अहले बैत का अदब एहतराम करने वाला ही सच्चा मुसलमान है। सज्जादा नशीन मुईज़उद्दीन साग़री चिश्ती ने कहा कि हम ग़म शहादत का नहीं उस वकयाते करबला का मनाते हैं।


पौधरोपण करते पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र। अमृत विचार

### आज पौधे नहीं लगे तो भविष्य में होगी समस्या

हरदोई, अमृत विचार। नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा ने वार्ड नंबर 14 में साफ सफाई लेकर औचक निरीक्षण किया। जिसमें मोहल्लेबाजी की सेवा का समाधान करने के लिए आश्वासन दिया। बरसात के बाद जो भी रुके कार्य है वह तुरंत पूरे कराए जाएंगे और जिन लोगों के घर के सामने गड्ढे है अपने सही किया जाएगा और साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था होगी। जहां भी जलभराव की समस्या होगी उसको सही कराया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वार्ड में कई जगह वृक्षारोपण कराया। कहा कि अगर अभी हमने वृक्ष न लगे तो आगे चलकर हम लोगों को बहुत ही समस्या का सामना करना होगा।

# सांसद ने राज्यपाल को लिखा पत्र

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**नाराजगी**

▸▸ जिला वानिक अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अमृत विचार। लोकसभा मिश्रिख से सांसद अशोक रावत ने सीतापुर जनपद के अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। मिश्रिख सांसद ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पत्र लिखकर अधिकारियों की शिकायत की है।

बता दें कि हाल में ही सीतापुर पहुंचीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे और अधिकारियों को जमकर फटकार भी लगाई। राज्यपाल सीतापुर में हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचीं थीं। कार्यक्रम को लेकर मिश्रिख से लोकसभा सांसद अशोक रावत ने सीतापुर के जिला वानिक अधिकारी को लेकर नाराजगी व्यक्त की है और इसकी शिकायत राज्यपाल से की है। सांसद ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पत्र लिखकर कहा कि लोकसभा मिश्रिख से चौथी बार का सांसद हूं।

जनपद सीतापुर में 20 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण हेतु वन विभाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम एक वृक्ष मां के नाम में आपका आगमन जनपद सीतापुर में हुआ। जिला वानिक अधिकारी द्वारा इस कार्यक्रम की सूचना 19 जुलाई को रात्रि 10 बजे दी गई। जिसमें बताया गया कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सम्मिलित होने आ रही हैं।

अशोक रावत ने पत्र में कहा कि अधिकारियों द्वारा आपके आने की सूचना समय से न देने के कारण स्वागत नहीं कर सके। न ही कार्यक्रम में सहभागिता कर सके।

कहा कि जिला वानिक अधिकारी के द्वारा इस तरह के आचरण व्यवहार से उनको अत्यंत कष्ट हुआ है। राज्यपाल से मांग की है कि इस तरह के असंवेदनशील और अपने दायित्व के प्रति लापरवाह अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो।

# मुरादाबाद यार्ड में ठप हुई सिग्नल प्रणाली, बाधित रहा अप-डाउन ट्रैक

## 4 घंटे से अधिक लेट पहुंची ट्रेनें

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। एक और जहां रेल प्रशासन वंदे भारत, स्लीपर वंदे भारत और बुलेट ट्रेन के सपने देश की जनता को दिखा रही है वहीं पहले से ही पटरी पर दौड़ रही ट्रेन सुचारू रूप से नहीं चल पा रही हैं।

रेल प्रशासन सुरक्षा संरक्षा को लेकर लगातार कार्य करता रहता है। अधिकारी लगातार सुरक्षा संरक्षा को लेकर निरीक्षण भी करते रहते हैं लेकिन करोड़ों का बजट होने के बाद भी इन्हें पूरी तरह से दुरुस्त आज तक नहीं किया जा सका है। एक तो रेल प्रशासन ने ट्रेनों से जनरल कोच कम करके यात्रियों की मुसीबतें पहले से ही बड़ा रखी थी वहीं अब ट्रेनों के निरस्त और लेट लातीफ़ी ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। रोज़ा यार्ड में रीमॉडलिंग कार्य को लेकर हरदोई से होकर जाने वाली दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों के साथ दो जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनें हरदोई रेलवे स्टेशन पर निरस्त चल रही है जिसका दंश यात्री भुगत ही रहे थे कि मंगलवार की रात से लेकर बुधवार की सुबह तक मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के यार्ड में भारी बारिश के चलते हुए जल भराव से सिग्नल प्रणाली पूरी तरह से ठप हो गई। सिग्नल प्रणाली के ठप हो जाने का असर ट्रेनों पर पड़ा। ट्रेनों को जहां की तरह रोक दिया गया। अप और डाउन दिशा से आ रही ट्रेनों को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से पहले रोक दिया गया। ऐसे में डाउन दिशा में आने वाली ट्रेनों के रुक जाने से बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जाने वाले रेल यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा वहीं अप रेल मार्ग में आवश्यक कार्य से दिल्ली जा रहे लोगों को कठिनाइयां उठानी पड़ी।



मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के यार्ड में जल भराव से ठप हुई सिग्नल प्रणाली के चलते एक बार फिर दिल्ली लखनऊ रेल मार्ग अप और डाउन दिशा में पूरी तरह से ठप हो गया। मंगलवार/बुधवार रात करीब 1:25 पर सिग्नल प्रणाली ठप हो गई जिसके चलते मुरादाबाद पहुंचने वाली ट्रेनों को जहां की तहाँ रोक दिया गया। सिग्नल प्रणाली के ठप होने की जानकारी लगते ही रेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन फ़ानन में सिग्नल से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी सिग्नल प्रणाली को दुरुस्त करने में जुट गए जिसके चलते अप और डाउन ट्रैक लगभग 5 घंटे तक बाधित रहा। डाउन ट्रैक के बाधित होने से हरदोई आने वाली लगभग पांच ट्रेन प्रभावित हुई वही कई एसी ट्रेन भी प्रभावित हुई जिनका ठहराव हरदोई में नहीं है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाली 15012 चंडीगढ़ लखनऊ जंक्शन सहारनपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह के 6:56 मिनट से 3 घंटे 47 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंची, डाउन में 12232 चंडीगढ़ से चलकर लखनऊ जाने वाली चंडीगढ़ लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह के 6:26 मिनट से 4 घंटा 33 मिनट मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंची, डाउन में 13308 फिरोजपुर से चलकर धनबाद जाने वाली गंगा सतलुज एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह के 7:40 मिनट से 4 घंटा 19 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पहुँची, डाउन में 13006 अमृतसर से चलकर हावड़ा जाने वाली पंजाब मेल अपने निर्धारित समय सुबह 8:24 मिनट से 4 घंटा 25 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पहुँची, 12470 जम्मू तवी से चलकर कानपुर जाने वाली जम्मू तवी कानपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह 8 बजकर 8 मिनट से 4 घंटा 10 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंची वही अप दिशा में यात्रियों को राहत देने के लिए चलाई गई 05919 न्यू तिनसुकिया भगत की कोठी स्पेशल एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह के 7:37 मिनट से 13 घंटे 10 मिनट की देरी से संचालित हो रही थी। मुरादाबाद यार्ड में जल भराव और सिग्नल प्रणाली ठप होने के चलते अधिकांश ट्रेनों को मुरादाबाद के निकट कटघर पिंताबरपुर के मध्य रोक दिया गया। मुरादाबाद के पास घंटों खड़ी रहने वाली ट्रेनों में लखनऊ मेल, चंडीगढ़ एक्सप्रेस, पद्मावत एक्सप्रेस, जनसाधारण एक्सप्रेस शामिल है। हरदोई रेलवे स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि मुरादाबाद में सिग्नल प्रणाली अत्यधिक जल भराव हो जाने के चलते ठप हो गई थी जिसके चलते अप और डाउन ट्रैक कई घंटे तक बाधित रहा सुबह लगभग 6:00 बजे के आसपास सिग्नल प्रणाली को ठीक कर लिया गया है और यातायात अब सामान्य हो गया है।

## एक नजर

### पत्नी को भगा ले जाने का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला लोथू निवासी युवक ने फर्रुखाबाद निवासी युवक पर पत्नी को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम नगला लोथू निवासी हिमांशु तिवारी ने बताया कि वह अपनी पत्नी मशमती की पायल जुड़वाने के लिए कस्बे में आया था। पत्नी को पायल जुड़वाने की दुकान पर छोड़कर अन्य सामान लेने चला गया। इस बीच राजकुमार उर्फ राहुल कश्यप निवासी कादरी गेट फर्रुखाबाद उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू की गई है।

### फसलों को हुए नुकसान का सर्वे शुरू, मिलेगा मुआवजा

**हरदोई।** जनपद में फसलों को हुए नुकसान के आंकलन हेतु तेजी से चल रहा है। सर्वे हाल में गर्रा नदी में आयी बाढ़ का पानी खेतों से उतरने के बाद फसलों को हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए सर्वे का काम तेजी से जारी है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सर्वे का काम जल्द पूरा कर नियमानुसार किसानों को क्षतिपूर्ति दिलायी जाये। सर्वे के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

### पेड़ काटने पर दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**मल्लावां, हरदोई।** हरा पेड़ काट रहे दो लोगों के विरुद्ध वन दरोगा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराया। क्षेत्रीय वन दरोगा अवनीश कुमार ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि ग्राम माझगांव में मांझगांव देशराज निवासी माझगांव व कल्लू निवासी बांसा दिन में हरा पाकड़ का पेड़ काट रहे हैं। जिस पर पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल अनिल सैनी ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बैठक आज

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि गुरुवार को जिला उद्योग, जिला व्यापार एवं जिला श्रम बन्धु की बैठक तथा पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की बैठक आयोजित की गई है।

# रेलवे अधिकारियों ने बिछड़े बालक को माता-पिता से मिलाया

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेल अधिकारियों के तत्परता में 6 वर्षीय बालक को उनके परिजनों से सकुशल मिला दिया। मामला हरदोई रेल परिक्षेत्र का है। बुधवार सुबह डिब्रूगढ़ से चलकर लालगढ़ जा रही 15909 अवध आसाम एक्सप्रेस जब मलिहाबाद स्टेशन पर रुकी तो एक बालक नीचे उतर गया। सिग्नल होते ही ट्रेन वहां से रवाना हो गई और बालक दोबारा ट्रेन में नहीं चढ़ सका। मलिहाबाद रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रही रेलवे सुरक्षा बल को संदिग्ध अवस्था में बालक नजर आया जिनको उनके द्वारा अपने साथ पोस्ट पर ले जाकर बैठाया और मामले की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर द्वारा बालक के मलिहाबाद रेलवे स्टेशन पर उतर जाने की सूचना सीएमआई मनीष बाजपेई को दी। सीएमआई द्वारा हरदोई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर अलाउंस कराया, साथ ही रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी आरबी सिंह को भी सूचित किया। प्रयास के बाद भी हरदोई रेलवे स्टेशन पर बालक के परिजनों के बारे में जानकारी नहीं हो सकी। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक आरबी सिंह ने शाहजहांपुर बरेली रामपुर रेलवे स्टेशन को इस बाबत जानकारी



परिजनों के साथ बालक मन्नू। अमृत विचार

दी। जिसके बाद रेलवे सुरक्षा परिषद शाहजहांपुर द्वारा अवध आसाम एक्सप्रेस के स्टेशन पर पहुंचते ही अनाउंसमेंट शुरू किया। अनाउंसमेंट सुन बालक के परिजन रेलवे सुरक्षा बल के जवानों के पास पहुंचे और बच्चों के विषय में जानकारी ली। जिस पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बालक के काकोरी रेलवे सुरक्षा बल के पास होने के बाद कहते हुए डाउन दिशा में आ रही 15012 चंडीगढ़ लखनऊ जंक्शन सहारनपुर एक्सप्रेस में परिजनों को बैठा दिया। मामले की गंभीरता को समझते हुए दो मिनट का काकोरी रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया गया, जिसके बाद स्टेशन पर पहुंचे परिजनों को उनका 6 वर्षीय बालक मिल गया। बिहार के बख्तियारपुर का रहने वाले दंपति अपने चार बच्चों के साथ गोरखपुर से दिल्ली जाने के लिए अवध आसाम एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे। ट्रेन के जनरल कोच में अत्यधिक भीड़ होने के चलते पति-पत्नी दोनों दूर हो गए थे जिसकी वजह से 6 वर्षीय मन्नू उनसे अलग हो गया और मलिहाबाद में उतर गया था। बालक के पिता रणजीत शर्मा हरियाणा के पानीपत में मजदूरी करते हैं। अपने परिवार के साथ दिल्ली से पानीपत जाने के लिए अवध आसाम एक्सप्रेस में सवार हुए थे। रंजीत शर्मा ने सीएमआई मनीष बाजपेई, रेलवे सुरक्षा बल प्रभारी हरदोई आरबी सिंह, रेलवे सुरक्षा बल शाहजहांपुर, रेलवे सुरक्षा बल मलिहाबाद एवं काकोरी का आभार व्यक्त किया।

## दो किशोरियों को बहला कर भगाने की रिपोर्ट

**मल्लावां, हरदोई।** दो किशोरियों को भगा ले जाने के आरोप में युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। कोसिया निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 21 जुलाई को उसकी 14 वर्षीय पुत्री अपनी दादी के साथ मल्लावां में राजेंद्र आश्रम पर सत्संग सुनने गई थी। जहां से तेरिया निवासी ज्ञानेंद्र उसको अपने साथ भगा ले गया। वहीं मर्दार नगर निवासी महिला ने बताया कि 17 जुलाई की रात उसकी 15 वर्षीय पुत्री को गांव निवासी श्री कृष्ण भगा ले गया। पुत्री घर मे रखे एक लाख रुपये भी अपने साथ ले गई। कोतवाल अनिल सैनी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर युवतियों की तलाश की जा रही है।

# माह के अंतिम मंगलवार को होगा नागरिक सुविधा दिवस : डीएम

## दैनिक सुविधाओं और समस्याओं का तत्काल हो सकेगा निस्तारण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अब शहरी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए स्थानीय स्तर पर माह के अंतिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने समस्त नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारियों को आयुक्त लखनऊ मण्डल के पत्र की जानकारी देते हुए इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नगर पालिका परिषदों की सीमा में रहने वाले नागरिकों को दैनिक जीवन से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसके लिए आयुक्त लखनऊ मण्डल ने नगर पालिका स्तर पर नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलो का गुणवत्ता पूर्ण, प्रभावी ढ़ग से निराकरण, अनुश्रवण एवं समन्वय के लिए तत्काल व्यवस्था लागू की है। जिलाधिकारी ने सभी नामित नोडल, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि आयुक्त के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। नागरिक सुविधा दिवस की आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी ने बताया कि चक्राक्रम अनुसार नागरिक सुविधा दिवस में जिला मुख्यालय पर 30 जुलाई की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, 27 अगस्त को शाहाबाद में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, 24 सितम्बर को सण्डीला में अध्यक्षता में, 29 अक्टूबर को बिलग्राम में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, 26 नवम्बर को पिहानी में और 31 दिसम्बर को साण्डी में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया जायेगा।

### थानों और सीओ कार्यालय में होगा भूमि व संपत्ति विवाद रजिस्टर, एसपी ने जारी किया आदेश

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी नीरज कुमार जादौन के सामने भूमि और सम्पत्ति विवाद के मामले सबसे ज्यादा आ रहे हैं। एसपी ने इन मामलों को निपटाने के लिए गाइडलाइन जारी की है। भूमि और सम्पत्ति विवाद को निपटाने के लिए अब हर थाने और हर सीओ आफिस में भूमि, सम्पत्ति विवाद निस्तारण रजिस्टर बनाया जाएगा। विवाद की प्रकृति को इसमें दर्ज किया जाएगा। एसपी निरीक्षण कर यह रजिस्टर चेक करेंगे। संयुक्त रूप से थानों में इस रजिस्टर का अवलोकन करेंगे कि भूमि और सम्पत्ति विवाद का निपटारा किस तरह से किया गया। यदि नहीं हुआ तो उसकी वजह क्या है। एसपी के द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया है। थानों और सीओ पेशी में यह रजिस्टर बनाया जाएगा। अफसरों को एसपी ने निर्देश दिया कि ग्राम समाज से संबंधित विवाद को पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मिलकर निस्तारित करेंगे। आबादी व अन्य भूमि संबंधी विवाद में राजस्व अधिकारी और थानाध्यक्ष मिलकर निपटाएंगे। इन सब निपटारो में थानाध्यक्ष खुद मौके पर जाएंगे। 7 दिन के अंदर भूमि और सम्पत्ति विबाद हर हाल में निपटाने के निर्देश जारी किए गए है। सूत्र बताते है कि भूमि विवाद रजिस्टर पहले से ही हर थानों में बने थे लेकिन यह रजिस्टर काफी सालों से धूल फांक रहे थे, लेकिन इस बार नए रजिस्टर बनेंगे और उनमें ब्यौरा भी भरा जाएगा।

## साप्ताहिक बन्दी को सभासदों ने अध्यक्ष व ईओ को दिया पत्र

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में होने वाली सप्ताहिक बन्दी को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी को सभासदों ने पत्र देकर सप्ताहिक बन्दी को प्रभावी रूप से लागू कराने को लेकर मुनादी पिटवाकर कड़ाई से पालन कराने की मांग की। कस्बे में शासन के निर्देश पर शनिवार को होने वाली सप्ताहिक बन्दी के दिन अधिकांश दुकानें खुली रहने से सप्ताहिक बन्दी बेअसर साबित हो रही है। सप्ताहिक बन्दी को कड़ाई से पालन कराने को लेकर सभासद इंतिसार, अंजुम, वकील, हाशमी, माया देवी, विनीत कुमार रिहाना बेगम, पूर्णिमा तिवारी,सगीर अंसारी सहित 22 सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष तबस्सुम व अधिशाषी अधिकारी राजेश राणा को पत्र देकर कड़ाई से पालन कराने के लिए मुनादी पिटवाकर सख्त निर्देश जारी करें ताकि सप्ताहिक बन्दी के दिन दुकानें न खुले।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। पुलिस के अलावा फील्ड यूनिट की टीम जांच कर रही है। बघौली थाने के बघौली चौराहा निवासी 38 वर्षीय मुकेश पुत्र कामता प्रसाद राठौर के बुधवार को फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। अपने तीन भाइयों में मुकेश सबसे छोटा था। उसके एक बेटा और चार बेटियां हैं। सभी की परवरिश उसी के ज़िम्मे थी। घर के इकलौते ज़िम्मेदार की मौत से बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस के साथ फील्ड यूनिट की टीम जांच में जुटी हुई है। युवक ने ऐसा क्यों किया, इस बारे में परिजनों को भी जानकारी नहीं है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, हरदोई

संख्या /200/न0पा0परि0ह0/राज0अनु0–ठेका/2024–25 दिनांक :– 24.07.2024

**नीलाम सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हरदोई के निम्नलिखित ठेकों की नीलामी वर्ष 2024–25 के लिए दिनांक 27.07.2024 को प्रातः 11:00 बजे से पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश नीलामी नही हो पाती है तो दि0 29.07.2024 को तथा इस तिथि पर भी नीलामी न हो पाने पर दि0 31.07.2024 को पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर की जायेगी। इच्छुक/पात्र व्यक्ति उपरोक्त तिथि व समय पर पूर्व निर्धारित शर्तों के अनुसार की जायेगी।

| क्र0सं0 | नाम ठेका | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | ठेका लाउडस्पीकर प्रचार | 2000.00 |
| 2. | ठेका गल्ला मण्डी/चारा मण्डी | 10000.00 |
| 3. | ठेका हड्डी चमड़ा | 10000.00 |
| 4. | ठेका तरणताल स्थित शहीद उद्यान | 25000.00 |
| 5. | ठेका मीट मार्केट/मीट विक्रेता | 25000.00 |
| 6. | ठेका विज्ञापन कर की वसूली | 50000.00 |
| 7. | ठेका पार्किंग स्टैण्ड दीवानी न्यायालय गेट के पास | 10000.00 |
| 8. | ठेका पार्किंग स्टैण्ड जिला अस्पताल गेट के पास | 10000.00 |
| 9. | ठेका पार्किंग स्टैण्ड एस0पी0 कार्यालय के पास | 10000.00 |
| 10. | ठेका दूध खोया मण्डी | 10000.00 |

(विनोद कुमार सोलंकी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हरदोई

(सुखसागर मिश्र 'मधुर')
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद हरदोई


## पुलिसकर्मियों पर लगने वाले आरोपों की इंटरनल ऑडिट सेल करेगी जांच

**हरदोई, अमृत विचार।** अगर पुलिसकर्मियों पर घूसखोरी, अवैध वसूली, भ्रष्टाचार के आरोप लगते है अगर इन आरोपो की लिखापढ़ी में शिकायत होती है तो शिकायत मिलने पर अब उसकी जांच इंटरनल आडिट सेल करेगी। एसपी नीरज कुमार जादौन ने इस सेल का गठन किया है। इस सेल का अध्यक्ष एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह को बनाया है। सीओ क्राइम सतेंद्र सिंह, एलआईयू प्रभारी शिरीष शर्मा और थानाध्यक्ष महिला थाना रामसुखारी को इस सेल का सदस्य बनाया गया है। यह सभी शिकायत की जांच करेंगे और 7 दिन के अंदर एसपी को रिपोर्ट देंगे। उसके बाद एसपी अग्रिम कार्यवाई करेंगे। जिले में आए दिन पुलिसकर्मियों पर घूसखोरी, अवैध वसूली, भ्रष्टाचार के आरोप लगते है। कभी कभी लेनदेन के आडियो और वीडियो वायरल होते है। जिससे पुलिस की छवि खराब होती है, इसलिए एसपी ने ऐसे पुलिसकर्मियों की जांच के लिए इन्टरलन आडिट सेल का गठन किया है। इसके गठन से घूसखोरी और अवैध बसूली पर लगाम लगेगी। कभी कभी तो लोग रंजिशन में पुलिसकर्मियों की जूठी शिकायत कर देते है। अब शिकायत की जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। पुलिसकर्मियों पर फर्जी कार्रवाई भी नहीं हो पाएगी।

## जिले में सैकड़ों स्कूली वाहन मिले अनफिट

**हरदोई, अमृत विचार।** सरकार के आदेश पर स्कूली वाहनों की चेकिंग का विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में 178 स्कूली वाहन जिले में अनफिट पाए गए। बताते चलें सरकार ने स्कूली वाहनों की जांच के आदेश दिए थे जिसके तहत 8 से 22 जुलाई तक एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों में स्कूली वाहनों का परीक्षण किया गया। इस सघन जांच अभियान में 178 स्कूली वाहन अनफिट पाए गए। नौ वाहनों का चालान किया गया। तीन वाहन सीज किए गए। सभी अनफिट वहां वाले विद्यालयों को अति शीघ्र वाहनों की फिटनेस करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार द्वारा कराई गई इस कार्रवाई से अनफिट स्कूली वाहन चलाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है, वही अभी भी जिले में तमाम ऐसे स्कूली वाहन चल रहे हैं। जो स्कूली वाहन के रूप में दर्ज ही नहीं है। कई विद्यालय वाले मैजिक, वैन व अन्य छोटी गाड़ियां लगाए हुए हैं। जो स्कूली वाहन के रूप में दर्ज नहीं है खास बात यह है कि इन स्कूली वाहनों में अवैध तरीके से गैस किट भी लगाई गई हैं। अभियान के दौरान जिले में ऐसे किसी वाहन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## बहन ने भाई व उसके दोस्त पर लगाया चोरी का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला महमंद निवासी विवाहिता ने भाई और उसके दोस्त पर सोने का हार चोरी कर लेने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला महमंद निवासी अनम पुत्री नौशाद ने बताया कि उसकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हूंसेपुर करमाया में ससुराल है। उसकी मां की तबियत खराब थी तो वह उन्हें देखने मोहल्ला महमंद आई थी। उसकी बैग में एक जोड़ी पायल और सोने का हार रखा हुआ था। 22 जुलाई को उसने बैग पैसे निकालने के लिए खोला तो सोने का हार गायब था। पीड़िता ने बताया कि भाई राजू और उसका दोस्त नौशाद के अलावा उसके कमरे में कोई नहीं आता है। उक्त दोनों ने ही उसके बैग से हार चोरी किया है।


अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मोहनलाल और उसकी पत्नी राजकुमारी के क्रूरता पूर्ण कृत्यो से क्षुब्ध होकर मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उससे मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। अपने किए गए कार्यो के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं/ **रामविलास पुत्र पूर्वी दीन नि0 ग्राम महाखेड़ा पोस्ट महारानीगंज थाना खीरों जिला रायबरेली**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 2020 अनु0 1198686 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है। **–शालिनी पुत्री धनीराम, निवासी– ग्रा0 शोभन का पुरवा मजरे हरीपुर पो0 दौलतपुर, जि0– रायबरेली, मो0–** 7525063420

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2024 अनुक्रमांक 2249573450 का प्रमाणपत्र – सह – अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **सुनील कुंदेर पुत्र सुरेश चंद्र कुंदेर, पता – सरायभूपति, कटरा गुलाब सिंह,प्रतापगढ़,(उ. प्र.)।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम आशा एवं जन्मतिथि 01–01–1998 दर्ज है जो गलत है। मेरे शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सोनू देवी है और जन्मतिथि 05–07–1998 है अतः जो सही है। आधार कार्ड में संशोधन की आवश्यकता है। **–सोनू देवी पत्नी कन्हैयालाल निवासी ग्राम कल्यानपुर, पिपरा बाजार जिला व तहसील गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो, कि मैं Shakil Ahmad पुत्र Ishtiyaque Ahmad ,निवासीः– Vill-Arjanipur, Post Patranga, Ayodhya का हूँ, मैंने अपना नाम Shakil Ahmad Ishtiyaq Ahmad से बदलकर Shakil Ahmad कर लिया हैं, आज से मुझे Shakil Ahmad के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SALAUDDIN था अब मैंने बदलकर अपना नाम SALAUDDIN ANSARI रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा. W/O MOHAMMAD MUNTSIR, VILL- AND POST SUNDHIYAMAU, RAM NAGAR, BARA BANKI, Uttar Pradesh - 225305

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शिफा पुत्री शरीफ पत्नी खुर्शीद आलम निवासी– समशेर नगर शहर व तहसील व कोतवाली व जिला लखीमपुर–खीरी, हाल पता ग्राम व पोस्ट कुकरा, थाना मैलानी, तहसील गोला, जिला लखीमपुर खीरी** हूं। मेरे शैक्षिक व अन्य दस्तावेजों और वास्तविकता के आधार पर मैं बालिग हूं तथा अपने सारे फैसले लेने में सक्षम हूँ। मैंने होशो हवास में अपनी मर्जी से बिना किसी जोर दबाव के खुर्शीद आलम पुत्र वाजिद अली निवासी ग्राम व पोस्ट व परगना कुकरा थाना मैलानी, तहसील गोला, जिला लखीमपुर–खीरी के साथ इस्लामी रीति रिवाज के मुताबिक बिना दान दहेज के दिनांक 22.07.2024 को निकाह कर लिया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मेसर्स लकी ट्रेडर्स, विवेक नगर, सुलतानपुर उ0प्र0 कि साझीदार से अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व0 राम कुमार सिंह, निवासी– विवेक नगर, सुलतानपुर पृथक हो गये है। इनका फर्म से कोई लेना देना, सरोकार व बकाया नहीं है। फर्म में नए साझीदार श्रीमती सुधा सिंह पुत्री स्व0 राम कुमार सिंह, निवासी– विवेक नगर सुल्तानपुर को शामिल किया गया है। वर्तमान में राम बहादुर सिंह, सौरभ सिंह एवं श्रीमती सुधा सिंह फर्म मेसर्स लकी ट्रेडर्स में साझीदार हैं। **साझीदार–राम बहादुर सिंह**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **शंकर दयाल उर्फ मुन्ना सोनी पुत्र स्व0 राम सनेही, नि0 छीबों तहसील राजापुर, जिला चित्रकूट,** मेरा नाम सरकारी अभिलेखों में शंकर दयाल सोनी दर्ज तथा मेरा आधार कार्ड नं0 820410745089 है लेकिन मेरा पुकारू नाम मुन्ना भी है तथा मेरी जन्मतिथि 8.09.1970 है। मेरा सही नाम शंकर दयाल सोनी उर्फ मुन्ना पुत्र स्व0 रामसनेही है। इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है।



क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

VACHAK वाचक आयुर्वेद ®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

# थाना प्रभारी समेत 27 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

## कप्तान के आदेश की अवहेलना करना पुलिसकर्मियों को पड़ा भारी, आदेश में कार्रवाई की वजह का जिक्र नहीं

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** जिले की पुलिस अपने कारनामों को लेकर फिर सुर्खियों में है। एसपी ने बुधवार सुबह कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष कमलापुर सहित तीन चौकी इंचार्ज व एसआई सहित 27 मुख्य आरक्षी/आरक्षी को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस कार्यालय से जारी लाइन हाजिर के आदेश में कार्रवाई के पीछे की वजह का जिक्र नहीं किया गया है, हालांकि सूत्र बताते हैं कि स्वाट टीम द्वारा बड़ी मात्रा में नशे की खेप बरामद करने के बाद कमलापुर थाने में वाहन, नशे की खेप और संदिग्ध व्यक्ति को दाखिल (मुकदमा) करने का दबाव बनाया गया।

थानाध्यक्ष द्वारा इस कार्रवाई से इंकार करने पर एसपी ने थानाध्यक्ष समेत 27 पुलिसकर्मियों को लाइन का रास्ता दिखाया। एसपी की इस



चक्रेश मिश्र, पुलिस अधीक्षक

कार्यवाई से महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा की इस कार्रवाई के बाद पीआरओ रहे प्रदीप सिंह को कमलापुर को नया थानाध्यक्ष बनाया गया है।

सूत्र बताते हैं कि स्वाट टीम द्वारा बरामद खेप और वाहन चालक अभी पुलिस के कब्जे में है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसे दाखिल नहीं किया जा सका है। पुलिसकर्मियों पर हुई इस कार्रवाई के पीछे की वजह नशे की खेप बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार की रात जिले की सीमा के बाहर एक लग्जरी वाहन में नशे की खेप (अफीम और गांजा) करीब 60 से 70 किलो बरामद किया था। स्वाट टीम द्वारा पकड़े गये वाहन और व्यक्ति को तत्काल दाखिल न करते हुए पूछताछ करने के बाद मंगलवार की देर रात वाहन को लेकर हाईवे पर जा रही थी। बताया जाता है कि इस दौरान वाहन में जीपीएस लगा होने की वजह से वाहन स्वामी ने इनोवा कार को खैराबाद थाना क्षेत्र में ग्राम असोड़र के समीप बीच रास्ते में ही लॉक कर दिया। सूत्र बताते हैं कि कार बंद होने के दौरान खैराबाद थाने की सेकेंड मोबाइल टीम गस्त कर रही थी। टीम ने मदद के लिए कहा तो वाहन पर मौजूद उपनिरीक्षक उग्रसेन सिंह ने भी हकीकत जानकर मदद से मना कर दिया। सूत्र बताते हैं कि बुधवार सुबह तड़के स्वाट टीम वाहन सहित बरामद खेप मामले में कमलापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास किया। सूत्रों ने बताया कि जीपीएस की हकीकत जाने के बाद थानाध्यक्ष कमलापुर सहित थाने की टीम ने मुकदमा लिखने और दाखिल करने से मना कर दिया। कई घंटों तक इधर उधर घूमने के बाद जब मामला एसपी चक्रेश मिश्रा तक पहुंचा तो उन्होंने सुबह आनन फानन में थानाध्यक्ष कमलापुर भानु प्रताप सिंह सहित पांच पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। शाम होते-होते एसपी ने एक उपनिरीक्षक सहित 22 आरक्षियों को कमलापुर थाने से लाइन भेज दिया है। इस आदेश में भी कार्रवाई के पीछे की वजह का जिक्र नहीं किया गया है।

### जीपीएस बना गले की हड्डी

सूत्रों की माने तो स्वाट टीम ने जिस वाहन में नशे की खेप बरामद की है उस वाहन में जीपीएस लगा हुआ था। पुलिस द्वारा वाहन को कब्जे में लेने के बाद वाहन स्वामी लगाकर वाहन की लोकेशन ट्रेस करते हुए पुलिस की हर गतिविधि पर नजर बनाये हुए थे। सूत्रों का कहना है कि इसी के चलते जब वाहन पुलिस के कब्जे में दोबारा हाईवे पर आया तो वाहन स्वामी ने जीपीएस सिस्टम से उसे लॉक कर गाड़ी के इंजन को बंद कर दिया। जीपीएस लगे वाहन ही अब पुलिस की गले की हड्डी बन गया। सूत्रों का दावा है कि इसी के चलते खैराबाद से लेकर कमलापुर पुलिस टीम ने खेप मामले में हाथ डालने से इंकार कर एसपी की कार्यवाई की भेंट चढ़ गये।

### दो इनोवा थाने में की गईं सीज

सूत्रों का दावा है कि पुलिस कब्जे में नशे की खेप वाले इनोवा वाहन को जीपीएस की मदद से खोजते खोजते कुछ लोग सीतापुर आ पहुंचे। गाडी की रेकी करते समय पुलिस ने एक और इनोवा वाहन को पकड़ा है। सूत्रों का कहना है कि दोनों इनॉवा वाहन चेचिस नंबर के जरिये मुख्यालय के सीमावर्ती थाने में सीज कर खड़ी कर दी गई है। सूत्रों का दावा है कि वाहनों पर लगी नंबर प्लेट को पुलिस ने पहले ही खोल दिया था। बताया जाता है कि दूसरे वाहन में मौजूद दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है हालांकि अभी तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

### निरीक्षण में खामियां मिलने पर कार्रवाई

कमलापुर थाने पर हुई बड़ी कार्यवाई को लेकर जब पुलिस अधीक्षक के सीयूजी नंबर पर बात की गई तो एसपी के पीआरओ ने बताया कि साहब ने देर रात थाने का निरीक्षण किया था जिसमे कई खामियां मिली थी। जिसके चलते साहब ने बड़ी कार्यवाई की है। पीआरओ ने बताया कि ऐसा पुलिस अधीक्षक ने बताया है।

## नयापुरवा में कटान ने पकड़ी रफ्तार



**मूड़ा सवारान, अमृत विचारः** आबादी और फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद शारदा नदी ने कटान तेज कर दिया है। सैकड़ो एकड़ फसल नदी में समा चुकी है। थोड़ी बहुत फसल बची थी वह भी नदी के मुहाने पर है। शारदा नदी के प्रकोप से बचने के लिए ग्रामीण गांव से पलायन करने को मजबूर है।

तहसील गोला के विकास खंड बिजुआ क्षेत्र के गांव नयापुरवा में शारदा नदी के कटान की रफ्तार अचानक तेज हो गई है। पिछले वर्ष इस गांव में बाढ़ के चलते सैकड़ो लोगों को बेघर होना पड़ा था। नयापुरवा गांव में शारदा नदी ने मंगलवार से कटान तेज कर दिया है, जिससे ग्रामीण आशंकित हैं। बुधवार तक कटान से कई घर शारदा नदी की गोद में समा गए साथ ही दर्जनों घर नदी में विलीन होने की कगार पर खड़े हैं। कटान के डर से सहमे ग्रामीण बैलगाड़ियों एवं ट्रालियों में अपना सामान भरकर अपने आशियानों को छोड़कर गांव से सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यदि कटान की स्थिति ऐसी ही रही तो चकपुरवा गांव की तरह इस गांव का वजूद भी समाप्त हो जाएगा और एक दिन कागजों के पन्ने में नयापुरवा गांव भी इतिहास बनकर रह जाएगा।

## दामाद ने ससुर के भाई पर किया जानलेवा हमला

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम छपौरा में एक युवक अपनी ससुराल आया था। उसने अपने एक साथी के साथ गांव के ही मेवाराम को चाकू और ईंट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर घायल मेवाराम के भाई का दामाद है।

मोहम्मदी कोतवाली के गांव पचतौर फरेंदा का निवासी युवक अपनी ससुराल छपौरा में गंगाराम के घर अपने एक साथी के साथ आया था। बुधवार को दिन में चार बजे गंगाराम का 65 वर्षीय भाई मेवाराम घर पर था। इसी दौरान नशे की हालत में दामाद अपने साथी के साथ आया और मेवाराम पर ताबड़तोड़ चाकू और ईंट से हमला कर दिया। सूचना पर पुलिस ने हमलावर दामाद को पकड़ लिया लेकिन उसका साथी भाग गया। पुलिस घायल मेवाराम को सीएचसी लाई जहां से उसे गम्भीर हालत में शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी हिरासत में है।

# तीन ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

## चार ग्राम पंचायतों में घोटाले की जांच के बाद की गई कार्रवाई

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** चार ग्राम पंचायतों में करीब पौन करोड़ का घोटाला करने वाले तीन ग्राम विकास अधिकारियों को जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति ने निलंबित कर दिया। वहीं तकनीकी सहायकों की सेवा समाप्ति को मनरेगा विभाग को पत्र लिखा गया है। ग्राम रोजगार सेवकों पर भी कार्रवाई की जा रही है। जबकि प्रधानों पर 95 जी की कार्रवाई को लेकर मुहिम तेज हो गई है।

विदित हो कि बीते 16 मार्च को विकासखंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत पचदेवरा, सिहारूखेड़ा, मदारीपुर और बेहटी में बिना कार्य कराए ही सात प्रोजेक्टों की लगभग 1 करोड़ की धनराशि निकाल ली गई थी। इसकी शिकायत हुई थी। जिस पर डीएम और सीडीओ के निर्देश पर जांच की गई और मामला सही पाया गया था। बीडीओ महमूदाबाद श्रीष कुमार गुप्ता ने बीती 14/15 जुलाई की रात को प्रधान समेत 12 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में जिन तीन ग्राम विकास अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज हुआ था।

इस बात की जानकारी देते हुए डीडीओ हरिश्चंद्र प्रजापति ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप कुमार चैधरी, बेबी यादव तथा मनोज कुमार शामिल हैं। इन पर विधिक कार्रवाई होने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। बीडीओ मुकदमावादी श्रीष कुमार गुप्ता ने बताया कि तकनीकी सहायक की सेवा समाप्ति के लिए उपायुक्त श्रम रोजगार को लिखा जा चुका है तथा दोषी रोजगार सेवक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रचलन में है। वहीं प्रधानों पर 95 जी के लिए डीपीआरओ को लिखा गया है।

### जांच में सामने आई एपीओ की लापरवाही

ब्लॉक की चार ग्राम पंचायतों में हुए मनरेगा घोटाले में जांच के दौरान एपीओ की भारी लापरवाही सामने आई है। कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से शुरू कराने के साथ पूर्ण होने तक की रिपोर्ट, फोटो अपलोड करने के साथ देने की जिम्मेदारी एपीओ की होती है। एपीओ द्वारा कार्य पूर्ण होने की फोटो अपलोडकर रिपोर्ट भेजने के बाद ही ब्लाक से उक्त कार्यों का भुगतान हुआ था। जांच के बाद बीडीओ ने धोखे में रखकर कार्य पूर्ण होने के फोटो अपलोड कर रिपोर्ट दिए जाने वाले एपीओ के खिलाफ रिपोर्ट बनाकर सीडीओ को भेज दी है। बीडीओ ने बताया कि एपीओ विनय गौतम द्वारा मनरेगा कार्यों में भुगतान में भारी अनियमितता बरती गई है, पहली जांच के दौरान ही भुगतान में एपीओ की संलिप्तता मिली थी और 15 अप्रैल को ही इन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था, जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। मंगलवार को एपीओ पर कार्रवाई के लिए सीडीओ को पत्र लिखकर भेज दिया गया है।

# स्कूलों में अग्निशमन उपकरणों की जांच

संवाददाता, नैमिषारण्य, सीतापुर



चालकों को जानकारी देते अग्निशमन प्रभारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नैमिषारण्य कस्बे के विद्यालयों में अग्निशमन विभाग ने निरीक्षण किया। जिसमें कई विद्यालयों में कमियां भी मिलीं। वहीं विद्यालय में वाहन चालकों को फायर स्टेशन प्रभारी ने प्रशिक्षण भी दिया।

बुधवार को मिश्रिख के फायर स्टेशन प्रभारी राजबहादुर दुबे ने क्षेत्र के विद्यालयों में औचक निरीक्षण किया व कमी मिलने वाले विद्यालयों के प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अग्निशमन विभाग ने नैमिषारण्य के कल्ली रोड पर स्थित एसएसजी पब्लिक स्कूल एवं बीवी कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में अग्निशमन उपकरणों की जांच की गई। जहां सब कुछ ठीक मिला। साथ ही वहां के चालकों को प्रशिक्षण दिया गया। फायर स्टेशन प्रभारी राजबहादुर दुबे ने बताया कि मिश्रिख के चंद्रभगवान पब्लिक स्कूल में तीन वाहनों, एसपीए पब्लिक स्कूल में दो एवं रीजेंसी पब्लिक कॉन्वेंट स्कूल में तीन वाहनों में उपकरणों की कमी मिली। जिसको लेकर विद्यालय प्रशासन को कड़े दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि विद्यालय के चालक शीशपाल, रामकुमार एवं संदीप को प्रशिक्षित भी किया गया। स्टेशन प्रभारी राज बहादुर दुबे ने बताया कि इन दोनों वाहनों में शॉर्ट सर्किट जैसी समस्याएं ज्यादा बनी रहती हैं जिसके चलते यह निरीक्षण किया गया है।



एकदिवसीय प्रान्त सोशल मीडिया कार्यशाला में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# वर्तमान में सोशल मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण

कार्यशाला

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने एकदिवसीय प्रान्त सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन नगर के उत्सव लॉन में किया। कार्यशाला का उद्घाटन राष्ट्रीय सोशल मीडिया संयोजक आशीष शर्मा, प्रान्त मंत्री पुष्पेन्द्र वाजपेई, प्रान्त संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी व प्रान्त सोशल मीडिया संयोजक नवीन दुबे ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया।

पुष्पेंद्र बाजपई ने अभाविप के कार्यविस्तार में सोशल मीडिया की भूमिका पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, वर्तमान समय में सोशल मीडिया पर वैचारिक विमर्श स्थापित करना, काफी प्रासंगिक है तो एक जागरूक विद्यार्थी संगठन होने के नाते भारतीय विमर्श को जन जन तक पहुंचाने और अपने कार्य को आम विद्यार्थियों तक ले जाने में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिस प्रकार अभाविप अपने लक्ष्य के साथ विभिन्न क्षेत्रों में नवीन प्रतिमान स्थापित करते हुए 76वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। सोशल मीडिया भी इसका एक प्रभावी माध्यम है। राष्ट्रीय सोशल मीडिया संयोजक आशीष शर्मा ने भी कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

# बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

## शिक्षा है बच्चों का मौलिक अधिकार : बीईओ

संवाददाता, कुतुबनगर, सीतापुर

**अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय कुतुबनगर द्वतीय व कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों ने बुधवार को स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। दोनों विद्यालयों की रैलियों को बीईओ मिश्रिख कपिल देव द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बच्चे अपने हाथों में रंग बिरंगी झण्डियां तथा शिक्षा प्रेरक नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। मम्मी पापा हमें पढाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओ। एक भी बच्चा छूट गया, संकल्प हमारा टूट गया, आदि नारे लगाते हुए बच्चे चल रहे थे। वहीं बीच बीच में इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिवगोपाल अभिभावकों से अपील कर रहे थे कि अपने परिवार के 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों के नाम विद्यालयों में अवश्य लिखवाएं।




जागरूकता रैली निकालते विद्यालय के बच्चे। अमृत विचार

विद्यालय में पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध हैं। पर्याप्त कमरे, सभी कमरों में बच्चों को बैठने के लिए डेस्क बेंच, पानी पीने के लिए टंकी एवं बहुटोटियां, स्वच्छ शौचालय, पंखे, स्मार्ट क्लास एवं प्रोजेक्टर की व्यवस्था है। रैली कम्पोजिट विद्यालय से प्रारम्भ होकर कस्बे के विभिन्न मार्गों व मुख्य चैराहे से होते हुये विद्यालय में आकर सभा मे तब्दील हो गयी। रैली के बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीईओ कपिल देव द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा का अधिकार बच्चों का मौलिक अधिकार है। इसीलिए प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा पहुंचाने में अभिभावकों की मदद करनी चाहिए।

### पलिया में पोस्टमार्टम हाउस की दरकार

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नेपाल बार्डर का कस्बा और आसपास इलाके से लेकर सीमा तक पर होने वाले हादसों अथवा अन्य मौतों के बाद शवों की दुर्गति हो जाती है। वजह है कि पोस्टमार्टम के लिए शव को 100 से 120 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय तक ले जाना पड़ता है। पोस्टमार्टम प्रक्रिया और शव वापस गांव तक लाने में तीन दिन लग जाते हैं। इस दौरान जहां भीषण गर्मी में शव से दुर्गंध आने लगती हैं, वहीं पीड़ित परिजन बेहाल होते हैं। ऐसे में यहां एक पोस्टमार्टम हाउस की दरकार है। जिले में मुख्यालय के अतिरिक्त कहीं अन्यत्र पोस्टमार्टम हाउस की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इससे पलिया, चंदन चौकी, गौरीफंटा, संपूर्णानगर, भीरा, मझगईं जैसे दूरदराज थाना क्षेत्रों में जब कोई हादसे या अन्य किसी कारण से मौत होती है, तो उसके परिजनों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। लोगों की समस्याओं को देखते हुए यदि पलिया तहसील मुख्यालय पर पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध हो जाए, तो लोगों को इस समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

## वर्ग पहेली-141

**बाएं से दाएं**

1. 1. प्रतिमान युक्त 2. प्रतिमान के रूप में होने वाला 3. सामान्य से हट कर विशेष प्रकार की आकृति वाला।
6. नारी की स्वतंत्रता
7. दही मथने की लकड़ी की मथानी।
8. एक पक्षी, सिरोही या किलंहटी नामक चिड़िया।
9. 1. पार करने या जाने की क्रिया या भाव 2. व्रत या उपवास के बाद का पहला भोजन 3. तृप्ति; संतोष 4. उत्तीर्ण होना, परीक्षा या जांच में खरा उतरना 5. बादल 6. अध्ययन, पढ़ना 7. आगे बढ़ना 8. पूरा करना।
11. 1. पत्र, चिट्ठी 2. रेखा

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुल, वंश, नस्ल, कौम 2. व्यक्तित्व 4. अस्तित्व 5. शरीर।
3. 1. किसी क्षेत्र को नगरीय सुविधाओं से युक्त करने की क्रिया।
4. 1. सन्मार्ग पर चलने अथवा उस दिशा में प्रेरित करने वाला, आध्यात्मिक गुरु 2. गुरु की कृपा से बना ज्ञानी अथवा निपुण।
5. वीरों को जन्म देने वाली माता, वीर-माता, वीर-जननी।
8. 1. अगरचे, यद्यपि 2. हालांकि।
10. खंडित, विभक्त, कटा हुआ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | ■ | 6 | | | |
| 7 | | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 8 | | | ■ |
| ■ | 9 | | | ■ | 10 |
| ■ | ■ | | ■ | 11 | |

### वर्ग पहेली -140 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ए | क | ता | ■ | ■ | 2 ज़ |
| कां | ■ | ■ | 3 अ | मी | न |
| श | ■ | ■ | सं | ■ | ख़ा |
| ■ | 4 ए | कां | ग | ■ | ■ |
| ■ | ट | ■ | ति | ■ | 5 बि |
| ■ | ल | ■ | ■ | 6 मे | वा |
| 7 फु | स | ला | ऊ | ■ | ई |

## सुडोकू -54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | 4 | | | | 5 |
| 4 | | | 7 | 2 | 9 | | 1 | |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |
| | | 5 | 2 | | 4 | 6 | | |
| | | 2 | | 7 | | | 9 | |
| | | | 1 | | | | | 2 |
| | 8 | | 4 | 3 | 7 | | | 6 |
| 6 | | | | 5 | 2 | 7 | | |

### सुडोकू -53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 2 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 26 जुलाई 01.58 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष:** आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपको व्यर्थ बहसबाजी से बचना चाहिए। इसके कारण आपसे प्रियजन नाराज हो सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। ऑनलाइन पेमेंट में सावधानी रखें। परिजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृष:** आज प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क बनने वाले हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी को करियर संबंधित अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इन अवसरों का लाभ भी अवश्य उठाएंगे।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे।

**कर्क:** आज निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के काम में वृद्धि होगी। सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। पैरों में दर्द और ऐंठन की शिकायत हो सकती है। महिलाओं को कुछ थकान महसूस होगी। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हो सकते हैं।

**सिंह:** आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। आपको तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं में आप भाग ले सकते हैं। जीवनसाथी को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे।

**कन्या:** आज नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। अपने परिजनों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें।

**तुला:** आज वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों के भविष्य को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षाओं में कुछ बाधाओं के साथ सफलता मिलेगी। छोटी बातों पर अनावश्यक उलझने से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है।

**धनु:** आज आकस्मिक धन हानि हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से आपको बचना चाहिए। आप कुछ परेशान से रहेंगे। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मकर:** आज व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। लेनदेन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। अधिकारी वर्ग के लोग आपकी पदोन्नति को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं।

**कुंभ:** आज अपनी वक्तव्य शैली से लोगों को प्रभावित करेंगे। आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। अधिकारियों के सामने अपनी योग्यता का परिचय देंगे। उच्च पद प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**मीन:** आज किसी पर ज्यादा निर्भरता होना उचित नहीं है। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। व्यवसाय में व्यय होने के योग बन रहे हैं। रुके हुए मामलों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 16.16 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
धड़कन — सुबह : 10.48
जख्मी सिपाही — रात : 07.00

**&pictures**
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.20
गो गोआ गॉन — रात : 08.00

**Sony Pix**
जस्टिस लीग — सुबह : 11.18
गॉडजिला — रात : 09.00

**Zee Cinema**
सिंबा — दोपहर : 12.18
अखंडा — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
बू — सुबह : 11.12
खतरनाक खिलाड़ी — शाम : 05.39

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी पिक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा-सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा-शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी - मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

## एक नजर

### किशोर की तालाब में डूबने से मौत

**सकरन, सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र में भैंस चराने गये किशोर की तालाब में डूब कर मौत हो गयी। परिजनों ने बगैर पीएम करवाये ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। सकरन थाना क्षेत्र के किर्तापुर गांव निवासी सिटल्ली (15) पुत्र भुंझहारे मंगलवार की साम घर से गांव के बाहर भैंस चराने के लिए गया था। चरते-चरते भैंस तालाब में भरे पानी में चली गयी, जिसे बाहर निकालने के लिए सिटल्ली तालाब में घुस गया, जहां गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने से उसकी मौत हो गयी। देर रात करीब दस बजे शव को तालाब के बाहर निकाला गया। सुबह परिजनों ने बगैर पीएम करवाये ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### रेलवे ने यात्रियों को किया जागरूक

**पहला, सीतापुर।** वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के आदेश और सहायक सुरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक सीतापुर ने जनजागरूकता अभियान सहायक उपनिरीक्षक अशोक कुमार मिश्रा, कांस्टेबल अविनाश शुक्ल ने बिसवां से महमूदाबाद खंड में चलाया। जिसमें यात्रियों को जागरूक किया गया कि चलती ट्रेन ने पत्थरबाजी, क्रॉसिंग गेट पर देखकर पास करना, महिला कोच व विकलांग कोच में सफर न करना, गेट के पायदान व गेट पर बैठकर यात्रा न करें। जागरूकता कार्यक्रम बिसवां के बच्चू लाल राम दुलारी महाविद्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पु जायसवाल व सभासदों की मौजूदगी में चलाया गया।

### प्राथमिक विद्यालय से सामान चोरी

**सदरपुर, सीतापुर।** अज्ञात चोरों ने प्राथमिक विद्यालय से हजारों की संपत्ति चोरी कर ली। सदरपुर थाना क्षेत्र के सोसा मजरे बनबीरपुर के प्राथमिक विद्यालय में बीती मंगलवार की रात्रि अज्ञात चोर विद्यालय में घुस गए और रसोई घर का ताला तोड़कर उसमें रखी एक बोरी चावल, एक गैस सिलेंडर, 5 किलो अरहर की दाल, सब्जी मसाले सहित करीब 10 हजार की संपत्ति चोरी कर ले गए। बुधवार की सुबह जब विद्यालय खुला तो स्कूल में चोरी होने की जानकारी हुई।

### स्वच्छता के महत्व की दी जानकारी

**लहरपुर, सीतापुर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिका परिषद ने सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत नगर क्षेत्र के एजाज हुसैन हायर सेकेंडरी विद्यालय में कार्यक्रम के प्रभारी अफसर अली और सिद्धार्थ गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी।

# सांसद जन सुविधा केंद्र ध्वस्त कर बनाया जा रहा साहब का 'कक्ष'

## लाखों की लागत से बने कक्ष में शासन की अनुमति बिना कर डाली तोड़फोड़

**अभिषेक सिंह, सीतापुर**


सांसद जनसुविधा कक्ष के निर्माण में लगे मजदूर। अमृत विचार


कक्ष से निकला गया सामान। अमृत विचार

**अमृत विचार, सीतापुर।** विकास भवन के भूतल पर बना लाखों की लागत से सांसद जनसुविधा केंद्र अब ध्वस्त हो चुका है। कभी इस कक्ष को सांसदों के बैठने और जनसुनवाई के लिए इस कक्ष को संवारा और सजाया गया था। लेकिन सीडीओ के अलीशान कक्ष में बैठने के सपने ने इस कक्ष को ध्वस्त होने पर मजबूर कर दिया। करीब एक माह से अधिक समय से इस कक्ष में तोड़फोड़ के बाद से अब इसे साहब की मंशानुसार कारीगर मूर्तरूप देने के लगे हुए हैं।

बताते चलें कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद विकास भवन के भूतल पर सांसदों के बैठने और जनसुनवाई करने के लिए एक

▸▸ **महीनों से चल रहा कार्य, डीडीओ बोले- जानकारी नहीं**

कक्ष को तैयार किया गया था। इस कक्ष में सीतापुर जिले में पड़ने वाले सभी लोक सभा के चारों सांसदों के बैठने का इंतजाम किया गया था। इस कक्ष को विकसित करने के लिए तत्कालीन सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने अपनी निधि से पांच लाख रुपये भी दिए थे। वहीं अन्य खर्च डीआरडीए कंटीजेंसी से किया गया था। परंतु कुछ समय पूर्व स्थानांतरित होकर सीतापुर आईं सीडीओ निधि बंसल को अपना कक्ष शायद पसंद नहीं आया। नतीजा यह हुआ कि सीडीओ ने सांसद जनसुनवाई कक्ष को तोड़ कर अपने लिए एक अलीशान कक्ष का निर्माण कराना शुरू कर दिया। सूत्रों की माने तो इस कक्ष को तोड़ने के लिए शासन स्तर पर किसी से अनुमति भी नहीं ली गई थी।

### क्या बोले जिम्मेदार...

विकास भवन भवन का जिम्मा संभालने व जिले में विकास योजनाओं में अहम भागीदारी निभाने वाले जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया कि सांसद जन सुविधा केंद्र के अंदर हो रहे निर्माण कार्य की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि विकास भवन की जिम्मेदारी संभालने वाले अफसर को ही इसकी भनक नहीं है तो इसका जिम्मेदार कौन है?

### इमारत में बदलाव के लिए लेनी चाहिए एक्सपर्ट से सलाह

जानकारों की मानें तो 1991 में बनकर तैयार हुआ विकास भवन तालाब की दलदली जमीन पर बना है। इसकी डिजाइन करने वालों ने इस इमारत में कुछ भी बदलाव किए जाने से साफ मना किया था। बदलाव करने के लिए एक्सपर्ट की मदद लिए जाने की भी बात कही थी।

### पहले आरईएस अब डीडीओ करते हैं देखरेख

विकास भवन का निर्माण होने के बाद से ही इस इमारत की देखरेख और मरम्मत की जिम्मेदारी आरईएस को सौंपी गई थी। यह विभाग निर्माण कार्यो का एक्सपर्ट है। लेकिन कुछ समय के बाद आरईएस से यह जिम्मेदारी हटा कर डीडीओ को सौंप दी थी।

### कक्ष से निकला गया सामान

बीते एक माह से अधिक समय से चल रहे सांसद जनसुविधा केंद्र का नक्शा बदलकर उसे आलीशान बनाया जा रहा है। सांसदों के बैठने के लिए बने कक्ष में लगे कुर्सियां, मेज सहित अन्य फर्नीचर को कक्ष से निकालकर डीडीओ कार्यालय परिसर के सामने लगा दिया है। जिसे लोग देखकर कमरे के कायाकल्प की चर्चाएं करते हुए नजर आते हैं।

## ट्रांसफार्मर ठीक करने के दौरान लगा करंट युवक की मौत

**सकरन, सीतापुर, अमृत विचार।** सकरन थाना क्षेत्र के बरबटा गांव में दो दिन पूर्व बिजली ट्रान्सफार्मर फुंक गया था। जिसको बदलवाने के लिए विभाग ने रेउसा थाना क्षेत्र के चन्द्रसेनी गांव निवासी कैलाश भार्गव (35) को बुलाया था। कैलाश खम्भे पर चढ़कर ट्रांसफार्मर के तार जोड़ रहा था, तब तक एचटी लाइन में बिजली सप्लाई आ जाने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीण उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांडा लेकर गये, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। उसकी तीन संतानें हैं। एसओ कृष्ण कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# गुणवत्ता के आधार पर किया जाए सड़क निर्माण का कार्य

## जिलाधिकारी ने की सड़क निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा


समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम अभिषेक आनंद। अमृत विचार

**संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क निर्माण की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क से संबंधित जो भी लम्बित कार्य हैं, उन्हें ससमय पूरा किया जाये तथा डीपीआर तैयार कर लें।

उन्होंने कहा कि जिन सड़कों पर कार्य चल रहा है, उन्हें गुणवत्ता के आधार पर बनाया जाये। जिन सड़कों पर कार्य होना है, उसके लिये पत्राचार किया जाये, ताकि समय से कार्य प्रारम्भ हो सके तथा राज्य मार्गों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देश दिये कि लम्बित कार्यों को शीघ्र पूरा करें।

गन्ना विभाग को निर्देशित किया कि सड़कों का सर्वे करते हुए उन्हें चिन्हित करें। 84 कोसीय मार्गों के कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि जो कार्य चल रहे हैं, उनमें गतिशीलता लायी जाये तथा मानक के अनुरूप ही कार्य किये जायें। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे सड़कों के कार्यों में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये तथा नई सड़कों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी सड़कें बनायी गयी हैं उनका संबंधित निरीक्षण अवश्य करें, ताकि पता चल सके कि ठेकेदार ने कोई गड़बड़ी तो नहीं की है। मरम्मत योग्य सड़कों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि जो भी सड़कें मरम्मत करने योग्य हैं, उनकी मरम्मत करा दी जाये।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी से शहर में मरम्मत योग्य सड़कों की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाये। उन्होंने कहा कि सावन का महीना चल रहा है, कावड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेड़ से टकराई डीसीएम चालक की हुई मौत

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** अनियंत्रित होकर डीसीएम पेड़ से टकरा गई। जिससे डीसीएम चालक की मौत हो गई। जबकि खलासी घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सीएचसी बिसवां भेजा गया।

डीसीएम बरेली से कुरकुरे भरकर बहराइच जा रही थी। रात भर जागने के कारण डीसीएम का ड्राइवर केबिन में सो रहा था और वाहन मालिक डीसीएम चला रहा था। सदरपुर थाना क्षेत्र धामीसराय लोनियन पुरवा के पास बिसवां-रेवसा मार्ग पर बुधवार की सुबह पांच बजे एक डीसीएम अनियंत्रित होकर आम के पेड़ से टकरा गई। जिससे वाहन चालक डीसीएम मालिक अशोक मिश्रा निवासी रामपुरा थाना बमभोले जनपद बरेली व केबिन में सो रहे सोनू शर्मा दब गए। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे दोनों लोगों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी बिसवां भिजवाया। जहां पर चिकित्सों ने डीसीएम मालिक अशोक मिश्रा को मृत घोषित कर दिया, जबकि सोनू शर्मा का इलाज चल रहा है। देबियापुर चैकी प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया है कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# सीडीओ के आश्वासन पर धरना समाप्त

## ग्राम रोजगार सेवकों व प्रधानों की समस्याएं सुन दिया भरोसा

**संवाददाता, रामपुर मथुरा, सीतापुर**


ग्राम रोजगार सेवकों व प्रधानों से वार्ता करतीं सीडीओ निधि बंसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र रामपुर मथुरा में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने ब्लॉक मुख्यालय रामपुर मथुरा के मीटिंग हॉल में ग्राम रोजगार सेवकों व प्रधानों की समस्याएं सुनीं।

ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा कई दिनों से चल रहा धरना-प्रदर्शन मंगलवार को आश्वासन पर समाप्त कर दिया गया था। बुधवार को बीडीओ कार्यालय परिसर में ही सीडीओ निधि बंसल, पीडी रामासरे, डीडीओ हरिश्चंद्र प्रजापति, बीडीओ संदीप कुमार व विधायक ज्ञान तिवारी की उपस्थिति में ग्राम रोजगार सेवकों व प्रधानों की वार्ता हुई। जिसमें रोजगार सेवकों ने बताया कि हम लोगों का मानदेय बराबर न देकर कम ज्यादा कर कर दिया गया है। इस बारे में सीडीओ ने बीडीओ रामपुर मथुरा से बात की तो उन्होंने बताया कि काम के हिसाब से इनका वेतन जारी किया गया है। ऐसे में सीडीओ ने जब इस बारे में रोजगार सेवकों से पूछा तो उन्होंने कहा कि काम कम या ज्यादा हो, सभी का वेतन समान रूप से दिया जाए। इस पर सीडीओ ने कहा कि आगे से ऐसा ही होगा।

वहीं रोजगार सेवकों ने बताया कि हम लोगों का एस्टीमेट बिना कमीशन के नहीं बनाया जाता है। इस बारे में जब सीडीओ ने टीए से जानकारी की गई तो बताया गया कि किसी से भी कमीशन की बात नहीं हुई है काम पहले करने की बात कही गई है। इस पर सीडीओ ने कहा कि मनरेगा के तहत काम पहले कराया जाता है, वह भुगतान बाद में किया जाता है। रोजगार सेवकों की कुछ अन्य मांगों पर सीडीओ ने जांच के उपरांत ही कार्यवाही करने की बात कही। अगर किसी भी ग्राम रोजगार सेवक व प्रधान को कोई दिक्कत आती है तो मेरे व्हाट्सएप नंबर पर अपनी समस्या को लिख सकते हैं या फिर जिले पर मुझसे मिल सकते हैं। वार्ता के बाद प्रधान व रोजगार सेवकों धरना प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा की।

अंत में विधायक ज्ञान तिवारी ने ग्राम सभा गढ़चपा का नाम लेकर व कुछ अन्य ग्राम सभाओं में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत खर्च की गई धनराशि में घोटाले की बात कही गई जिस पर सीडीओ ने जांच करने की बात कही।

### मीटिंग में नहीं गए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि

मीटिंग की जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता को भी थी। ऐसे में अध्यक्ष प्रतिनिधि लगभग 11 बजे पहुंच भी गए थे। उन्होंने बीडीओ ऑफिस में बैठकर वार्ता की। लगभग 12 बजे सीडीओ बीडीओ कार्यालय पहुंच गई थीं। जहां पर उन्होंने उनसे बात की। उसके बाद सीडीओ, विधायक ज्ञान तिवारी व अन्य अधिकारी भी मीटिंग हाल पहुंच गए। जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि ब्लॉक कार्यालय में ही बैठे रहे।

# किसानों को नहीं मिल रही किसान सम्मान निधि

**संवाददाता, नेरी, सीतापुर**

▸▸ **कृषि विभाग के गांवों में लगाए गए शिविरों में कई बार जमा कर चुके हैं कागजात**

**अमृत विचार।** किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत सरकार किसानों को साल में छि हजार रुपये की राशि तीन किस्तों में प्रदान करती है, जिससे कि किसानों को बीज, उर्वरक आदि खरीदने में सहूलियत हो सके, लेकिन विकास खण्ड पिसावां में अभी भी सैकड़ों किसान ऐसे हैं, जिन्हें अभी तक किसान सम्मान की एक भी किश्त प्राप्त नहीं हुई है या एक दो किश्तें आकर फिर आना बन्द हो गयी हैं।

किसानों ने कृषि विभाग द्वारा गांवों में लगाये गए कैम्पों में अपने पूरे कागजात जमा किये हैं। इसके बाद भी किसानों को किसान सम्मान निधि की किस्त प्राप्त नहीं हो पाई है। किसान रामकुमार अवस्थी ने बताया कि कई बार राजकीय बीज भंडार पिसावां में सारे कागजात जमा किये व केवाईसी भी करवा चुका हूं, लेकिन किसान सम्मान निधि अभी तक नहीं मिली है। किसान सूर्यकान्त शुक्ल ने बताया कि खैराबाद उप कृषि निदेशक कार्यालय के कई चक्कर लगा चुका हूं, लेकिन एक भी किस्त नहीं आई है। इसी प्रकार दीपक मिश्रा व सूरजपाल सहित कई किसान कई बार सारे कागजात जमा करने के बाद भी किसान सम्मान की किस्त पाने से वंचित है।

इस संबंध में जब सहायक विकास अधिकारी कृषि जावेद अख्तर पिसावां से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जिन किसानों की किसान सम्मान निधि नहीं आ रही है, वो अपना स्टेट्स निकलवा कर राजकीय बीज भंडार पिसावां में संपर्क कर लें, समस्या का समाधान किया जायेगा।

## तीन लाख की मशीन समेत नकदी चोरी

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत बीती रात घर के मुख्य दरवाजे से घुसे चोरों ने अंदर अलमारी का ताला तोड़कर 55 हजार की नकदी, एक एंड्रॉयड स्मार्टफोन तथा करीब तीन लाख की कीमत के लेबलर की मशीन चोरी कर ली। सुबह गृहस्वामी को घटना की जानकारी हुई। जिसमे उन्होंने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ थाना प्रभारी को लिखित प्रार्थना पत्र दिया है।

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अकबापुर निवासी कैलाश पुत्र दुबर प्रतिदिन की तरह बीती मंगलवार की रात घर में खाना खा पीकर परिवार के साथ सो रहा था। रात के करीब एक से दो के बीच घर में मेन गेट का चैनल खोलकर घुसे चोरों ने घर की कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमे रखी 55 हजार की नकदी, एक एंड्रॉयड स्मार्टफोन तथा लेवलर की मशीन जिसकी कीमत करीब तीन लाख है, को चुरा ले गए।

# पीआरडी जवान से ड्यूटी पर धुलवाए जा रहे थे बर्तन व कपड़े

**संवाददाता, नैमिषारण्य, सीतापुर**


पीड़ित पीआरडी जवान। अमृत विचार

▸▸ **पीआरडी जवान का आश्रम के बाबा पर आरोप, पुलिस को दी तहरीर, वीडियो वायरल**

**अमृत विचार।** आश्रम में डयुटी करने वाले पीआरडी जवान से बर्तन व कपड़े धुलवाये जा रहे हैं। यही नहीं बच्चों को स्कूल भी उसी से भिजवाया जा रहा है। कुछ ऐसे ही आरोप आश्रम में डयूटी करने वाले पीआरडी जवान ने लगाये हैं। इसका पता तब चला जब पीआरडी कमांडेंट डयूटी चेक करने पहुंचे तो उन्होंने पीआरडी जवान को बिना वर्दी के झाड़ू लगाते देखा। पूछने पर पीआरडी जवान ने पूरी बात बताई। जिसका पीआरडी कमांडेंट ने वीडियो बना लिया। जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता।

वीडियो में जब पीआरडी के कमांडेंट से पूछा गया कि मजदूरी का कार्य किसके द्वारा कराया जा रहा है तो पीड़ित ने आरोप लगाया कि यहां के बाबा जी करवाते हैं। बिना वर्दी कपड़े उतार कर पीआरडी के जवान मजदूरी करने को मजबूर हैं। इस मामले में पीड़ित जवान ने नैमिषारण्य पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें पीड़ित सुशील का आरोप है कि उसकी ड्यूटी नैमिषारण्य के देवरहा सरकार आश्रम में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक रहती है। जिस दौरान देवराहा सरकार के शिष्यों द्वारा उससे आश्रम की सफाई, कपड़े व बर्तन धोने के काम के साथ-साथ बच्चों को स्कूल छोड़ने इत्यादि का कार्य भी कराया जाता है, यदि पीड़ित कार्य करने से मना करता है तो बाबा द्वारा नौकरी से हटवा देने की धमकी दी जाती है। ऐसा कई बार हो चुका है।

इस बारे में जब पीआरडी कमांडेंट अधीर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नैमिषारण्य प्रभारी को तहरीर दी गई है। वहीं इस बारे में थाना प्रभारी नैमिषारण्य पंकज तिवारी का कहना है कि पीड़ित स्वेच्छा से कार्य कर रहा था।

## सार-संक्षेप

### आरूषी का सब जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद की फुटबाल खिलाड़ी कु. आरूषी गंगवार का चयन माह अगस्त 2024 में बेलगाम (कर्नाटक) में आयोजित की जा रही राष्ट्रीय सब जूनियर फुटबाल बालिका प्रतियोगिता के लिये हुआ है। कु. आरूषी ने बाराबंकी में आयोजित राज्यस्तरीय फुटबाल बालिका प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें से उसका चयन उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय टीम के लिए किया गया। इस उपलब्धि पर कु. आरूषी गंगवार को प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार सिंह ने शुभकामनाएं दीं।


आरूषी गंगवार

### नवनिर्मित सिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन

**लहरपुर, सीतापुर।** नगर के केसरीगंज तहसील बाईपास मार्ग पर भारत पेट्रोल पंप के निकट नवनिर्मित सिटी हॉस्पिटल नामक अस्पताल का औपचारिक उद्घाटन आदर्श पत्रकार एकता एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण सिंह आचार्य ने फीता काट कर किया। सिटी हॉस्पिटल के एमडी शहरुल ने बताया कि अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी, ऑक्सीजन की सुविधा ऑपरेशन की सुविधा सहित 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्रीय लोगों को कुशल व प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम के द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ आरके पाठक, एमडी शहरुल, डॉ बुशरा खान स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर खान मुईद एमबीबीएस, डॉ राशिद एमबीबीएस एमएस एमसीएच सहित अभिनव त्रिवेदी, आकाश सिंह, देशप्रीत सिंह, बलराम मिश्रा, ओमकार वर्मा, बादल भारती, अंकित दीक्षित, शब्बू बेग, मिथिलेश गौतम सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।


छात्र को टैबलेट वितरित करते भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष।

### परास्नातक के छात्रों को वितरित किए टैबलेट

**लहरपुर, सीतापर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष समीर हसन रिजवी ने एचएमएच डिग्री कॉलेज में परास्नातक के छात्रों को टैबलेट वितरित किये। उन्होंने बताया कि सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना टैबलेट व स्मार्टफोन सीधे-सीधे छात्रों को टेक्नोलॉजी व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए उससे जोड़ती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद अवर अभियंता सीतापुर आफताब अहमद ने बताया कि आपको मेहनत लगन और ईमानदारी के साथ अपना एक लक्ष्य बनाकर शिक्षा के प्रति गंभीर होना होगा, तभी आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने किया। कार्यक्रम में परास्नातक तक के 58 छात्र एवं छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का प्रबंधिका अफसाना खातून ने बुके व शॉल पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्रांगण में एक वृक्ष मां के नाम के अंतर्गत कई तरह के अलग-अलग पेड़ भी लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हाजी कमालुद्दीन, उपाध्यक्ष महबूब अली, पत्रकार अरुण सिंह आचार्य, अतुल तिवारी, शादाब खान, अब्दुल मतीन अडाना पूर्व सभासद समेत सम्मानित नागरिक तथा छात्र उपस्थित रहे।

**खेती-किसानी** | गांजर के किसान नई खेती कर रच रहे कीर्तिमान

# गांजर का जिमीकंद सऊदी अरब में बढ़ा रहा खाने का स्वाद

**महेन्द्र कुमार, सेवता, सीतापुर**


जिमीकंद की खेती दिखाता किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गांजर के किसान कुछ नई खेती कर एक नया कीर्तिमान रच रहे हैं। विकास खंड रेउसा के ग्राम पंचायत सिकौहा गांव के किसान शरद त्रिपाठी ने गौमूत्र, गोबर सीरा से मिश्रित तैयार घंगसीवामृत, बीजामृत आदि खादों का इस्तेमाल कर अपनी किसानी को संवारने में जुटे हैं।

किसान शरद त्रिपाठी ने पहले पपीते की खेती से शुरुआत की। जिससे उन्हें लाभ मिलता गया और इन्होंने धीरे-धीरे केला, मिर्चा, टमाटर, लौकी, कद्दू, जिमीकंद आदि की खेती करने का मन बना लिया।

किसान शरद त्रिपाठी ने बताया कि तीन चार वर्षों से जिमीकंद की खेती भी की जा रही है। यह बीज फरवरी माह के अंतिम सप्ताह से लेकर मार्च के अंतिम सप्ताह तक बोया जाता है। एक एकड़ में लगभग डेढ़ लाख रुपये की लागत लगती है। जिमीकंद को सूरन के नाम से भी जाना जाता है। सर्वप्रथम कुमारगंज सिटी से गजेंद्र प्रजाति बीज लाया गया था। मेरे द्वारा बीज छह हजार रुपये प्रति कुंटल के हिसाब से गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब व यूपी के कई जिले में बेचा गया है।

गत वर्ष सऊदी अरब भी 165 कुंटल जिमीकंद साढ़े तीन हजार रुपये प्रति कुंतल में भेजा गया था। इसकी बिक्री लोकल मंडी में दीपावली के दरमियान हो जाती है। जिन किसानों को जिमीकंद के बीज की जरूरत होती है। जो किसान सम्पर्क करते हैं। सम्पर्क करने पर उन्हें फरवरी-मार्च में बीज दे दिया जाता है। एक एकड़ में करीब चालीस से पचास कुंटल पैदा होता है। इस बार क्षेत्रीय किसान इसकी खेती करने के लिए बीज लेकर गए है। जिमी कंद की खेती के साथ-साथ वह काली हल्दी व बांस की खेती भी करते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा पुरुस्कृत भी किया जा चुका है।

### जिमीकंद के बीज की विदेशों में बढ़ी मांग

विकास खंड रेउसा के ग्राम पंचायत सिकौहा में ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का गठन किया गया है। कंपनी की ओर से जैविक गांव पर काम किया जा रहा है। जिमीकंद का कई दवाइयां में प्रयोग किया जाता है। इसके बीज की मांग विदेशों तक है।

### बांस की कई प्रजातियों की खेती

साबरमती, बालकुआँ, ब्लग्रीस आदि प्रजाति वाले बांस की खेती की जा रही हैं। इसमें साबरमती बांस की लम्बाई साठ से सत्तर फिट तो ब्लग्रीस की लम्बाई नब्बे फिट होती हैं। जिसका बांस चार सौ रूपये की दर से एक बांस बिक्री किया जाता हैं।

## जंगली जानवर दिखने से दहशत

**भदफर, सीतापुर, अमृत विचार।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरुहीपुरवा में बुधवार को खेतों के निकट किसानों ने जंगली जानवर को देखे जाने की सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वन दरोगा अरविंद गिरी व टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर पगचिन्हों की जांच की। उन्होंने बताया कि किसी भी जंगली जानवर के पगचिन्ह नहीं मिले हैं, हो सकता है कि पहले देखा गया जंगली जानवर हैना वापस लौट आया हो। उन्होंने सभी ग्रामीणों को जागरूक करते हुए समूह में ही खेत जाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जंगली जानवर देखे जाने की सूचना क्षेत्र के ग्राम चैरा, मिदनिया, बरूहीपुरवा, आदि से भी मिली है, सभी प्रभावित गांवों में लगातार कांबिंग की जा रही है।

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति ॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों- रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# धरोहरों का संरक्षण

संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को हर साल विश्व धरोहर समिति का आयोजन करती है, जिसके तहत विश्व की प्राचीन विरासतों को विश्व धरोहर के रूप में चिन्हित किया जाता है। विश्व धरोहर समिति के इस वर्ष का आयोजन भारत में हो रहा है। भारत में यह आयोजन पहली बार हो रहा है। 21 जुलाई से शुरू हुआ यह आयोजन 31 जुलाई तक चलेगा। समिति वैश्विक धरोहरों से संबंधित मामलों का प्रबंधन करती है तथा स्थलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के बारे में निर्णय लेती है। हालांकि भारत हमेशा से यूनेस्को समेत संयुक्त राष्ट्र की सभी इकाइयों तथा क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है, पर इस सम्मेलन की मेजबानी यह दर्शाती है कि विश्व के सांस्कृतिक परिदृश्य में भी भारत का महत्व बढ़ रहा है। समिति के 46 वें सत्र के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा कि भारत इतना प्राचीन है कि यहां वर्तमान का हर बिंदु किसी न किसी गौरवशाली अतीत की गाथा कहता है। प्राचीनता के साथ-साथ विविधता भी भारतीय सभ्यता की एक प्रमुख विशिष्टता है। इसलिए धरोहरों में भी हमें बहुलता के साथ-साथ विविधता के दर्शन होते हैं। इस अवसर पर पूर्वोत्तर भारत के ऐतिहासिक मोइदम को लोकप्रिय विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामित किया गया है। इससे पूर्व भारत के 42 स्थल इस सूची में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। धरोहर और विरासत का संरक्षण हमारा प्रमुख दायित्व है। इनके बारे में शोध और अनुसंधान भी निरंतर जारी रहना चाहिए।

संस्कृति और इतिहास भी वैचारिक संघर्षों की भूमि होते हैं। ऐसे संघर्षों में पूर्वाग्रह प्रभावी तत्व बन जाते हैं। इस स्थिति में पुरातन के संबंध में हमारी समझ धूमिल हो जाती है तथा हम अतीत के आयामों से पूर्णता एवं समग्रता से परिचित होने से वंचित रह जाते हैं। अक्सर अज्ञान और अनदेखी से विरासतें नष्ट हो जाती हैं। उनका नष्ट होना इतिहास एवं संस्कृति की वृहत पुस्तिका से एक अध्याय के विलुप्त हो जाने जैसा है। भारत अपनी धरोहरों के संरक्षण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में ऐसे कार्यों में सहयोग दे रहा है। सरकार के प्रयासों से विदेशों में रखी हुईं अमूल्य धरोहरों को देश में वापस लाने के काम में तेजी आई है। अब तक 350 से अधिक कलाकृतियों को भारत लाया जा चुका है। इससे हमारी सांस्कृतिक समृद्धि में वृद्धि हुई है। विश्व धरोहर समिति की दस दिन चलने वाली बैठक में बीते साल के कामकाज की समीक्षा होगी। इस आयोजन में 150 से अधिक देशों के दो हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। धरोहरों के संरक्षण के आर्थिक लाभ भी हैं। सरकार और विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ नागरिकों को भी इसमें योगदान देना चाहिए।

# विकसित भारत की संकल्पना



डॉ. विकास प्रधान
असिस्टेंट प्रोफेसर
बीसलपुर (पीलीभीत)

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है।

मंगलवार को अंतरिम बजट 2024-2025 के चार प्रमुख स्तंभों गरीब, किसान, महिला और युवा का उल्लेख करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने नौ नवीन प्राथमिकताओं के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात, विकसित भारत की संकल्पना के साथ वित्तीय वर्ष 2024-2025 का पूर्ण बजट प्रस्तुत किया है।

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है। कृषि हेतु उत्पादकता से अधिक अनुकूलनीयता का उल्लेख करना आकर्षित करता है, जिसमें राष्ट्रीय सहकारिता नीति को व्यवस्थित करना दलहन व तिलहन में आत्मनिर्भरता पाना आदि पुरानी बातों को ही समाहित किया गया है, लेकिन जलवायु अनुकूलित नई किस्म के बीज विकसित करना और सब्जी उत्पादन हेतु नई सप्लाई चैन बनाना सराहनीय कदम है। अब चुनौती यह है कि कृषि शोध व कृषि में सार्वजनिक निवेश का बढ़ाना आवश्यक है।

द्वितीय प्राथमिकता में पुनः रोजगार व प्रशिक्षण को सम्मिलित करना प्रधानमंत्री पैकेज योजना का एक अंग है, जिसमें कामगारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा 5 वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देना कौशल विकास केंद्र की पुरानी अवधारणा को आगे बढ़ना ही है अर्थात इसमें कुछ नया नहीं है। जब तक उनकी उत्पादकता पर काम न किया जाए, एक कारण यह है कि आर्थिक सर्वेक्षण में जब वित्त मंत्री स्वयं स्वीकार चुकी हैं कि राष्ट्र में 50 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य नहीं है, इसका दोष किसे दिया जाए? नीतियों में खामियां, पाठ्यक्रम का गैर व्यवसायीकरण या शिक्षा व्यवस्था। बजट में रुपए 7.5 लाख तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना, घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए

आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48 .21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

रुपए 10 लाख तक ऋण की वित्तीय सहायता और उसे पर ब्याज छूट के लिए ई-वाउचर देना युवाओं को आकर्षित कर सकता है, किंतु वही प्रशिक्षित युवा व शिक्षित युवा बाजार में अपने लिए या बाजार उसके लिए कितने अवसर उपलब्ध करा पता है, का प्रश्न रोजगार परकता पर अभी प्रश्न ही है जिसका उत्तर खोजना होगा। इसी क्रम में समावेशी मानव संसाधन व सामाजिक न्याय की अवधारणा में समावेशी तत्व महत्वपूर्ण है जिसे लघु व कुटीर उद्योगों में बजट आवंटन को बढ़ाकर मुद्रा ऋण की राशि को 10 से 20 लाख करना, 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना आदि सहायक सिद्ध होंगे और अर्थव्यवस्था विकास की ओर अग्रसर होगी।

विकसित भारत हेतु औद्योगिक विकास के रूप में औद्योगिक पार्क व औद्योगिक गलियारों को विकसित करने का बजट यह प्रावधान निश्चित ही आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा। बशर्ते अवसंरचना विकास नीतिगत निर्णय व समय विलंबना का शिकार न हो। वित्त मंत्री ने एक बड़ी धनराशि लगभग 11.11 लाख करोड़ पूंजीगत रूप में व्यय करने की बात कही है, जो सबसे महत्वपूर्ण है, जिसमें विनिर्माण व संरचना विकास हेतु व्यय प्रस्तावित है, ध्यान रहे कि इससे शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा, किंतु यह ग्रामीण वातावरण को और दूषित न करें। शहरों में शहरी हाट के विकास से अधिक ग्रामीण साप्ताहिक हाट को प्रोत्साहन देने से मुद्रा वेग व मुद्रा गुणक अधिक बलवान होगा, जिसकी आवश्यकता भी है। ऊर्जा सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उत्साहवर्धक है। साथ ही परमाणु रिएक्टरों का अनुसंधान व विकास व थर्मल पावर प्लांट में स्वदेशी प्रौद्योगिकी का प्रयोग ऊर्जा संरक्षण व निर्माण को बल देगा, जिसकी आवश्यकता भी है। पर्यटन व नवाचार में आंध्र प्रदेश व बिहार को वरीयता देने के अलावा बजट में कुछ नहीं है, जो भारत जैसी अर्थव्यवस्था का विकास की राह में अवरुद्धता उत्पन्न कर सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं हुए पूंजीगत आवंटन की अधिक धनराशि का व्यय जनकल्याण हेतु पूंजीगत व्यय में कटौती करके ही संभव होगा, जो वर्तमान में विकासशील भारत के हित में नहीं होगा। इन दोनों में संतुलन समय की मांग है। अगली पीढ़ी के सुधारों में सम्मिलित दायरों जैसे भूमि संबंधी कार्य, एनपीएस, वात्सल्य, आदि में शिक्षा स्वास्थ्य परिवहन पर्यावरण को भी सम्मिलित किया जा सकता था।

भारत ग्रामीण राष्ट्र है और ग्रामीण आर्थिक विकास व ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समृद्धि के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। वित्तमंत्री की प्रशंसा की जानी चाहिए कि ग्रामीण विकास हेतु बजट में 1.80 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है, जो ग्रामीण अव संरचना को विकसित करेगा। रक्षा क्षेत्र में जी.डी.पी (सकल घरेलू उत्पाद) का सबसे बड़ा हिस्सा व्यय करना समय की मांग हो सकती है, किंतु शिक्षा व स्वास्थ्य में अभी भी सार्वजनिक निवेश अत्यधिक कम है, जो चिंताजनक है। यद्यपि रेल मंत्रालय को 2.55 लाख करोड़ की सौगात बजट में दी गई है, लेकिन रेल सहित परिवहन विभाग में नवाचार, नए साधन, नई रेलगाड़ियां की बात स्पष्ट नहीं है। अर्थशास्त्र की भाषा में बात की जाए तो नौकरीपेशा व्यक्ति हतोत्साहित हुआ है, जिसे बचत करने, नया घर बनाने आदि का कोई प्रोत्साहन बजट में नहीं मिला, क्योंकि पुराने टैक्स स्लैब में 80 सी में बचत का दायरा हो या होम लोन की लालसा सब सिमट गई है, जिससे थोड़ा कर बचाने के लिए नए कर रिजीम में प्रवेश बचत को हतोत्साहित करेगी और अर्थव्यवस्था में इन्फ्लेशनरी प्रेशर अर्थात् महंगाई का दबाव बढ़ाएगी। साथ ही राजकोषीय घाटे का लक्ष्य तीन प्रतिशत जिसे बहुत पहले लक्षित किया गया था वर्तमान के 4.9 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का होना उन निर्णय व अधिनियमों की विफलता का संकेत है।

एक तरफ घरेलू बचतों का हतोत्साहन व दूसरी तरफ निजी निवेश पर अल्पकाल में 20 प्रतिशत तथा दीर्घकाल में 12.5 प्रतिशत तक का बड़ा ब्याज देना तर्कसंगतता के रूप में अर्थव्यवस्था को असंतुष्ट करने जैसा है। यह संतुलन अत्यधिक उपभोग की अवस्था को जन्म दे सकता है, जिसके लिए संभवतः भारतीय अर्थव्यवस्था तैयार नहीं है।

आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48.21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

## प्रसंगवश

# बजट से वृद्ध निराश



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदू धर्म और संस्कृति में वृद्ध जनों के सम्मान और सेवा संबंधी बड़ी-बड़ी बातें कही गई हैं। मनुस्मृति कहती है कि 'अभिवादनशील और नित्य वृद्धों की सेवा करने वाले की चार चीजें बढ़ जाती हैं: आयु, विद्या, यश और बल'। महाभारत में उल्लेख है कि 'वह सभा ही नहीं है, जिसमें वृद्ध न हों'।

वाल्मीकि प्रसंग है कि रामायण में जब भरत श्रीराम को मनाने वन में गए हैं तो राम ने उनसे कुशल प्रश्न पूछने के बहाने सारी राजनीति सिखलाई है। श्रीराम उनसे पूछते हैं कि "तात! क्या तुम देवतावों, पितरों, भृत्यों, पिता के समान आदरणीय वृद्धों, वैद्यों और ब्राह्मणों का सम्मान करते हो?" और अब तो संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य सभा द्वारा भी 1 अक्टूबर का दिन "अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस" के रूप में मनाने की अपेक्षा की गई है। वह मनाया भी जाता है। हालांकि सद्यः प्रस्तुत किए गए देश के आम बजट में वृद्धों की अवहेलना जारी है। वे बेचारे कुछ सुविधाओं के लिए आस लगाए बैठे थे, किंतु निराशा ही हाथ लगी। कुछ समय पहले तक उन्हें रेल किराए में छूट मिलती थी, जो मोदी सरकार ने खत्म कर दी थी। सोचा था अबकी शायद यह रियायत बहाल हो जाए, पर ऐसा नहीं हुआ। चूंकि वृद्धजन युवाओं के समान पुरुषार्थ करने से तो रहे, अतः उन्हें डाकघर, बैंक आदि में जमा धन राशियों पर अधिक ब्याज मिलने की आशा रहती है। मोदी काल में ये दरें निरंतर घटीं। इससे उनका जेब खर्च कम का कम ही बना रहा। आयकर में उन्हें जैसी और जो अल्प सुविधा अब तक थी, वही बनी रही। उससे आगे उन्हें कुछ भी नहीं मिल सका, जबकि महगाई बराबर बढ़ रही है। उनकी कर छूट सीमा अवश्य बढ़ाई जानी चाहिए थी, किंतु ऐसा नहीं हुआ।

पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई। कोरोना काल में रोकी गई मंहगाई भत्ते की किश्त भी नहीं प्रदान की गई, जबकि कहा यह जा रहा है कि भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है। समाज में वृद्धों के साथ उपेक्षा और अत्याचार की खबरें आम हैं। संतानें उन्हें प्रताड़ित करती हैं, घर से निकाल देती हैं। इस पर जो कानून है, वह अव्यवहारिक है। फिलहाल केंद्र सरकार बुजुर्गों को रामभरोसे ही छोड़े है।

# शिक्षा में गुणवत्ता की आवश्यकता



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है।

नए आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने स्वीकार किया है कि देश के विश्वविद्यालयों से डिग्री लेकर निकलने वाला हर दूसरा नौजवान किसी काम के लायक नहीं होता। यानी पचास प्रतिशत, कहें तो आधे डिग्रीधारी नौजवान किसी नौकरी के लायक नहीं होते। कुछ वर्ष पहले चैंबर ऑफ कॉमर्स ने यह अनुपात इससे भी भयानक बताया था। कहा गया था कि देश के तकनीकी संस्थानों से निकलने वाले पचहत्तर प्रतिशत तकनीकी ग्रेजुएट किसी काम के लायक नहीं होते, जबकि पचासी प्रतिशत सामान्य ग्रेजुएट किसी नौकरी के लायक नहीं होते।

अब, सरकार है तो अपनी रिपोर्ट में कुछ लाज बचाकर ही बातें करेगी। इसलिए पचासी और पचहत्तर प्रतिशत को पचास प्रतिशत के दायरे में समेट कर नए आंकड़े जारी किए गए। जब कोई ग्रेजुएट होकर रोजगार के बाजार में उतरता है तो उसे " किसी काम के लायक नहीं" का तमगा पहना देना बहुत आसान है, लेकिन यह जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं होता कि आखिर किसी नौजवान को इस शिक्षण तंत्र ने कैसे "नालायक" बनाकर अकेला छोड़ दिया। न सिर्फ बनाकर, बल्कि अब वे उसे नालायक बता भी रहे हैं। क्या इसमें उस नौजवान की एकांत जिम्मेदारी है या हमारे शिक्षण तंत्र की विफलता भी इसमें शामिल है? सीधा सादा मामला बनता है शिक्षण की गुणवत्ता का और उस माहौल का, जो हम उस नौजवान को देते हैं। यानी, हमारा तंत्र अरबों रुपए खर्च कर करोड़ों नौजवानों को "किसी काम के लायक नहीं" की माला पहना कर जिंदगी के बियाबान में भटकने छोड़ देता है और हम विश्व गुरु आदि के दिवास्वप्न में डूबने लग जाते हैं। इस संदर्भ में कुछ बातें काबिले गौर हैं। आर्थिक सर्वेक्षण में देश भर के पचास प्रतिशत डिग्री धारियों के किसी लायक नहीं होने की बात कही गई है। यानी इसमें देशभर में फैले विश्वविद्यालयों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ ही तमाम आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी आदि के साथ ही बीएचयू, जेएनयू, डीयू, हैदराबाद यूनिवर्सिटी आदि जैसे नामचीन संस्थान भी शामिल हैं। सरकार ने अपनी रिपोर्ट में औसत निकालकर आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। थोड़ी गहराई से सोचें तो आईआईटी, आईआईएम, जेएनयू आदि से निकलने वाले नौजवानों में ऐसी संख्या आनुपातिक रूप से कम होगी, जिन्हें किसी लायक नहीं कह सकें बनिस्पत बिहार-यूपी आदि के सामान्य संस्थानों से निकलने वालों के। मन थर्रा उठता है अगर यह सोचा जाए कि देश भर के पचास प्रतिशत "किसी लायक नहीं" बन पाने वालों में बिहार के विश्वविद्यालयों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा?

इनमें बिहार जैसे पिछड़े राज्यों में अवस्थित निजी विश्वविद्यालयों या अन्य निजी संस्थानों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा। कोई रिपोर्ट अगर जारी हो और सच से पर्दा उठ सके तो पता चले कि बिहार, उत्तर प्रदेश आदि में अवस्थित अधिकतर सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थान प्रतिभाओं के हंता बन कर रह गए हैं। देश के ऐसे नौजवान, जो डिग्री हासिल करने के बाद नियोक्ताओं के शब्दों में "किसी नौकरी के लायक" नहीं होते, आनुपातिक रूप से उनकी सबसे अधिक पैदावार हिंदी पट्टी के इन इलाकों में ही होती है। इससे भी अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है। लगता ही नहीं कि बिहार जैसे भयानक बेरोजगारी से ग्रस्त निर्धन राज्य के राजनीतिज्ञों को अपने विश्वविद्यालयों की दशा-दिशा से कोई मतलब भी है। सबकी आंखों के सामने हमारे अधिकतर विश्वविद्यालय सर्वाधिक भ्रष्ट सरकारी ऑफिसों में शुमार हो चुके हैं, जहां दिन-रात नियम कानूनों की खुलेआम हत्या होती है, जहां शिक्षा की गुणवत्ता पर सिर्फ मुंह जबानी बातें होती हैं, जहां के नामांकित छात्र इस देश के सबसे अधिक अभागे छात्रों में शुमार हैं और जहां से निकलने वाले अधिकांश ग्रेजुएट सच में किसी काम के लायक नहीं होते।

यह सब कोई कुछेक व्यक्तियों और समूहों की कारस्तानी नहीं, बिहार के अधिकतर विश्वविद्यालयों में प्रतिभाओं की, उत्साहों की, शैक्षणिक गुणवत्ता की, निष्ठाओं की, नियमों की, कानूनों की बाकायदा संस्थानिक हत्या होती है और यह सब कोई लुक छिप कर नहीं, खुला खेल फर्रुखाबादी की तर्ज पर होता है। बिहार सरकार को चाहिए कि वह केंद्र सरकार की तर्ज पर कोई विशेष सर्वेक्षण करवाए, जिससे हम जान सकें कि हमारे राज्य के संस्थानों से निकलने वाले कितने प्रतिशत ग्रेजुएट किस लायक बन पा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# श्वेत प्रासाद में अश्वेत महिला



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

अमेरिका के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि कोई महिला और वह भी अश्वेत राष्ट्रपति पद की दावेदार बनी है। इसके प्रमुख सबक हैं। पहला, पूंजीवाद यदि अपने ही हितों में काम करे तो प्रत्यक्ष रूप में सामाजिक भेदभाव के संस्कार दूर करता है। वह सामाजिक उत्पीड़न और विषमता दूर नहीं करता, लेकिन उन पर टिके सामंती संस्कारों को दूर करता है।

दूसरा, कमला हैरिस की उम्मीदवारी की घोषणा स्वयं निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की है। यह 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' का मुकाबला करने का डेमोक्रेट्स का आह्वान है। मुझे कमला हैरिस के "भारतीय" मूल से कोई खास उत्साह नहीं हो रहा है, लेकिन रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स अमेरिका के लिए बेहतर हैं। तीसरा, अमेरिकी समाज में जनतांत्रिक चेतना, पूंजीवाद के दायरे में ही, इतनी तो है कि "भारतीय" मूल की उम्मीदवार को लेकर मुंडन कराने, धराशायी होने की धमकियां नहीं दी जा रही हैं, बल्कि भारतीय मूल के अमेरिका जा-बसैयों की शक्ति का पता चलता है। यह शक्ति केवल राजनीतिक नहीं है। हर क्षेत्र में भारतवंशी अग्रणी हैं। अब "मूल" निवासियों ने इनके प्रतिनिधि को शासन के शीर्ष पद के लिए प्रस्तावित किया है।

चौथा, अमेरिका अब एकमात्र महाशक्ति है। उसके राजनीतिक पटल का विश्व परिदृश्य पर असर पड़ता है। फिलिस्तीन पर इस्राइली हमलों के खिलाफ अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जो विरोध प्रदर्शन हुए थे, उसके बाद विद्यार्थियों को खुफियागिरी, धमकी और पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा। यह सब डेमोक्रेट बाइडेन के काल में हुआ। फिर भी वैश्विक राजनीति की दृष्टि से रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स बेहतर हैं। ओबामा अश्वेत थे और वे डेमोक्रेटिक पार्टी में एक महिला को पीछे करके आए थे। इतिहास ने करवट बदली है और उसी डेमोक्रेटिक पार्टी में ओबामा के वारिस बाइडेन ने अश्वेत महिला को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

-फेलबुक वॉल से

# क्या अवधेश प्रसाद होंगे सपा के मुख्यमंत्री दावेदार



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास।

दलित वोट बैंक उत्तर प्रदेश की सियासत का टर्निंग प्वाइंट बन गया है। यहां बसपा हाशिए पर है तथा इंडिया और एनडीए बराबर की शक्तियां बनकर किसी भी चुनाव के लिए दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। लोकसभा चुनाव में यूपी के नतीजों के हिसाब से तो इंडिया एनडीए पर भारी है। यूपी में भाजपा की हार और इंडिया की जीत के तमाम कारणों में एक बड़ा कारण ये है कि दलित समाज का बड़ा हिस्सा भाजपा और बसपा से खिसक कर इंडिया यानी सपा और कांग्रेस के साथ दिखाई दिया। आगे भी बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि दलित वर्ग किसके साथ आ रहा है और किसका साथ छोड़ रहा है।

बताते चलें कि अब से करीब दस बरस पहले यूपी में बसपा का इस समाज पर एकछत्र राज चलता था। पूर्व में 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने यूपी में दलितों-पिछड़ों का विश्वास जीतने की रणनीति में सफलता हासिल करने का सिलसिला शुरू किया था। गैर यादव पिछड़ी जातियों के बड़े वर्ग के साथ दलित समाज का करीब आधा हिस्सा भाजपा को निरंतर चुनावी सफलताएं दिलाने में सफल रहा। ऐसे में ज्यों-ज्यों भाजपा मजबूत होती गई बसपा उतनी ही कमजोर होती गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में सूबे में एक नया बदलाव आया और भाजपा व बसपा से जुड़ा दलित वर्ग छिटककर सपा और कांग्रेस (इंडिया) पर विश्वास करता दिखा। भाजपा को अतिआत्मविश्वास था कि गरीब-वंचित वर्ग को फ्री राशन और गरीब कल्याण योजनाएं जोड़े रहेंगी, किंतु आरक्षण, जाति जनगणना और बढ़ते निजीकरण की चर्चाओं के बीच संविधान की रक्षा सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया। महंगाई और बेरोजगारी ने भी असर किया और यूपी में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा। बसपा की सियासी निष्क्रियता, गठबंधन की राजनीति के इस दौर में मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला, पार्टी संयोजक आकाश आंनद द्वारा भाजपा पर आक्रामक होने पर उन्हें बैठा देने जैसे घटनाक्रम से बसपा पर भाजपा की बी टीम के आरोप गहरे होते गए।

इससे मुस्लिम समाज ने तो बसपा को सिरे से खारिज किया ही बचाखुचा अच्छा खासा दलित समाज भी इंडिया के साथ आ गया। बसपा के मूल वोटबैंक को लगा कि पार्टी सुप्रीमो चाहती ही नहीं हैं कि उनकी पार्टी सत्ता में भागीदारी निभाए। ऐसे में भाजपा से नाखुश दलित समाज को न चाहकर भी बसपा के बजाय इंडिया को मजबूत करना बेहतर लगा। बसपा यदि अपना अस्तित्व बचाने के लिए यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव तक यानी ढाई-तीन वर्ष निरंतर सपा या कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों के बजाय सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ आक्रामक रही, पार्टी सुप्रीमो मायावती मुस्लिम-मुस्लिम का पहाड़ा छोड़कर दलित समाज के लिए जमीनी संघर्ष करती नजर आईं, संविधान की रक्षा जैसे विषयों पर गंभीर दिखीं, जाति जनगणना, आरक्षण जैसे मुद्दों पर मुखर रहीं। निजीकरण के खिलाफ मोर्चा खोला या प्राइवेट कंपनियों में आरक्षण की मांग दमदार तरीके से उठाई तो बसपा अपना खोया दलित जनाधार भाजपा और इंडिया से थोड़ा बहुत वापस लाकर सूबे में त्रिकोणीय ताकत के समीकरण पैदा कर सकती है।

यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास। सपा मुखिया चाहें तो पार्टी और इंडिया हित में वो त्याग की भावना दिखाकर दलित राजनीति का बड़ा ट्रंप कार्ड खेलकर अपनी सफलता की रफ्तार को आगे बढ़ा सकते हैं। अयोध्या में भाजपा को पराजित कर ऐतिहासिक जीत हासिल कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने वाले सपा के वरिष्ठ नेता, कई बार के विधायक, मौजूदा सपा सांसद अवधेश प्रसाद को अखिलेश यादव यूपी के मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर बड़ी सियासी चाल चल सकते हैं। खुद मुख्यमंत्री बनने का मोह छोड़कर यदि अखिलेश यादव ने ऐसा कदम उठा लिया तो उनको अनेक लाभ मिलने की संभावना बन जाएगी। वो राष्ट्रीय फलक पर और तेजी से उभरेंगे, उनका कद राष्ट्रीय राजनीति में और भी ऊंचा हो जाएगा। दलित समाज से सपा की पुरानी कड़वाहट पूरी तरह दूर हो जाएगी। खुद जीतने की कोशिश के बजाय भाजपा को जिताने और बार-बार सपा को हराने कि रणनीति बनाने वाली बसपा को इस तरह सपा अच्छा सबक भी सिखा सकती है।

देश के अधिकांश राजनीतिक दल परिवारवादी कहलाते हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को अक्सर परिवार वाद के आरोपों से घेरा जाता है। कांग्रेस ने इन इल्जामों से घिरी अपनी छवि को तोड़ने की हर संभव कोशिश समय-समय पर की है। दस साल चलने वाली यूपीए सरकार में सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बन सकती थीं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग के बाद भी उन्होंने पीएम बनना स्वीकार नहीं किया। राहुल गांधी को प्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री की दावेदारी का चेहरा नहीं बनाया गया। मौजूदा समय में राहुल गांधी या सोनिया गांधी के बजाय कांग्रेस के दलित चेहरे मल्लिकार्जुन खड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। शायद यही सब कारण रहे कि आज कांग्रेस हाशिए से बाहर निकलकर अपनी पुरानी सियासी ताकत हासिल करने के लक्ष्य की तरफ बढ़ती दिख रही है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपने सहयोगी दल कांग्रेस के गांधी परिवार से त्याग की भावना सीखना चाहिए। यूपी में दलित चेहरे को मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर सपा अपने पीडीए की धार को और भी मजबूत कर देती है तो ताज्जुब नहीं कि अखिलेश यादव भविष्य की राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का बड़ा चेहरा बन जाएं।

# व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज अनेकानेक व्यवस्थाओं की एक व्यवस्था है। अब अनेकानेक की कोई संख्या तो बतला नहीं सकूंगा। कैसे बतलाऊं? जीवन का विस्तार असीम है और इस विस्तार की दिशाएं या कोण भी अगणित हैं। इस विस्तार, दिशाओं और कोणों में कितनी संस्थाएं या व्यवस्थाएं काम कर रही हैं? इसे कौन बतला सकता है?

ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं परिवार से लेकर विश्वसंस्थाओं तक फैली हुई हैं। ये व्यवस्थाएं न्याय से भी जुड़ी हैं, शिक्षा और चिकित्सा से भी जुड़ी हैं। ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं पुलिस सेना रक्षा संचार से भी संबद्ध हैं। राजनीति और प्रशासन से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं धार्मिक भी हैं, आर्थिक, व्यापारिक, औद्योगिक भी हैं। ये व्यवस्थाएं कृषि से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं स्थानीय भी हैं और विश्वस्तरीय भी हैं। ये संस्थाएं, व्यवस्थाएं या संगठन बनते और बिगड़ते रहते हैं, आगे भी बढ़ते हैं, पीछे भी हो जाते हैं। इनमें विरोध और अंतर्विरोध भी होते हैं, लेकिन इनके बीच एक संतुलन या समन्वय हमेशा बना रहता है। यह संतुलन और समन्वय ही समाज के स्वस्थ होने का लक्षण है। संतुलन समन्वय का आधार परस्पर विश्वास तथा परस्पर विश्वास का आधार सत्य है, लेकिन जब सत्य के स्थान पर छल आ जाता है, तब भरोसा भी विचलित हो जाता है, जब भरोसा विचलित हो जाता है, तब संतुलन और समन्वय गड़बड़ा जाता है, तब समाज के स्वास्थ्य की चिंता होती है, क्योंकि समाज स्वस्थ है तो व्यक्ति भी स्वस्थ होगा, उसके जीवन में सुख चैन होगा, लेकिन समाज ही अस्वस्थ होगा तब व्यक्ति का स्वस्थ रह पाना कठिन होता चला जाएगा।

झूठ, छल, कपट, अपराध, हिंसा, जबरदस्ती जैसी घटनाएं बढ़ती चली जाएंगी। मत्स्य न्याय या जंगलराज जैसा हो जाएगा। अशांति हो जाएगी। यह व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध है।

# 10 आईएएस व कई पीसीएस अधिकारियों के हुए तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ शिव प्रसाद बने उप्र अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के प्रबंध निदेशक

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने 10 आईएएस व आधा दर्जन से ऊपर पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। आईएएस शिव प्रसाद को अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वह अभी तक विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के पद पर तैनात थे। यहां रहे राधे श्याम को प्रतीक्षारत कर दिया गया है।

अभी तक प्रतीक्षारत रही प्रेरणा सिंह को एसीईओ ग्रेटर नोयडा बनाया गया है। अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल डा कंचन शरण को अपर आयुक्त आगरा मंडल के पद पर भेजा गया है। अपर आयुक्त बरेली मंडल अरुण कुमार को अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल भेजा गया है। अपर आयुक्त लखनऊ मंडल शीलधर सिंह यादव को विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी बनाया गया है। अपर आयुक्त लखनऊ मंडल रणविजय यादव को विशेष सचिव सिंचाई के पद पर भेजा गया है। फिरोजाबाद की सीडीओ दीक्षा जैन को सीडीओ कानपुर, कानपुर विकास प्राधिकरण के सचिव रहे शत्रुघन वैश्य को फिरोजाबाद का सीडीओ बनाया गया है। कानपुर के सीडीओ सुधीर कुमार को कानपुर का नगर आयुक्त बनाया गया है।

पीसीएस अधिकारियों में सिटी मजिस्ट्रेट लखनऊ सिद्दार्थ को कानपुर में एडीएम एफआर के पद पर भेजा गया है। गोरखपुर के सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे को एडीएम प्रशासन गौतमबुद्धनगर बनाया गया है। एसडीएम बुलंदशहर विमल किशोर गुप्ता को मेरठ में एडीएम न्यायिक के पद पर भेजा गया है। एसडीएम बुलंदशहर लवी त्रिपाठी को एसडीएम हापुड़ बनाया गया है। एसडीएम बहराइच पंकज दीक्षित को एसडीएम आजमगढ़ बनाया गया है। सहायक निदेशक स्थानीय निकाय शालिनी सिंह को एसडीएम उन्नाव बनाया गया है। एडीएम न्यायिक रायबरेली राजेश कुमार यादव-प्रथम को एडीएम नमामि गंगे एंड ग्रामीण जलापूर्ति मथुरा बनाया गया है। एडीएम नमामि गंगे एंड ग्रामीण जलापूर्ति मथुरा विशाल कुमार यादव को एडीएम रायबरेली बनाया गया है।

### सिद्दार्थ श्रीवास्तव बने छठे राज्य वित्त आयोग के सचिव

वित्त विभाग के अपर निदेशक सिद्धार्थ श्रीवास्तव को छठें राज्य वित्त आयोग का सचिव बनाया गया है। सचिव की नियुक्ति के बाद आयोग के गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि अब वित्त आयोग अपना कामकाज शुरू कर सकेगा। तीन साल के लिए गठित यह आयोग पंचायती राज संस्थाओं व नगर निकायों को राज्य सरकार के राजस्व से मिलने वाली हिस्सेदारी तय करेगा। आयोग इन दोनों संस्थाओं के संसाधन बढ़ाने के लिए सुझाव भी देगा। मालूम हो कि शासन ने अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार इस आयोग का अध्यक्ष और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन कुमार और आलोक दीक्षित को आयोग का सदस्य पहले ही बना चुकी है।

# तहसील में निवास करें एसडीएम और तहसीलदार : मुख्य सचिव

## मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को दिया निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत समस्याओं का करें निराकरण

**अमृत विचार:** प्रदेश के लोगों की समस्याओं को सुनने व समय पर उसका निस्तारण पर जोर देते हुए शासन ने उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को तहसील में ही निवास करने के सख्त निर्देश दिये हैं। इस सिलसिले में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। निर्देश का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जारी निर्देश में मुख्य सचिव ने कहा है कि उप जिलाधिकारी व तहसीलदार ज्यादा से ज्यादा समय अपनी तहसील में बितायें। आम लोगों की समस्याओं को सुनकर निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत उसका निराकरण करने का प्रयास करें। कहा गया है कि इससे न सिर्फ अधिकारियों की, बल्कि सरकार की छवि में भी सुधार होगा। मुख्य सचिव ने सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को निर्देश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है।

मुख्य सचिव ने कहा है कि सरकार की गुड गवर्नेंस की प्रतिबद्धता के लिए यह आवश्यक है कि तहसील स्तरीय प्रशासन पूरी सजगता व तत्परता से कार्य करें। इस निर्देशन व पर्यवेक्षण को सशक्त बनाने के लिए यह आवश्यक है कि संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी जिस तहसील में तैनात हैं, वहीं निवास करें। तहसील राजस्व प्रशासन के अंतर्गत सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तरह किय जाय। यह सुनिश्चित करना संबंधित जिलाधिकारी व मंडलायुक्तों का प्राथमिक दायित्व है। कहा गया है कि सभी जिलाधिकारी ईमेल आईडी पर सात दिन के अंदर इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएंगे। संबंधित मंडलायुक्त व शासन स्तर से इसका आकस्मिक निरीक्षण व जांच भी की जाएगी। संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी अगर तहसील में निवासरत नहीं पाए गए तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित जिलाधिकारी का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

# करेली में हुई वारदात का खुलासा, मां का कातिल निकला बेटा

**संवाददाता, प्रयागराज: अमृत विचार:** करेली के भावपुर इलाके में पिछले रविवार सुभद्रा पत्नी मनी रामपाल की घर के भीतर हत्या कर दी गई थी और अंजाम लूटपाट का दिया गया था इस मामले में पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी। वहीं सीसीटीवी के आधार को देखते हुए इलाके से घुमंतू लोगों को पकड़ा था।

पुलिस व एसओजी की टीम ने इस मामले का बुधवार को खुलासा कर दिया सुभद्रा की हत्या करने वाला कोई और नहीं उसका बेटा सचिन पाल उम्र 24 साल है पुलिस ने सचिन पाल को गिरफ्तार करने के बाद उससे पूछताछ की। उसने बताया कि मां दुकान ना जाने के लिए रोज डांट फटकार लगाती थी। पूछताछ में व टूट गया और जुर्म को कबूल कर लिया। वही लूटपाट की घटना फर्जी बतायी गई है।

# दो हजार चिकित्सक बने विशेषज्ञ डॉक्टर

पद्माकर पाण्डेय,लखनऊ

▸▸ न्यायालय के निर्देश के बाद डिप्लोमा डॉक्टर्स में उम्मीदें जगी

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर हो गई, उच्च न्यायालय (लखनऊ बेंच) के एक आदेश से विभाग की समस्या का समाधान हो गया। वर्तमान में सेवारत करीब डेढ़ से दो हजार डिप्लोमाधारी डॉक्टर विभागीय रिकार्ड में विशेषज्ञ हो गए हैं।

जन सामान्य को गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए बीते कई दशक से राज्य सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में कार्यरत एमबीबीएस डॉक्टरों को विभिन्न विषयों में डिप्लोमा करने भेजा जाता था। प्रदेश के आठ मेडिकल कॉलेजों में संसाधन बढ़ने के साथ ही डिप्लोमा लेने वालों की संख्या में भी इजाफा होने लगा। नतीजतन हर साल पीएमएसएच के 150-200 एमबीबीएस डॉक्टर दो वर्षीय डिप्लोमा मिलने लगा था। तकनीकी रूप से दिक्कत पंजीकरण को लेकर आ गई, तत्कालीन मेडिकल काउसिंल ऑफ इंडिया द्वारा मेडिकल कॉलेजों को डिप्लोमा सीट नहीं बढ़ाई गई, लिहाजा मेडिकल कॉलेजों के पास प्रति डिप्लोमा जितनी अधिकृत सीटें होती थी, उतने ही डॉक्टरों को उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी में बतौर विशेषज्ञ पंजीकृत किया जाता था। अर्थात हर विभाग में केवल सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले चिकित्सक ही पंजीकृत होते थे, अन्य सभी बतौर एमबीबीएस अस्पतालों में विशेषज्ञता युक्त सेवाएं रहे हैं। इन डॉक्टरों ने न्यायालय की शरण ली, बीते दिनों डिप्लोमाधारी डॉक्टरों के पक्ष में निर्णय आने से सभी ने राहत महसूस किया।

> संबन्धित मेडिकल कॉलेज से अपनी प्रमाण पत्र को फेरीफाई कराकर डॉक्टरों को स्टेट मेडिकल फैकल्टी में ऑन लाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने वाले डॉक्टरों का विशेषज्ञता में पंजीकरण किया जाएगा।
> **-डॉ.आलोक कुमार**, सचिव उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी

> उच्च न्यायालय का निर्णय, डिप्लोमाधारी डॉक्टरों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के लिए भी अच्छा है। सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए राज्य सरकार को पुनः डिप्लोमा कोर्सेस शुरू कराने की पहल करनी चाहिए।
> **-डॉ.अमित सिंह**, प्रांतीय महामंत्री पीएमएसएच

# थानों में बने जर्जर भवन होंगे ध्वस्त, बनेंगे नए आवास

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के कई थानों में बने आवासों के जर्जर हो जाने के कारण उसे ध्वस्त करने और नए आवासों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। पुलिस मुख्यालय से आए प्रस्तावों को ध्यान में रखते हुए शासन ने स्वीकृति भी दे दी है।

बतादें कि औरैया के थाना बिधूना में महिला आवास जर्जर हो गया है। इसके अलावा मुरादाबाद के थाना मुगलपुरा थाने में बने कर्मचारियों के आवास, यहीं के कोतवाली परिसर में बने कर्मचारियों के आवास, मथुरा के थाना नौहझील में आवास एवं बैरिक, लखनऊ के बंथरा में मथुरा के मोगर्रा थाना परिसर में जर्जर आवासों के ध्वस्तीकरण और नए आवास के निर्माण की संस्तुति कर दी गई है।

# डीएम ने जारी की डूबने से बचने की एडवाइजरी

संवाददाता, मिर्जापुर

▸▸ किया जा रहा फ्लड मॉक एक्सरसाइज का आयोजन

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन में विश्व ड्राउनिंग प्रिवेंशन दिवस 25 जुलाई के उपलक्ष्य में विभिन्न नदी, झील, नहर, पोखरा, कुआँ, तालाब, नाला गड्ढा, जल प्रपात में में डूबकर होने वाली दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु एडवाइजरी जारी करते हुए अपील की है।

अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल के मार्गदर्शन में गुरुवार को विन्ध्याचल दीवान घाट पर विभिन्न विभागों के समन्वय से फ्लड मॉक एक्सरसाइज का आयोजन कराया गया है। डूबने से रोकथाम के लिए जारी एडवाइजरी के अनुसार अति आवश्यक हो तो ही पानी में उतरें एवं गहराई का ध्यान रखें। ओवरलोडेड नौकाओं में न बैठें। नदियों, नहरों, जलाशयों या अन्य जल स्रोतों के पास लिखी हुई चेतावनी की अवहेलना न करें। छोटे बच्चों को घाटों एवं जल स्रोतों के समीप न जाने दें। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने समस्त ग्राम प्रधानों एवं नागरिकों से अपील किया है कि नदियां, तालाबों अथवा अन्य जल स्त्रोतों के पास बच्चों को न जाने दें। इस लिए सतर्कता बरतने और जागरुकता फैलाने का हरसंभव प्रयास करें। उक्त सम्बन्ध में उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि अगर किसी प्रकार की घटना घटित होती है तो 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस सहायता एवं 1070 राहत आपदा कंट्रोल रुम पर सूचना देने के साथ जिला आपदा इमरजेंसी कण्ट्रोल रूम पर सूचना अवश्य दें। उक्त जारी एडवाइजरी के अतिरिक्त विश्व ड्राउनिंग प्रिवेंशन दिवस 25 जुलाई के अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन में एवं अपर जिलाधिकारी, प्रभारी अधिकारी (आपदा प्रबंधन) शिव प्रताप शुक्ल के मार्गदर्शन में टेबल टॉप एक्सरसाइज में निर्धारित जिम्मेदारियों के अंतर्गत दीवान घाट, विन्ध्याचल पर विभिन्न विभागों के समन्वय से फ्लड मॉक एक्सरसाइज का आयोजन कराया गया।

# 10 पेड़ बच्चों के भविष्य के लिए अवश्य लगाए : धनंजय सिंह



संवाददाता, मुंगरा, बादशाहपुर

**अमृत विचार:** जौनपुर गोविंदासपुर स्थिती जी पी इंटर नेशनल स्कूल एंड कॉलेज में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने वृक्षारोपण कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने बोलते हुए कहा कि वृक्ष लगाना सबसे पुनीत कार्य है। पर्यावण के लिए वृक्षारोपण जैसे महान कार्य सभी को करना चाहिए। उन्होंने कॉलेज के बच्चो को संबोधित करते हुए आगे कहा कि पर्यावरण मानव जीवन का मूल अधिकार है। पर्यावरण ही पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व का आधार है। बगैर इसके पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सिंह ने आगे कहा कि आज जरूरत है कि हम लोग अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाए। सभी छात्र छात्राओं को अपने घर एक पौध अवश्य लगाना चाहिए। वही उन्होंने मौजूद गणमान्य जनों से अपील करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम और 10 पेड़ बच्चों के भविष्य के लिए सभी को लगाना चाहिए। इस दौरान बतौर विशिष्ट अतिथि राजीव प्रताप सिंह उर्फ राजू भैया ने अपने संबोधन में कहा कि पौध रोपण से ही पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है। सभी लोगों को अपने घर एक एक पौधे लगाना चाहिए। इसके पूर्व कॉलेज के प्रबंधक ओंकार नाथ शर्मा ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करते हुए बुके भी भेट कर भव्य स्वागत किया। इसी क्रम में बच्चो ने स्वागत गीत भी मुख्य अतिथि के स्वागत में पेश किया।

# खुद के नाम से चलाएं अपना ढाबा-रेस्टोरेंट

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर श्रीमद्भगदगुरु नारायणाचार्य शांडिल्य महराज ने उठाई मांग

**अमृत विचार:** कांवड़ मार्ग पर रेस्टोरेंट व ढाबों पर नेमप्लेट लगाने के मामले में प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर श्रीमद्भगदगुरु नारायणाचार्य शांडिल्य महराज ने समर्थन करते हुए कहा कि खुद और अपने दुकान का नाम बदलकर हिंदुओं को भ्रमित करने का काम मुसलमान बंद कर दें। उन्होंने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि अपने असली नाम और धर्म की पहचान छिपाकर इस तरह का खेल अब नहीं चलने वाला है।

शांडिल्य महराज ने कहा कि महाकुंभ में देश भर से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु संगम के तट पर जुटेंगे। ऐसे में सरकार को उनकी सुरक्षा के भी विशेष प्रबंध करने होंगे। पहले कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं का बीमा होता था ताकि मेले में यदि किसी भी श्रद्धालु के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसके परिवार को बीमा की धनराशि मिल सके।

इस संबंध में मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर हम संत समाज इसकी मांग करेंगे। शांडिल्य महराज ने कहा कि देश भर से जो श्रद्धालु महाकुंभ में आ रहे हैं उन्हें शासन-प्रशासन की ओर से डिजिटल आईडी कार्ड जारी किया जाना चाहिए ताकि सरकार के पास प्रत्येक श्रद्धालुओं का ब्योरा उपलब्ध हो। इससे कोई भी नाम, धर्म और भेष बदलकर मेले में न प्रवेश कर सके और कोई भी तरह की घटना को अंजाम न दे सके।

# बारिश से किसानों के खिले चेहरे

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में बुधवार की दोपहर से हो रही झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों को धान की रोपाई करने के लिए बारिश का पानी खेतों में जमा हो गया है। बारिश नहीं होने से किसानों को नहर के पानी पर धान की रोपाई करने के लिए आश्रित रहना पड़ रहा था। किसानों की धान की रोपाई पिछड़ रही थी लेकिन झमाझम बारिश होने से किसानों को बारिश का पानी फायदे मंद साबित हो रहा है। बारिश से जहां खेतों में पानी जमा हो गया वहीं सड़कों पर भी पानी चलने लगा है। बारिश के पानी से सड़क मार्ग पर चलने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश का पानी जहां धान की रोपाई के फायदे मंद साबित हो रहा है तो वहीं तिली व अरहर व दलहनी फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है।

# लापरवाही : तो क्या कैदी ऐसे जाते है बाग कमान, 2 वार्डर के भरोसे 24 कैदी

एक्सक्लूसिव

मिथलेश त्रिपाठी

**प्रयागराज।** नैनी सेंट्रल जेल से सजायाफ्ता कैदी काली चरण उर्फ़ बऊआ के फरार होने के बाद भी जेल प्रशासन ने सबक नही लिया है। चार दिनों से बंद पड़ी कमान को पांचवें दिन निकाली गई, लेकिन सुरक्षा के नाम पर सिर्फ दो वार्डर दिखाई दिये। ऐसे में माना जा रहा है कि वार्डरों की लापरवाही से कैदी काली चरण भाग निकला।

केंद्रीय कारागार से 20 जुलाई को सर्किल नंबर दो में बंद महोबा के पसवारा गांव का रहने वाला काली चरण उर्फ़ बऊआ पुत्र मुल्लू कमान में काम करने के दौरान भाग निकला था। जिसकी तलाश लगातार की जा रही है। कैदी के



फरार होने के बाद से जेल प्रशासन ने तलाशी की व्यस्तता के कारण चार दिनों से कमान को रोक दिया था। जिससे जेल के अंदर बंदियों के भोजन और सब्जियों को बनाने में भी परेशानियां शुरु हो गई। जिसको देखते हुए बुधवार को एक बार फिर जेल प्रशासन ने हिम्मत करते हुए बाग़ कमान निकली। जिसमे 24 सजायाफ्ता कैदियों को निकाला गया। उनकी सुरक्षा में सिर्फ दो वार्डर को लगाया गया। अब सोचने की बात यह है कि चार दिन पहले 22 बंदियों को संभालने के लिए एक हेड वार्डर और तीन वार्डर लगाए गये थे। जबकि चार दिन बाद भेजे गये कमान में 24 कैदियों में दो वार्डर ही थे। यह कहा जा सकता है कि बंदी के भागने के बाद भी कहीं न कही फिर लापरवाही बरती गई है।

## सार-संक्षेप

### खण्ड विकास अधिकारी के आदेश पर नाले की हुई सफाई

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** जिले के इमामपुर बाजार में नाला का सफाई होना था, जिसकी शिकायत करने पर खण्ड विकास अधिकारी के आदेश पर बुधवार को सफाई का कार्य हुआ। जहां युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा व ग्राम सचिव मौजूद रहे। बता दें कि यह नाला इमामपुर बाजार होते हुये भिखारीपुर बॉर्डर (पुलिया) तक गया है। बरसात से पहले वर्तमान में नाला की सफाई करना और नाला से अतिक्रमण को हटाना जरूरी था तो जिलाधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी के आदेश पर खण्ड विकास अधिकारी निर्देश पर बुधवार को नाला का सफाई कराया गया। सफाई होने से ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुये युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा एवं विकास खण्ड अधिकारी को धन्यवाद अर्पित किया। कुछ शरारती तत्वों द्वारा नाला सफाई में अवरोध करने के लिए से खुटहन पुलिस को सूचना दिये तो पुलिस ने अपने विवेक की प्रयोग करते हुए नाला सफाई में सहयोग किया। इस अवसर पर सुजीत वर्मा एडवोकेट, विपिन वर्मा, कलावती देवी, शैलेन्द्र गुप्ता, मंगल तिवारी, बृजेश अग्रहरी, रितेश अग्रहरी, राम आसरे, रामहित प्रजापति सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### श्री बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर के लिए सेना ने दी अनुमति

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** संगम नगरी में बने श्री बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर बनाने पर सेना ने अपनी जमीन देने के लिए सहमति देने के साथ अनुमति भी दे दी है। इसके लिए पीडीए और बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। जमीन देने पर सहमति दे दी थी। हनुमान मंदिर कॉरिडोर के लिए 2.76 एकड़ जमीन चाहिए। जबकि इसके बदले में सेना को धूमन गंज के नीवां में 19 हजार हेक्टेयर जमीन देने का निर्णय लिया गया है। संगम नगरी में किले के समीप श्री बड़े हनुमान जी का पुराना मंदिर है। इस मंदिर कॉरिडोर के निर्माण में आने वाले अड़चने अब खत्म हो गई है। सेना ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण को निमारण कार्य के लिए अनुमति दे दी है। निर्माण जल्द ही शुरू हो जाएगा। जल्द ही कॉरिडोर का काम शुरु कराया जायेगा। बताया जा रहा है कि पहले चरण का काम दिसंबर तक पूरा किया जायेगा वहीं दूसरे चरण का काम महाकुंभ के बाद पूरा होगा। इस निर्माण कार्य के लिए 38.18 करोड़ का टेंडर किया जा चुका है। पीडीए के अधिकारियों ने इस निर्माण कार्य के लिए निरीक्षण भी किया है। इस मंदिर के निर्माण कार्य के लिए वहां पर किये गये कब्जे हटाए जाएंगे। मंदिर में प्रवेश और निकास द्वार नए बनेगे। मंदिर मे छह द्वार बनाए जाएंगे। जिससे मंदिर मे आने वाले और जाने वालो का रास्ता सुगम होगा। इसी तरह से और रास्ता शंकर विमान मंडपम वाले रास्ते पर खुलेगा। मंदिर के पूरब कि दिशा में तीन अन्य द्वार होंगे। मंदिर में पूजा सामग्री और प्रसाद वितरण के लिए करीब 40 दुकाने बनाई जाएगी। यह दुकानें कॉरिडोर की बाउंड्री पर बनेगी। पहले से बनी दुकानों को हटाया जायेगा। मंदिर के महंत के लिए भी कमरे बनाए जाएंगे। मंदिर के गर्भगृह को छोड़कर अन्य कार्य पहले चरण में दिसंबर तक पूरा होगा।

### किसान दिवस पर उठाया सड़क व पेयजल की समस्या

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित किसान दिवस पर माता प्रसाद पटेल ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि प्रधानमंत्री की महत्त्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना के तहत ग्राम पंचायत हर्रा के कटाई व धमौली में अभी तक पाने का शुद्ध पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। जबकि प्रधाननमंत्री व मुख्यमंत्री ने हर घर नल जल योजना के तहत हर घर में नल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के लिए योजना चलाई है लेकिन कार्यदाई संस्था की लापरवाही के कारण आज भी कई गांवों में अभी भी पेयजल आपूर्ति शुरू नही हो सकी है। मतवार न्याय पंचायत के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क भारत के स्वतंत्र होने के बाद भी पक्की सड़क नहीं बन पाई है। बरुआ, कटाई,धमौली,औरा, नंदना,हर्रा में आवागमन के लिए सड़क निर्माण कार्य कराया जाना चाहिए।हलिया ब्लाक के अंतर्गत कटाई धमौली औरा बरुआ में विद्युत आपूर्ति के लिए तार पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं जिससे आये दिन आपूर्ति बाधित हो जाती है।हलिया ब्लाक में अदवा बांध से मेजा बांध तक बाणसागर नहर को माह अप्रैल तक किसान हित में बंद नहीं किए जाने की मांग किया है।

# दो दीवारों के बीच बागवानी, तो फिर कैसे लांघ गया 25 फिट की दीवार

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** केंद्रीय कारागार में खेती किसानी के लिए कृषि फार्म बनाया गया है। जो की दो दीवारों के बीच में बना है। जहां सजायाफ्ता बंदी खेती करने के लिए बाग़ कमान में भेजे जाते है। जहां से कैदी काली चरण उर्फ़ बऊआ भाग निकला। जिसका पता जेल प्रशासन, पुलिस और एसओजी अब तक नही लगा सकी है।

जिला महोबा नगर कोतवाली के पसवारा गांव का रहने वाले सजायफ्ता कैदी कालीचरण उर्फ बऊवा 28 पुत्र मुल्लू का सुराग पांच दिनों के बाद भी नही लग सका है। सेंट्रल जेल में सजा पाने वाले कैदियों को अलग अलग कमान में काम करने के लिए भेजा जाता है। इसी तरह से काली चरण को भी बाहर बाग़ कमान में 20 जुलाई को भेजा गया था। जहां कमान में भेजनें के दौरान गैंग बुक में उसका नाम दर्ज किया गया था और गिनती कराई गई थी। कालीचरण उर्फ़ बऊआ के फरार होने पर सवाल यह उठता है कि दो दीवारों के बीच बने बाग़ यानी जहां खेती की जाती है, वहां से 25 फिट की दीवार को वह कैसे फांद गया।



नैनी सेंट्रल जेल की महिला बैरक के पीछे की दीवार।



पांच दिन बाद निकाली गई सेंट्रल जेल से बाग़ कमान।

**डाग स्कवायड की टीम ने किया मुआयना :** नैनी जेल में कमान भी बंदी के भागने के बाद जेल प्रशासन ने डाग स्कवायड की टीम को बुलाया था। टीम ने उन सारी जगहों को सर्च किया जहां से बंदी के भागने की उम्मीद दिखाई दी। टीम ने महिला बैरक की दीवारों के साथ कृषि फ़ार्म की दीवारों पर निशान भी देखे। दीवारो पर कहीं भी हांथ, पैर और दीवार पर चढ़ने के निशान नही मिले है। जिसको लेकर जेल प्रशासन संशय में है कि आखिर बंदी भागा तो भागा कैसे।

> फरार बंदी कालीचरण की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दी जा रही है। बंदी को तलाश करने के लिए टीमबंदी को तलाश करने के लिए टाइमलगातार महोबा में भी दबिश दे रही हैं। बंदी कैसे भागा इसकी भी जांच की जा रही है। फिलहाल अभीउसे रास्ते का पता नहीं चल सका जहां से बंदी फरार हुआ है।
> **-रंग बहादुर पटेल, वरिष्ठ जेल अधीक्षक, नैनी सेंट्रल जेल**

### सड़कों पर लगे सीसीटीवी को खंगाल रही पुलिस

जेल से फरार कैदी काली चरण उर्फ़ बऊआ की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। बुधवार को नैनी पुलिस ने लेप्रोशी चौराहे से लेकर महिला बैरक की ओर जाने वाले घरों दुकानों और जेल में लगी सीसी टीवी कैमरो को खंगाला है। फिलहाल अभी कहीं से भी कोई फुटेज नही मिले है। बुधवार को डिप्टी जेलर, जेलर सहित जेल के कर्मचारियो और बंदियों ने फिर से सर्चिंग की लेकिन उसका कहीं पता नही चल सका।

### दो नंबर सर्किल के अन्य बंदियों से भी पूछताछ

नैनी सेंट्रल जेल के सर्किल नंबर दो में बंद महोबा के पसवारा से पांच महीने पहले भेजा गया गैंगरेप का आरोपी कालीचरण के फरार होने के मामले में 20 जुलाई को कमान में साथ काम करने गये अन्य बंदियों से भी जेल प्रशासन पूछताछ की है। हलाकि यह जानकारी नही हो सकी है पूछताछ में अन्य बंदियों ने क्या जानकारी दी है। वहीं कमान लेकर गए हेड वार्डर बलवीर यादव, वार्डर अभिषेक सिंह, बृजेश यादव व आशुतोष चतुर्वेदी से भी पूछतच की जा रही है।

### जेल की महिला बैरक की दीवारों में फ़ासले की जा रही जांच

जेल अधिकारियों के मुताबिक करागार में दो दीवार है। अंदर की दीवार 20 फिट और बाहर की दीवार 25 फिट की है। इन दोनो दिवारो के बीच काफी फ़ासला है। महिला बैरक की बात करें तो वहा पर पुरानी दीवार एक जगह से खुला हुआ है, जहां से पेड़ो पर चढ़ा जा सकता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बंदी इसी का फायदा उठाकर भागा होगा।

# अतीक-अशरफ हत्याकांड: फास्ट ट्रैक कोर्ट में इंस्पेक्टर की गवाही

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ बदली गई चार्जशीट, चित्रकूट जेल में बंद है तीनों शूटर

**अमृत विचार:** जिले बहुचर्चित अतीक अशरफ हत्याक़ांड मामले की चार्जशीट में बदलाव किया गया है। इस हत्याकांड में अब गवाही शुरु हो गई है। मामले में अब तत्कालीन इंस्पेक्टर राजेश मौर्या की गवाही भी होगी। मालूम हो कि जिस वक्त दोनो भाइयों की हत्या हुई उस वक्त वह धूमनगंज इंस्पेक्टर राजेश मौर्या और उनकी टीम की कस्टडी में थे। इसलिये वह चश्मदीद गवाह हैं। राजेश मौर्या की गवाही 8 अगस्त को गवाही के लिए बुलाया गया है।

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या कांड के मामले में दाखिल की गई चार्ज शीट बदली गई है। पहले चार्जशीट लिखा था कि सिपाही मान सिंह पर जानलेवा किया गया था, जबकि हत्याकांड के दौरान सिपाही पर हमला ही नहीं हुआ। इसलिए अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। इस मामले में राजेश मौर्या के अन्य गवाहों की गवाही होगी। हालांकि सुरक्षा को देखत्व हुए अतीक-अशरफ की हत्या के आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कराई जा रही है।हत्याकांड के आरोपी मोहित सिंह उर्फ पूरन सिंह उर्फ सनी, लवलेश तिवारी और अरुण मौर्या इन दिनों चित्रकूट जेल में बंद हैं। प्रयागराज के फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई होगी। न्यायाधीश विष्णु कुमार मिश्र की अदालत में होगी।

# जनसहयोग से सफल होगा पौधरोपण अभियान

## देवा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक स्कूल सलारपुर में अधिकारियों और ग्रामीणों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत रोपित किए पौधे


पौधरोपण करतीं बाडीओ डॉ. नेहा शर्मा। अमृत विचार


मुख्य अतिथि को सम्मानित करती टीम अमृत विचार।


पौधरोपण करते वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह। अमृत विचार


पौधरोपण करते बीईओ रामनारायण यादव। अमृत विचार

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जनसहयोग से ही पौधरोपण का यह अभियान सफल होगा। अमृत विचार संस्थान द्वारा चलाया जा रहा पौधरोपण अभियान एक सराहनीय पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि सभी लोग अपनी मां के नाम से एक पेड़ जरूर लगाएं। वहीं समाचार पत्र की यह संस्था पीएम के इस संकल्प को पूरा करने में जुटी है, लेकिन हम सब की भी जिम्मेदारी है कि एक पौध जरूर लगाएं और अपने बेटे की तरह उसका पालन पोषण करें ताकि वह बड़ा होकर पेड़ का रूप ले सके और हमें ऑक्सीजन के साथ छाया, फल आदि दे सके। यह बात खंड विकास अधिकारी देवा डॉ. नेहा शर्मा ने बुधवार को क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सलारपुर में अमृत विचार संस्थान द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही।

उन्होंने कहा कि बीते 20 जुलाई को पूरे ब्लॉक क्षेत्र में दो लाख से अधिक पौधे रोपित किए गए हैं, लेकिन इन पौधों को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसे आंदोलन के रुप में लेना होगा। तभी हमारा मकसद पूरा होगा। उन्होंने संस्थान के इस अभियान की प्रशंसा की। वहीं मुख्य अतिथियों में शामिल रहे वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह ने कहा कि पौधरोपण अभियान में सभी लोग जुड़े। धरती का श्रंगार पौधरोपण से ही होगा। आपके पास जो जमीन है, उस पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं। इसमें बच्चों के अलावा बड़े लोग भी शामिल हों। प्रधानमंत्री के आह्वान पर हम सब मिलकर अपनी मां के नाम पर एक पौध जरूर रोपित करें। इसी कड़ी में कार्यक्रम का संचालन कर रहे खंड शिक्षाधिकारी देवा रामनारायण यादव ने कहा कि जरूर नहीं कि हम दस पेड़ लगाकर ही अभियान का हिस्सा बन सकते हैं। आप एक पौध लगाएं, लेकिन उस पौधों को जीवित रखें, यह अहम बात है क्योंकि एक पेड़ दस पुत्रों के समान होता है। इसलिए पौधे लगाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

बीईओ रामनारायण यादव ने कार्यक्रम के संचालक की भूमिक भी बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाया। वक्तव्य के बाद मौजूद अधिकारियों के साथ प्रधान सुमन सिंह सहित ग्राम पंचायत के अन्य लोगों ने एक-एक पौधा रोपित किया और पौधरोपण को लेकर शपथ लिखे स्लोगन बोर्ड पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में वन विभाग की प्रमुख भूमिका रही। मुख्य अतिथियों को संस्थान की ओर से सम्मानित भी किया गया।

वहीं अमृत विचार द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान में कई अन्य लोगों की भी मौजूदगी रही। इनमें वन विभाग के दरोगा प्रशांत कुमार, सुभाष श्रीवास्तव, मनोज कुमार के साथ प्रधान प्रतिनिधि शान बहादुर सिंह, पर्यावरण प्रेमी विजय प्रताप सिंह, हरेंद्र बहादुर सिंह, पंचायत सचिव यशवंत सिंह, ब्लॉक प्रमुख देवा प्रतिनिधि पुष्पराज यादव, आनन्द प्रताप सिंह, सुनील लोधी, उमेश चंद्र वर्मा, अजीत सिंह, कृष्णा सिंह, रामलखन लोधी, शिवमंगल सिंह, जिला संवाददाता अमृत विचार नितिन श्रीवास्तव, रीतेश श्रीवास्तव, श्रीनिवास त्रिपाठी, छायाकार सुभाष मिश्रा और देवा संवाददाता दीपराज सिंह समेत ग्राम पंचायत के कई अन्य ग्रामीण और समाजसेवी नागरिक मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत से मोहा मन

परिषदिय स्कूल की छात्र-छात्राओं ने मुख्य अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर मौजूद लोगों को मन मोह लिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वागत है स्वागत है, गीत गाकर अपनी कला का परिचय दिया। स्वागत गीत के साथ नृत्य की प्रस्तुति में शिवा, अमान, अनुज, काजल, रागिनी, सुमित्रा, खुशी और सलोनी शामिल रहीं। इन बच्चों की कला की सभी ने खूब प्रशंसा की और तालियां बजाकर इन सभी का उत्साहवर्धन किया। बच्चों की इस प्रस्तुति मं प्रधानाचार्या बीना देवी, स्नेहा पांडेय, शालिनी जायसवाल, सीमा, संगीता राय और श्रुति सिंह का योगदान शामिल रहा।


स्वागत गीत प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार


पौधरोपण करतीं ग्राम प्रधान सुमन सिंह। अमृत विचार

# ग्रामीणों ने पॉवर हाउस का किया घेराव, आश्वासन पर माने

**अघोषित बिजली कटौती से परेशान होकर किया प्रदर्शन**

सुबेहा, बाराबंकी

**अमृत विचार:** अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने देर रात पलिया पॉवर हाउस का घेराव कर लिया। मौके पर पहुंची सुबेहा पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर ग्रामीणों को वापस भेजा।

भीषण गर्मी में भी बिजली विभाग के द्वारा दिन रात की जा रही अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। जिसके चलते मंगलवार देर रात नरौली गांव के दो दर्जन से अधिक लोग पलिया पॉवर हाउस पर पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने बताया कि दिन-रात मिलाकर मौजूदा समय में दस घंटे भी बिजली नही दी जा रही है। टोल फ्री नंबर के माध्यम से जब जानकारी मांगी जाती है, तो ऊपर से कटौती की जा रही बताया जा रहा है। रोस्टर के हिसाब से भी बिजली सप्लाई नहीं दी जा रही। रात्रि में भी बेतहाशा बिजली कटौती की जा रही है। जिससे घर की महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी होती है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सुबेहा पुलिस ने बिजली विभाग के अधिकारियों से ग्रामीणो की बात कराकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर घर भेजा। वहीं पूरे प्रकरण पर जेई पलिया सद्दाम का कहना है कि कभी-कभी लोकल फाल्ट से भी सप्लाई बाधित होती है। बाकी जितनी सप्लाई ऊपर से मिलती है, निर्बाध रूप से सप्लाई दी जा रही है। जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि न तो रोस्टर का पता है, न ही सप्लाई का टाइम निर्धारित है। बिजली देने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। बमुश्किल से छह घंटे भी सप्लाई नहीं दी जा रही। पलिया हाउस से रजनीश मिश्रा, राहुल मिश्रा, गुड्डू मिश्रा, सुधीर मिश्रा, कन्हैया पांडेय सहित दो दर्जन लोगों ने पॉवर हाउस पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

### शट और ब्रेकडाउन के नाम पर हो रही अघोषित कटौती

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** अधाधुंध बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से इस भीषण चिपचिपी गर्मी में ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ कस्बों के उपभोक्ताओं का दिन का चैन व रातों की नींद हराम है। शासन व प्रशासन के भरपूर बिजली उपलब्ध कराने के दावे क्षेत्र में खोखले साबित हो रहे हैं। शासन द्वारा तहसील मुख्यालय पर 22 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों को 20 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है, परंतु इस दावे पर बिजली विभाग खरा साबित नहीं हो पा रहा है। शटडाउन ब्रेकडाउन के नाम पर हो रही अघोषित विद्युत कटौती के चलते कस्बा हैदरगढ़ में तहसील मुख्यालय होने के बावजूद 10 से 12 घंटे की बिजली मिल रही है। बिजली कब आएगी जाएगी इसके बारे में आम जनता तो क्या अधिकारी भी नहीं जानते। दिन में कभी भी बिजली चली जाती है और फिर घंटों दर्शन नहीं होते। यही हाल रात में भी होता है। रात्रि में भोजन के समय और सुबह दैनिक क्रिया कलापों के दौरान बिजली का गायब होना आम बात है। कोढ़ में खाज की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब बिजली मिलती भी है वह इतनी लो वोल्टेज होती है कि कोई भी विद्युत उपकरण काम नहीं करता है।

## एक नजर

### बहाल हुए प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी: अमृत विचार:** 6 माह पूर्व जिलाधिकारी के आदेश से रोके गए ग्राम प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार हाईकोर्ट के निर्देश पर डीएम ने बहाल कर दिए। विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत नरेंद्र पुर मदरहा की प्रधान मीरा देवी के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों पर एक फरवरी 2024 को खंड विकास अधिकारी त्रिवेदीगंज की संस्तुति पर जिला अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया था। निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय पहुंची ग्राम प्रधान मीरा देवी को न्यायाधीश ने राहत देते हुए जिला अधिकारी को निर्देश दिया है कि तत्काल प्रभाव से निलंबित किए गए प्रधान मीरा देवी के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार बहाल किए जाएं। जिलाधिकारी के निर्देश में तत्काल प्रभाव से प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों को बहाल किए जाने का आदेश दिया गया।

### गैंगस्टर एक्ट के तहत दो लोग गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को मसौली पुलिस टीम ग्रामगैंगस्टर एक्ट के तहत जनपद श्रावस्ती के ग्राम रमवापुर डकाही थाना क्षेत्र इकौना निवासी अभिषेक तिवारी पुत्र शिवशंकर व ग्राम मल्लपुरवा थाना क्षेत्र इकौना निवासी रोहित वर्मा पुत्र मोतीलाल वर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

### हाईवे पर बाइकों की भिड़ंत में 3 लोग घायल

**त्रिवेदीगंज-बाराबंक, अमृत विचार:** लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर लोनी कटरा थाना क्षेत्र में अलादादपुर चौराहे के पास बुधवार दो बाइकें भिड़ गईं। हादसे में थाना सतरिख के जैसाना गांव निवासी राहुल (24) अनुज (23) व थाना लोनी कटरा के इलियासपुर निवासी रघुराज (50) घायल हो गये। सभी घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया जहां से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। जहां सभी का इलाज जारी है।

# मंदिर में चोर ने हाथ किया साफ, गिरफ्तार

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भक्त के वेश में मंदिर में घुसे बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े बजरंग बली के मुकुट पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी होने पर मंदिर के पदाधिकारी के अलावा अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मंदिर पर लगे सीसीटीवी फुटेज को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने कस्बा निवासी एक चोर को गिरफ्तार कर मुकुट बरामद कर लिया है।

जवाहर वार्ड के शनि बाजार में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित है। जहां पर हनुमान जी व दुर्गा माता की मूर्तियां स्थापित हैं। सुबह 9:30 बजे पूजा पाठ करके पुजारी व अन्य भक्त वापस चले आए। इसके बाद सुबह 10 बजे भक्त के भेष में घुसे चोर ने बजरंग बली की मूर्ति पर स्थापित चांदी के मुकुट पर हाथ साफ कर दिया। बजरंग बली के सिर से मुकुट गायब देख पुजारी के होश उड़ गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची, पुलिस ने मंदिर पर लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए मुकुट बरामद कर लिया है। पकड़ा गया चोर कस्बा के सुलेमानपुर वार्ड के कछवा मोहल्ला निवासी वीरेंद्र कश्यप पुत्र शंकर है।

## चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाला शातिर गिरफ्तार नकदी और मोबाइल बरामद

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय पुलिस द्वारा बीती रात चोरी की चार घटनाओं का अंजाम देने वाले शातिर एक चोर को गिरफ्तार किया। बीती रात राम सनेही घाट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम करौंधिया के पास स्कूल के निकट शातिर चोर सोनू उर्फ मोहम्मद वैश्य पुत्र मुन्ना निवासी जमालपुर थाना असन्द्रा को गिरफ्तार किया गया। सोनू के कब्जे से चोरी के जेवरात और मोबाइल फोन व नकदी बरामद की गयी। कोतवाल ओ पी तिवारी ने बताया कि सोनू का एक गैंग है जो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर भैंस चोरी व घरों में चोरी करने जैसे अपराध करता है। अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर करीब एक महीने पहले रामसनेही घाट के गांव पिपरिहा के एक घर से मोबाइल फोन चोरी किया था व भरहेमऊ गांव में दो घरों से जेवरात चोरी किया था। सोनू के निशांदेही पर उसके घर से समान बरामद किया गया। साथ ही ग्राम लेखड़िया से दो भैंस चोरी कर बेच दिया था। सोनू अपने अन्य साथियों के साथ करीब 20 दिन पूर्व जनपद अमेठी में चोरी करने गया था जहां पर अमेठी पुलिस द्वारा उसके साथी इमरान, दिलीप व रईस को गिरफ्तार कर लिया गया साथ ही करीब चार दिन पूर्व नसीम को भगवानपुर चौराहे पर स्थित एक दुकान से सोलर पैनल व रूपये चोरी किया था।

# युद्धस्तर पर आगे बढ़ाएं संचारी रोग नियंत्रण अभियान

कार्यालय संवादाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान के सफलता को लेकर चतुर्थ जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन सीडीओ अ. सुदन की अध्यक्षता में लोक सभागार में किया गया। सीडीओ ने अधिकारियों को युद्धस्तर पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुडे. मामलों की आशंका को देखते हुए जिले में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित करने को निर्देशित किया। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से करने, निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए झाड़ियां की कटाई, तालाबों, नालों व नालियों की साफ-सफाई कराएं। इस दौरान स्वास्थ्य, नगर विकास, पंचायतीराज, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, शिक्षा, दिव्यांग, कृषि, पशुपालन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा अन्य सभी सबंधित विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्र के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डॉ. अवधेश यादव, एसीएमओ डॉ. डी के श्रीवास्तव, डीपीओ अखिलेंद्र दूबे समेत सभी उप मुख्य चिकित्साधिकारी, ईओ आदि मौजूद रहे।


बैठक में दिशा निर्देश देते सीडीओ अ. सुदन। अमृत विचार

**सीडीओ ने अंतर्विभागीय समंवय समिति की बैठक में दिए निर्देश**

### 40 में से 35 दिव्यांग बच्चों का बना यूडीआईडी कार्ड

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केन्द्र हैदरगढ़ में यूडीआईडी (यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड) बनवाने के लिए परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों का मेडिकल एसेसमेंट कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा सुधा जायसवाल के निर्देशन में जिला मुख्यालय से आयी मेडिकल टीम के चिकित्सक डॉ. अफसर खान, मनोज आर्या अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. डी.के. श्रीवास्तव नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. विनोद कुमार पाल मानसिक रोग विशेषज्ञ द्वारा कुल 40 बच्चों का परीक्षण किया गया। जिसमें से 35 बच्चों का यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड बनाया गया। कार्यक्रम में स्पेशल एजुकेटर मनोरमा सिंह, सहदेव प्रजापति, ओमप्रकाश, प्रदीप कुमार सोनकर द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। सुधा जायसवाल ने कहा- अतिशीघ्र दिव्यांग बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा।

# कहासुनी के बाद निकले युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका मिला शव

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** तीन दिन पूर्व घर में परिजनों से कहासुनी करने के बाद युवक घर से कहीं चला गया था। युवक का शव घर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर पेड़ से गमछे के फंदे में संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़ेला मजरे गौरा गजनी निवासी मनोज कुमार (32) पुत्र मेवालाल के घर पर 21 जुलाई को घनातिया का कार्यक्रम था। शाम को मनोज की किसी बात को लेकर घर में कहासुनी हो गई। जिसके बाद वह घर से चला गया था। जिसके बाद परिजनों द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी। बुधवार को गांव के बाहर पेड़ से गमछे से मनोज का शव लटका हुआ ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस संबंध में कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### 43 लोगों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा अभियान के तहत बुधवार को पुलिस ने 43 अभियुक्तों के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की गई।

**सूचना**

**श्रीमती रूना सिंह सहायक अध्यापिका (अंग्रेजी) भक्त दलगंजन विद्या पीठ इण्टर कालेज खजुरी-बाराबंकी** आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप लम्बे समय से बिना किसी वैधानिक कारण से विद्यालय में लगातार कई महीनो से अनुपस्थित चल रही है जिससे बच्चों का पठन-पाठन पूर्णतया प्रभावित हो रहा है इस सम्बंध में आपको अनेक बार मौखिक एवं पत्रों के माध्यम से चेतावनी जारी की गयी, परन्तु न ही आप विद्यालय में उपस्थित हुई और न ही अनुपस्थित रहने का कोई वैधानिक कारण बताया इससे यह प्रतीत होता है कि आप शिक्षण कार्य करना नहीं चाहती। अंतिम अवसर के रूप में आप सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के अन्दर अपनी लगातार अनुपस्थित रहने का वैधानिक स्पष्टीकरण दे अन्यथा आपकी सेवा समाप्ति का प्रस्ताव नियमानुसार प्रेषित कर दिया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आप की होगी। **प्रबन्धक-भक्त दलगंजन विद्यापीठ इण्टर कालेज, खजुरी, बाराबंकी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बिरौली विकासखंड रामनगर जिला बाराबंकी**

पत्रांक :- ग्रा0पं0का0/2024-25 दिनांक - 13/07/2024

**निविदा आपूर्ति सूचना**

मनरेगा योजना अंतर्गत /15वां वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन अभियान/ ग्राम निधि/एस0बी0एम0 (आर0आर0सी0) अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं मरम्मत, अन्नपूर्णा खाद्य भंडार निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री, पंचायत भवन निर्माण एवं विद्यालयों का कायाकल्प, विद्यालय एवं पंचायत भवन चहरदीवार निर्माण, साजसज्जा, सामुदायिक शौचायलयों का निर्माण एवं मरम्मत, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, डेक्स बेंच आदि क्रय, अमृत सरोवर निर्माण,खडंजा, नाली,नाला, इंटरलॉकिंग निर्माण,आर0सी0सी0 रोड, पेयजल आपूर्ति, आरओ वाटर कूलर सिस्टम, फागिंग मशीन क्रय व मरम्मत, 2x2 वेटरीफाइट टाइल्स, व्यक्तिगत कार्य, साफ सफाई किट, हाई मास्क लाइट,स्ट्रीट लाइट,सोलर लाइट, गौ/पशु आश्रय स्थल निर्माण एवं मरम्मत, समतलीकरण,भूसा, हरा चारा,चोकर,पी एल सी, सी एस सी, प्रवेश द्वार निर्माण, अन्य आकस्मिक कार्य, इत्यादि विकास कार्यो के लिए सीमेंट ईट प्रथम श्रेणी, सीधा तांबड़ा ईट, मौरंग, बालू,सरिया,टाइल्स,रंगाई पुताई तथा वायरिंग, गिट्टी ह्यूम पाइप पत्थर गिट्टी, सीमेंट ईट, हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री, पशु देखभाल एवं उपचार सामग्री, ठेलिया,ई0-रिक्शा अश्वटो इत्यादि आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के दिनांक 25 जुलाई से 31/7/2024 के अंदर सामग्री आपूर्ति हेतु अपने निविदा दर व वंचित पत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के टेंडर बक्ष्वक्स में डालना सुनिश्चित करें।

नियम एवं शर्तें रू-

1-जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसी की निविदा स्वीकार करते हुए सामग्री आपूर्ति के लिए सूचित किया जाएगा। यदि आपूर्तिकर्ता निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं कर पाता है तो ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत निविदा निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति करवाने के लिए स्वतंत्र होगी।

2- जिस फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो व आयकर दाता हो की प्रमाणित छाया प्रति संकलन करना आवश्यक है।

3- यह की ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम पंचायत द्वारा नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा आपूर्ति करता की मौजूदगी में निविदा खोली जाएगी।

4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत करो से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।

5- जो दरे प्रस्तुत की जाए वह दरें जीएसटी, धुलाई ,चढ़ाई उतराई तथा अन्य करो को जोड़कर प्रस्तुत की जाए।

6- सामग्री आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत / ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाए।

7- प्रस्तुत रेट पी डब्लू डी व एस0 ओ 0आर 0 के स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

8- स्वीकृत आपूर्ति का भुगतान तकनीकी सहायक /अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत की जाए।

**नोट-सामग्री की गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।**

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बिरौली
विकास खंड रामनगर
जिला बाराबंकी।

सचिव
ग्राम पंचायत बिरौली
विकास खंड रामनगर
जिला बाराबंकी।

**राहत** जिलाधिकारी के प्रयास से पूरा हुआ सपना, भूमि मुहैया करा दी गई है और जल्द ही शुरू होगा निर्माण

# दूर हुआ किसानों का दर्द, बनेगी उपमंडी, बस बजट का इंतजार

राजीव नयन तिवारी, फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** किसानों को उनकी उत्पादन का सही मूल्य मिल सके इसलिए उपमंडी का होना बहुत जरूरी है। वर्ष 2007 से शुरू हुए भूमि अधिग्रहीत के कार्य पर अब जाकर लगाम लगी है। डीएम ने शासन को उपमंडी बनाने के लिए जमीन मुहैया करा दी है और बजट मिलते ही मंडी स्थल को बनाने की प्रक्रिया जोरों पर शुरू कर दी जाएगी।

मालुम हो कि जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने उपमंडी स्थल फतेहपुर के लिए जमीन की मांग की थी। जिसे स्थानीय तहसील प्रशासन द्वारा पूरा कर दिया गया है। डीएम स्तर से उपमंडी की जमीन को उपलब्ध कराते हुए इसकी सूचना राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक को एक पत्र के माध्यम से दी जा चुकी है। जमीन की उपलब्धता होने के बाद बजट की स्वीकृति होते ही मंडी स्थल को बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

फतेहपुर क्षेत्र आलू, मिर्ची के उत्पादन में चर्चित है। अत्याधिक मात्रा में यहां पर आलू और मिर्ची का उत्पादन किया जाता है। यहां की मिर्चियां देश के कई अन्य राज्यों मे निर्यात होती हैं। इस व्यवसाय से जुड़े लाखों किसानों को मंडी स्थल न होने का दर्द हमेशा बना रहता था। क्षेत्र के किसानों को अपनी अच्छी फसलों की बिक्री के लिए इटौंजा, लखनऊ, सीतापुर, महमूदाबाद और बाराबंकी शहर में बनी मंडी स्थल में फसल लेकर जाना पड़ता था और औने पौने दामों पर बेचना पड़ता था। उपमंडी स्थल बनाने के लिए साल 2007 से ही योजना बनती चली आ रही थी, लेकिन अब इस परेशानी को नजर में रखते हुए जिलाधिकारी की नजरें इस बात पर गौर करती दिखाई देने लगी। जिलाधिकारी ने ग्राम फतेहपुर में गाटा संख्या (1791) खमि व गाटा संख्या 1791 पर उपलब्ध 1.559 हेक्टयर जमीन को उपमंडी स्थल फतेहपुर के निर्माण कार्य के लिए राज्य उत्पादन मंडी परिषद के पक्ष में दर्ज कराने के लिए मुहैया करा दिया गया है। इस काम से किसानों में काफी उत्साह देखने को मिला है।


किसानों के लिए प्रस्तावित उपमंडी स्थल फतेहपुर। अमृत विचार

### उपमंडी बनने को लेकर क्या बोले लोग

व्यापारी मुख्तार अहमद का कहना है कि हम लोगों को 4 प्रतिशत का टैक्स बाहर जाकर देना पड़ता है। लेकिन अब उपमंडी बनने से हम लोगों का इसका सीधे लाभ होगा और टैक्स से भी निजात मिल जाएगी। हम लोग अब यहीं पर रहकर ही व्यापार कर सकते हैं और बाहरी व्यापारियों से अच्छा कमा सकते हैं। वहीं व्यापारी राजेन्द्र प्रसाद का कहना है कि स्थानीय स्तर पर हम जैसे व्यापारियों को मण्डी बनने से बहुत फायदा होगा और बिना भाड़ा व वाहन के हम लोग मुनाफा कमाएंगे। उधर, किसान शेषपाल का कहना है कि उपमंडी बनने से किसानों को फायदा होगा और फसल का उचित मूल्य मिलेगा।

> उप मंडी के लिए भूमि अधिग्रहित हो चुकी है। इसके लिए बजट मिलने पर निर्माण कार्य शुरू होगा।
> -राजेश विश्वकर्मा, एसडीएम फतेहपुर।

## एक नजर

### अधूरे गोशाला में कैद मवेशी खा रहे सड़ा भूसा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** बिना अधिकारियों के संज्ञान में ग्राम प्रधान ने गौशाला चालू करवाया। राज्य सरकार द्वारा हर माह लाखों रुपए गौशालाओं पर खर्च किया जाता है। फिर भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। जिस कारण छोटी सी लापरवाही की वजह से गोवंश के लिए गौशाला एक कैदखाना बन चुका है। मामला ब्लॉक बनीकोडर के ग्राम पंचायत असेना का है। यहां पर गोशाला का निर्माण बेसहारा जानवरों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिये तैयार किया गया। मगर आधी अधूरी व्यवस्था के साथ ग्राम प्रधान और सचिव ने बेसहारा जानवरों को बंद कर दिया। जिसमें सिर्फ भूसा ही है उचित पानी की व्यवस्था भी नही है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी की ढुलमुल रवैये के कारण गोवंश की स्थित बद से बदतर होती जा रही है। नवनिर्मित गौशाला पहुंचे तब गोवंश संरक्षण की हकीकत सामने आई। गौशाला में हरे चारे की व्यवस्था कोसों दूर है। गोवंश सूखा भूसा खाकर अपने आपको किसी तरह जिंदा रखे हैं। देखभाल करने वाला भी कोई नहीं है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गोवंश के लिए गोशाला कैदखाना बनकर रह गया है। 9 माह पहले भूसा लाया गया था। भूसा भी खराब हो चुका है लेकिन भूखे प्यासे जानवर खराब भूसा खाने को मजबूर हैं।

### उपकरणों के परीक्षण को लेकर कैंप आज

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** गुरूवार को विकास खण्ड सूरतगंज में कैंप लगाकर दिव्यांग जनों के सहायक उपकरणों का परीक्षण होगा। दिव्यांगजन दस बजे कैंप मे पहुंचकर अपनी समस्या का समाधान कर सकेंगे। यह जानकारी बीडीओ देवेंद्र प्रताप सिंह ने दी।

### अश्लीलता के मामले में जुर्माना देकर छूटा आरोपी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने अपराधिक मामलों में बुधवार को महिलाओं के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में सतरिख थाना क्षेत्र के निवासी सुनील कुमार यादव को चार सौ रुपये का जुर्माना व रामनगर थाना क्षेत्र के निवासी गंगाशरण पाण्डेय निवासी करनैलगंज गोन्डा को लापरवाही से वाहन चलाकर राहगीर को चोटिल करने के मामले में दो हजार का जुर्माना व न्यायालय उठने तक मौजूद रहने की सजा सुनाई। आरोपी कोर्ट उठने तक मौजूद रहे और जुर्माना देकर छूट गये।

# गन्ना संस्थान में कोटेदार संगठन की मासिक बैठक आज

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद की जिला अध्यक्ष रीता वर्मा समेत सभी पदाधिकारियों ने आज गन्ना संस्थान परिसर में मासिक बैठक का आयोजन किया है।

जिलाध्यक्ष रीता वर्मा ने सभी कोटेदारों को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से चेतावनी देते हुए कहा कि आज की बैठक में सभी कोटेदारों की उपस्थिति अनिवार्य है। अगर 70 फीसदी कोटेदार उपस्थित नहीं हुए, तो 26 जुलाई को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में वह अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को सौंप देंगी। उन्होंने कहा कि हमारे प्रतिनिधि अंकित वर्मा ने अपना इस्तीफा मुझे सौंपा है। जिस पर भी विचार होना है कि नये प्रतिनिधि को रखा जाए या अंकित वर्मा की दोबारा वापसी कारवाई जाए। यह भी सभी कोटेदारों की उपस्थिति पर निर्भर करेगा। जिलाध्यक्ष ने साफ कहा कि संगठन के माध्यम से सभी कोटेदार कहीं ना कहीं जाने अनजाने में हर तरीके से लाभ लेते हैं। वह अपना काम निकलवाते हैं। लेकिन बाद में संगठन की बैठक में आना उचित नहीं समझते है।

## बाइक चोर को दो साल से अधिक की सजा

**बाराबंकी, अमृत विचार:** बाइक चोरी करने के मामले में न्यायालय ने मसौली थाना क्षेत्र के निवासी अकील पुत्र खलील को दो साल की कैद व दस हजार रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई। 23 फरवरी 2022 को पुनीत कुमार ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर केस दर्ज कराया था कि ढअभियुक्त अकील पुत्र खलील ने उसकी मोटर साइकिल गायब कर दी। विवेचक ने जांच कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। न्यायालय ने बुधवार को आरोपी को दो साल की कैद और दस हजार जुर्माने की सजा सुनाई है।

# बीडीसी की 3 रिक्त सीटों पर निर्विरोध चुने गए प्रत्याशी


निर्विरोध चुनें गए प्रत्याशियों को सम्मानित करते पूर्व विधायक व ब्लॉक प्रमुख।

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** क्षेत्र पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों के लिए हो रहे उप चुनाव में सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। पूर्व विधायक शरद अवस्थी व ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने तीनों नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बधाई दी है।

ज्ञात हो कि रामनगर ब्लाक के क्षेत्र पंचायत सदस्य गोबरहा द्वितीय, शेखपुर अलीपुर एवं भरसंवा से निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों का निधन हो गया था। निधन से रिक्त हुए पद पर हो रहे उपचुनाव में गोबरहा द्वितीय से ज्योति सिंह, शेखपुर अलीपुर से जीशान के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया था तथा भरसंवा से अखिलेश कुमार, प्रवेश कुमार शुक्ला, राम देवी, राम करण के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया था। गोबरहा द्वितीय एवं शेखपुर अलीपुर में एकल नामांकन होने के चलते दोनों प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया था। लेकिन भरसंवा से चार प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के कारण चुनाव होना निश्चित लग रहा था। प्रत्याशियों के मध्य ऊहापोह की स्थिति भी बनी थी। लेकिन भाजपा ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी के अथक प्रयास के चलते यहां पर भी अंतिम दिन केवल एक प्रत्याशी प्रवेश शुक्ला ही मैदान में बचे। उन तीनों प्रत्याशियों ने अपना अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इसके बाद तीनों रिक्त पदों पर क्रमशः ज्योति सिंह, जीशान एवं प्रवेश कुमार शुक्ला को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं एआरओ राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि तीन रिक्त पदों के लिए एक-एक प्रत्याशी मैदान में रहने के कारण तीनों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है।

**▸▸ क्षेत्रीय पूर्व विधायक व ब्लॉक प्रमुख ने दी बधाई**

# 321 नलकूपों पर 70 ऑपरेटर, 1 पर चार से पांच का जिम्मा

## सरकारी कागजों पर पानी उगल रहे शत-प्रतिशत राजकीय नलकूप, हवा में किए जा रहे हैं दावे

**रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** हर में पानी न आने के साथ मानसून के भी दगा देने की स्थिति में किसानों की फसलों की समुचित सिंचाई का साधन बनने वाले राजकीय नलकूप भगवान भरोसे चल रहे हैं। जिले में इन नलकूपों का आलम यह है कि एक-एक ऑपरेटर (नलकूप चालक) के जिम्में चार से पांच नलकूपों के संचालन का दायित्व है। अब इससे सहज की अंदाजा लगाया जा सकता है कि फसलों को अत्याधिक पानी की आवश्यकता पड़ने पर एक ऑपरेटर किस प्रकार नलकूपों का संचालन कर किसानों को पानी उपलब्ध करा पाता होगा। भले ही विभाग शतप्रतिशत नलकूपों का संचालन कागज पर करते हुए पानी दे रहे हो लेकिन हकीकत यह है कि कई राजकीय नलकूप लंबे समय से खराब पड़े हैं और वहां पर ताला बंद है या फिर समय पर खुलता नहीं है। ऐसे में किसानों को सिंचाई के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

जिले के छह तहसील और 15 विकास खंडों में कुछ चुनिंदा स्थलों पर प्रस्ताव के आधार 321 राजकीय नलकूप संचालित हो रहे हैं। इन नलकूपों के संचालन के लिए जिले में मात्र 70 ऑपरेटर तैनात हैं। इस हिसाब से देखे जो एक ऑपरेटर के जिम्मे चार से पांच राजकीय नलकूपों के संचालन का जिम्मा है। विभाग का कहना है कि जितने ऑपरेटरों की तैनाती शासनस्तर से की गई है उसके हिसाब से शत प्रतिशत कार्य कराया जा रहा है। अब इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसानों को उनकी जरुरत के समय किस प्रकार एक ऑपरेटर नलकूपों का संचालन कर फसलों को पानी उपलब्ध करा पा रहा होगा लेकिन विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों का दावा है कि कम ही सही पर शतप्रतिशत नलकूपों का संचालन इन ऑपरेटरों से कराया जा रहा है। विभागीय जानकारों के अनुसार इन नलकूपों से करीब 25 से 30 हजार एकड़ क्षेत्रफल में सिंचाई हो रही है। अब विभाग भले ही यह कह रहा हो कि सभी नलकूपों का संचालन हो रहा है लेकिन यह सिर्फ कागजों पर ही पानी उगल रहे है जबकि हकीकत बयां कर रहे हैं कि कुछ नलकूपों का मोटर खराब है तो कहीं पर बिजली की समस्या है। लो वोल्टेज की भी एक बड़ी समस्या सामने आती दिख रही है। मौसम की बेरुखी के चलते बारिश न होने धान की फसल को सिंचित करने में कठिनाई आ रही है। इसे लेकर किसान परेशान है।

### शायद कभी होता हो कार्यालय का निरीक्षण

शहर के अभयनगर मोहल्ले में काशीराम कॉलोनी के निकट बने सिंचाई विभाग के राजकील नलकूप विंग कार्यालय का शायन की कभी उच्चाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया हो। अधिशाषी अभियंता राजकीय नलकूप के कार्यालय में कितने कर्मचारी है किस के पास कौन सा पटल है, कौन कितने बजे कार्यालय आता है इसे लेकर जिले के जिम्मेदार अफसर गंभीर नहीं हैं। शायद ही जिलाधिकारी, सीडीओ या मंडल और शासनस्तर से कोई जिम्मेदार अधिकारी इस कार्यालय का निरीक्षण आदि करने पहुंचता हो। जनप्रतिनिधि भी शायद इस कार्यालय को नहीं जानते होंगे की यह कहां से संचालित हो रहा है।

### नए नलकूपों को कोई प्रस्ताव नहीं

किसानों की आय बढ़ाने को लेकर भले ही सरकार अग्रसर हो लेकिन जिले में सिंचाई के लिए नए राजकीय नलकूपों के निर्माण को लेकर फिलहाल इस वित्तीय वर्ष को कोई प्रस्ताव शासन को नहीं भेजा गया है। एक राजकीय नलकूप के निर्माण में करीब 30 से 40 लाख रूपये की लागत आने का अनुमान बताया जा रहा है। विधायकों के चिन्हित स्थलों पर दिए गए प्रस्तावों के आधार पर शासन से स्वीकृति मिलने के बाद बजट की उपलब्धता पर राजकीय नलकूपों का निर्माण होता है।

> 321 राजकीय नलकूपों से सिंचाई को लेकर पानी किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाता है। जितने ऑपरेटर है उनसे शत-प्रतिशत नलकूपों का संचालन कराने का प्रयास रहता है। नए नलकूपों का इस साल कोई प्रस्ताव नहीं आया है।
>
> –मनोज कुमार सिंह, अधिशाषी अभियंता, राजकीय नलकूप विभाग।

## लोगों से जालसाजी करने में इनामी अपराधी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** प्राइवेट कंपनी बनाकर जालसाजी व धोखाधड़ी कर् लोगों की सम्पत्ति हड़पने वाले दस हजार के ईनामिया अपराधी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। अपराधी गैंगस्टर एक्ट व फोरजरी के मामले मे देवा कोतवाली में पहले से केस दर्ज है। पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीवी नाथ सिंह ने बताया कि अभियुक्त अमित राजा उर्फ अमित कुमार बलिया जनपद के ग्राम व पोस्ट सिवान कला सिकंदरपुर आजमगढ़ में समाज कल्याण विभाग में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर विकासखंड रानी की सराय में तैनात है। अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर एप्पल इंफ्राबिल्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी बनाकर जालसाजी व लोगों के साथ जाली दस्तावेजों के सहारे धोखाधड़ी कर लोगों की संपत्ति हड़पने का काम कर रहा था।

## रेलवे ओवरब्रिज के साथ बनेगा बाईपास, तेजी से चल रही प्रक्रिया

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा रोड से फतेहपुर को जोड रहे एनएच 727 पर जल्द ही काम शुरू हो जायेगा। जिसमें 16 गांवों की पड़ने वाली जमीनों का स्थलीय संयुक्त मापन सर्वेक्षण सात गांवों का पूरा हो चुका है। अवशेष बची नौ गांवों का संयुक्त मापन सर्वेक्षण चल रहा है। मालुम हो कि अब इस नगर को जल्द ही एक ऐसा बाईपास मिलेगा। जिसमें रेलवे ओवरब्रिज भी शामिल होगा। जो कि 12 गांवों सरैंया, मकबूलनगर, कुतलूपुर, बसारा, इसरौली, डडियामऊ, दशरथपुर, फतेहपुर खास, ब्रम्हणी टोला, चक काजीपुर चककलवरिया, कटघरा, मदनपुर तथा नवाबगंज तहसील में आने चार गांवों ढिंढौरा, सलारपुर, पवैय्याबाद व कोटवाकलां गांवों को जोड़ेगा। इसे लेकर सर्वेक्षण कार्य चल रहा है जल्द ही फतेहपुर नगर को एनएच 727 से जोड़ने के लिए करीब 6 किलोमीटर लम्बा दो लेन का बाईपास मिल जायेगा। यह कार्य क्षेत्रीय भाजपा विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा के प्रयासों से हो रहा है।

## हादसे में घायल अधेड़ की मौत

**त्रिवेदीगंज-बाराबंकी, अमृत विचार:** लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर बुधवार सुबह करीब ग्यारह बजे लोनीकटरा थाना क्षेत्र के दहिला चौराहे पर बाइक की टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ही त्रिवेदीगंज गांव निवासी मो0 सईद(43) दहिला चौराहे पर पैदल सड़क पार कर रहा था। जहां बाइक की टक्कर से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया जहां से उसे लखनऊ के शिविल अस्पताल रेफर किया गया है जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### संचारी रोग अभियान की समीक्षा

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** सफाई कर्मी की पेरोल के साथ उपस्थिति एवं संचारी अभियान, ग्रामीण स्वच्छता एवं आरआर सेन्टर संचालन पर समीक्षा एवं शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में सभी ग्राम पंचायत व राजस्व ग्राम में रहकर सत्य निष्ठा से कार्य के लिए निर्देशित किया गया। एंटी लार्वा दवा भी सभी को उपलब्ध कराई गई। जिसमें खंड विकास अधिकारी एवं एडीओ आईएसबी, एडीओ समाज कल्याण व एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।

### छात्र व छात्राओं को मिले टैबलेट व स्मार्टफोन


छात्रा को टैबलेट देते अतिथि। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री बैजनाथ शिवकला पीजी कॉलेज मंगलपुर में बुधवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजन के अंतर्गत महाविद्यालय में अध्ययनरत एमए एवं डीफार्मा के 157 छात्र व छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण महाविद्यालय के संरक्षक पूर्व विधान परिषद सदस्य राम पाल वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक इं. रमेश कुमार वर्मा, जिला सहकारी बैंक ककरी के सभापति राम संजीवन वर्मा, लोदीपुर प्रधान राजेश कुमार वर्मा, सदस्य क्षेत्र पंचायत मंगलपुर ओम प्रकाश वर्मा, डीफार्मा प्राचार्य व नोडल अधिकारी डॉ. श्याम नारायण मिश्रा, बीएड एवं बीटीसी विभागाध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार वर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों ने स्मार्टफोन पाने वाले सभी छात्र व छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कमाना की। साथ ही यह विश्वास जताया कि सूचना एवं तकनीकी के वर्तमान युग में टैबलेट व स्मार्टफोन वैज्ञानिक आविष्कारों तथा शिक्षण की नवीन तकनीकी को सीखने में बहुत मददगार सिद्ध होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त संकायों के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भारतवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं का बजट

**बाराबंकी : अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले केंद्रीय बजट का भाजपाइयों ने स्वागत किया। बुधवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में बजट पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने बजट को विकास प्रेरित बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी होने के साथ ही विकासोन्मुख भी है। जिसमें सभी भारतवासियों की आशा, आकांक्षा और अमृत काल के संकल्पों को पूरा करने की प्रतिबद्धता है। उन्होंने केंद्रीय बजट को आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज बताया। अरविंद मौर्य ने कहा कि बजट में मुद्रा लोन की सीमा को 20 लाख करने, देश की टॉप कंपनियों में युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर देने तथा स्किल डेवलपमेंट जैसे अनेक प्रविधानों के जरिए करोड़ों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर रचना श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, शीलरत्न मिहिर, गुरु शरण लोधी, विजय आनंद बाजपेई, पवन सिंह रिंकू, करुणेश वर्मा, आशुतोष अवस्थी, रोहित सिंह और जुगुल किशोर मौर्य रहे।

### एडीओ पंचायत ने स्कूल का किया निरीक्षण

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** हरख ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हरख प्रथम का एडीओ पंचायत शंभू नाथ पाठक ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में समस्त कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर में 18 सही एवं पूर्ण पाये। वहीं ग्राम पंचायत सेठमऊ का भी निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत भवन पर पंचायत सहायक द्वारा कार्य करते हुए पांच शौचालय का आवेदन कराया गया। वहीं पाया गया कि आरआरसी सेंटर निर्माण कार्य पूण है और संचालन की स्थिति सही चल रही है। उन्होंने नाडेप, कम्पोस्ट पिट, सोख्ता एवं नाली निर्माण की स्थिति भी देखी। जो सही पायी गयी। प्लास्टिक बैंक व कूड़ा दान निर्माण भी प्रयोग में पाया गया। ग्राम पंचायन में नियमित साफ सफाई का कार्य चल रहा है। इस मौके पर ग्राम सचिव, पंचायत सहायक, सफाईकर्मी के साथ प्रधान प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### जिला जज का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** हैदरगढ़ स्थित सिविल कोर्ट आए जिला जज पंकज कुमार सिंह का बुधवार को अधिवक्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर ज्ञापन देकर विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग भी की गई। अधिवक्ताओं की ओर से दिए गए 9 सूत्रीय ज्ञापन का जिक्र करते हुए अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, महामंत्री कुंवर बहादुर यादव तथा वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश बक्स सिंह ने जिला जज को बताया कि 17 नवंबर 2023 से सिविल कोर्ट हैदरगढ़ में जज की कुर्सी खाली पड़ी हुई थी। जिसकी वजह से फौजदारी और दीवानी के 5000 मुकदमे फैसले की राह देख रहे हैं। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से राजेंद्र कुमार बाजपेई, संजय सिंह, अंचल कुमार मिश्रा, जगदीश शर्मा, महेंद्र सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह बिज्जू, धरनाथ मिश्रा और अरविंद बाजपेई सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

# सीएचसी की व्यवस्था हो गई दुरुस्त लोगों को मिलने लगीं स्वास्थ्य सेवाएं

**खबर का असर**


सीएचसी सुबेहा की स्वास्थ्य सेवाएं बेपटरी

**सुबेहा, बाराबंकी**


सीएचसी सुबेहा में महिला का इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुबेहा में एंटी रैबीज इंजेक्शन सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. ओम प्रकाश कुरील ने बताया कि सीएचसी पर सभी जीवन रक्षक दवाओं सहित एंटी रैबीज इंजेक्शन भी उपलब्ध हैं। आये हुए मरीजों का इलाज किया जा रहा हैं। तो वहीं ड्यूटी पर कार्यरत फार्मासिस्ट ने बताया कि चिकित्सकों के द्वारा दवाओं के जो पर्चे लिखे जाते हैं सारी दवाएं उपलब्ध हैं। दवाओं का पर्याप्त स्टाक है। इसी दौरान लकड़िया गांव निवासी पूनम को बिल्ली ने काट लिया था। दवा के लिए सीएचसी पहुंची। महिला को चिकित्सकों द्वारा इंजेक्शन व दवा देकर घर भेजा गया। सीएचसी सुबेहा में सुचारु रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की बहाली से करीब सौ गांवों के लोगों को इलाज में आसानी होगी। उन्हे नजदीक ही इलाज मिलेगा। यह बात इस लिए बताना जरुरी पड़ा क्योंकि करीब दो माह पूर्व सीएचसी सुबेहा की स्वास्थ्य सेवाएं बेपटरी शीर्षक से अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। देर सही पर दुरुस्त आए की कहावत चरितार्थ करते हुए नींद से जागे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कुछ हद तक व्यवस्थाएं सही की हैं। खबर प्रकाशित के दौरान जांच में पाया गया था कि सीएचसी सुबेहा में न तो जीवन रक्षक दवाएं ही थी न ही कोई सुविधा। लोगों ने अमृतर विचार समाचार पत्र को बधाई दी है।

**▸▸ दो माह पहले सीएचसी में न दवाएं थी और न इंजेक्शन**

## आईडी की मॉनीटरिंग करें एमओआईसी

**बाराबंकी: अमृत विचार:** जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में किया गया।मासिक समीक्षा बैठक में मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों की भौतिक व वित्तीय समीक्षा की गई। सीडीओ ने आभा आईडी बनाने को लेकर सख्त निर्देश दिए कि सभी आशाएं अपने लक्ष्य के सापेक्ष आशा आईडी बनाएं। एमओआईसी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि सभी एमओआइसी अपनी आशाओं को सक्रिय करें, जिससे उनके स्तर पर होने वाली लापरवाही न होने पाए और योजनाओं में किसी भी प्रकार की पेंडेंसी न रहे। टीकाकरण को लेकर सीएमओ को निर्देशित किया कि टीकाकरण का कार्य शत प्रतिशत कराना एवं छूटे बच्चों और लाभार्थियों का शत प्रतिशत टीकाकरण करें। बैठक में सीएमओ डॉ. अवधेश यादव, सीएमएस पुरुष जिला अस्पताल डॉ. बृजेश, एसीएमओ डॉ. डीके श्रीवास्तव, समस्त डिप्टी सीएमओ, डीपीएम सहित समस्त चिकित्सा अधीक्षक आदि रहे।

# ग्राम पंचायत और राजस्व ग्राम में जागरुकता कार्यक्रम करेंगी टीमें

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** जनपद के विकास खंड हैदरगढ़ में राज्य पेयजल, स्वछता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अंतर्गत कार्यशाला के साथ जागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता और सहायक विकास अधिकारी पंचायत कौशल कुमार द्वारा किया गया। साथ ही जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

प्योर लाइफ सोसाइटी अमरावती ने बताया कि उनकी टीमें ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायत और राजस्व ग्राम में जाकर जागरुकता का कार्यक्रम करेंगी। जागरुकता कार्यक्रम में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यशाला, स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ कल्याण समिति की बैठक, पेयजल समिति की बैठक, स्वछता मेले का आयोजन, नुक्कड़ नाटक, वॉल राइटिंग जल जांच और प्रोजेक्टर अन्य गतिविधियों का संचालन किया जाना है। खण्ड विकास अधिकारी ने जल, स्वास्थ, स्वछता पर बात करते हुए और फंक्शनल हाउस होल्ड टाइप कनेक्शन के लाभ पर अपने विचारों को साझा किया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने जल जीवन मिशन से आम जन मानस तक किस प्रकार से लाभ पहुंचेगा। इस विषय पर विशेष चर्चा की। साथ ही कहा कि जल है तो कल है हमारा। हम सभी को जल को संरक्षित करना चाहिये और दोहन से बचना चाहिए। क्योंकि जल प्रकृति का एक अमूल्य अंग है। जिससे समस्त संसार के जीवधारियों के जीवन को जीने के लिए अत्यधिक जरूरी है। राज्य पेयजल स्वछता मिशन की टीम को सफल कार्यक्रम संचालन कराने के लिए शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में ब्लॉक के जेईएमआई मनोज कुमार वर्मा, एडीओ मोहित चतुर्वेदी, विजय सिंह, दिवाकर यादव, शिव भगवान, शालिनी प्रकाश, डीपीसी सक्षम प्रताप सिंह, संदीप कुमार राय, सचिव पवन कुमार, विंद्राज यादव, उदय प्रकाश शुक्ला, सत्य प्रकाश वर्मा, चंद्र भानु पांडे, ज्ञान प्रकाश सिन्हा, चंद्रेश कुमार, पंकज कुमार, ज्ञान सिंह, दीपक राजपूत, अखिलेश दुबे, हर्षित श्रीवास्तव, दिनेश प्रसाद, अजय कुमार यादव और अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें।

**तैयारी पूरी** — प्रेक्षक के रूप में पुलिस विभाग के कर्मी नियुक्त, सशस्त्र सेना व एनडीआरएफ की टीम बताएंगी आपदा से बचाव के तौर-तरीके

# हेतमापुर बाढ़ क्षेत्र में आज होगा आपदा से बचाव का पूर्वाभ्यास

**सूरतगंज, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से हेतमापुर बाढ़ क्षेत्र के बबुरी, नई आबादी, कोडरी, उधिया गांव में मॉकड्रिल किया जाएगा। एडीएम अरुण सिंह ने इसके लिए पुलिस विभाग को प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। पूर्वाभ्यास में सशस्त्र सेना, एनडीआरएफ की टीम आपदा से बचाव के तौर-तरीके बताएंगे।

आपदा प्रभावित क्षेत्र में बचाव व राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से गुरुवार की सुबह रामनगर तहसील के बाढ़ प्रभावित हेतमापुर इलाके में मॉक ड्रिल का आयोजन होगा। उधर बतनेरा और सरसंडा पंचायत में तैयारी पूरी कर ली गई है तहसील प्रशासन और पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी टीमे गठित हो गई है मॉकड्रिल में बताया जाएगा कि बाढ़ आने पर सभी को क्या करना होगा जब बनबसा बैराज से घाघरा नदी में लाखों की तादाद में पानी छुटता है तब घाघरा नदी उफना जाती है और हेतमापुर क्षेत्र में पानी भरने से बाढ़ आ जाती है उधर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए टीम मॉकड्रिल करती है, जिससे बाढ़ के आने पर समस्या उत्पन्न न हो सके बाढ़ के वक्त बचाव व राहत कार्य से जुड़े हुए सभी विभाग, रेस्क्यू करने का पूर्वाभ्यास करेंगे।

**इन्हें बनाया गया प्रेक्षक:** एडीएम ने बताया कि मॉकड्रिल के प्रभावी निरीक्षण के लिये जनपद में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित पूर्वाभ्यास स्थल पर सशस्त्र सेना, एनडीआरएफ, सीएपीएफ और पुलिस विभाग से प्रेक्षकों को नामित किया गया है। मॉकड्रिल के लिये कोरिनपुरवा मजरे तपेसिपाह के लिए निरीक्षक थाना रामनगर रत्नेश पाण्डेय, बबुरी मजरे सरसण्डा के लिए सत्येन्द्र नाथ पाण्डेय, नई आबादी मजरे सरसण्डा के लिए उपनिरीक्षक थाना मोहम्मदपुर खाला ललित कुमार, कोडरी मजरे बतनेरा के लिए उपनिरीक्षक थाना मोहम्मदपुर खाला वीरेन्द्र कुमार और हेतमापुर मजरे उधिया के लिए निरीक्षक थाना मोहम्मदपुर खाला अनिल कुमार को प्रेक्षक के रूप में नामित किया गया है।

### एडीएम ने लिया जायजा अधिकारियों को दिए निर्देश


दिशा-निर्देश देते एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाढ़ प्रभावित इलाके में आज होने वाली मार्क ड्रिल का जायजा लेने एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह हेतमापुर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। रामनगर तहसील के हेतमापुर इलाके में 25 जुलाई को बाढ़ से बचाव के लिए मार्क ड्रिल होनी है। जिसकी तैयारियों का जायजा लेने अपर जिलाधिकारी डॉ. अरूण कुमार सिंह बबुरी, उधिया गांव पहुंचे। उन्होंने एसडीएम पवन कुमार को निर्देश दिए कि मॉकड्रिल के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह सहित राजस्वकर्मी भी मौजूद रहे।

# अंग्रेजी दवाओं में बड़ा खेल, फैक्ट्री में बनाई जा रही प्रतिष्ठित कंपनी की दवाएं

## बाकायदा रैपर में लिख रहे अपना पता, झाड़ियों के बीच खुली है फैक्ट्री

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण अंचल में बड़े-बड़े खेल हो रहे हैं। अब एक बड़ा सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है। बड़ी-बड़ी प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा निर्मित अंग्रेजी दवा बनाने की फैक्ट्री भी ऊंचाहार में संचालित हो रही है।

इन दवाओं के रैपर में बकायदा ऊंचाहार का पता भी लिखा जा रहा है। यह सारा खेल ऊंचाहार से सलोन मार्ग पर सूनसान स्थान पर झाड़ियों में छिपे एक कमरे में चल रहा है। इस कमरे में केवल दवाएं रखी हैं। मिली जानकारी के अनुसार कहीं अन्य स्थान पर दवाएं बनाकर पैक किया जाता है। काफी समय से यहां ऐसी दवाएं बनाई जा रही हैं, जो काफी प्रचलन में हैं, जिन्हे चिकित्सक अक्सर विभिन्न बीमारियों में लिखते हैं। यहां निर्मित दवाओं की कीमत वैसे तो असली दवाओं के बराबर है, किंतु मेडिकल स्टोर पर इसे असल कीमत से 75 फीसदी कम दर पर उपलब्ध कराई जाती है, जिससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां निर्मित दवाएं कितनी कारगर होंगी। यहीं नहीं खुलेआम सरकार और चिकित्सा विभाग की आंख में धूल झोंककर किया जा रहा यह खेल न सिर्फ लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जाता है, अपितु सरकार को राजस्व का चूना भी लगाया जा रहा है।


ऊंचाहार के उमरन चौराहे के पास झांडियों में स्थित दवा की फैक्ट्री।



दवा के रैपर में अंकित प्लॉट नंबर। अमृत विचार

### ऐसे होता है खेल

पैंटोप्राजोल पेट में बनने वाले एसिड की मात्रा को कम करता है। इसका उपयोग सीने में जलन, एसिड रिफ्लक्स और गैस्ट्रो–ओसोफेगल रिफ्लक्स रोग के लिए किया जाता है। यह दवा प्राय : चिकित्सक लिखते हैं। इसका निर्माण हरियाणा में स्थापित क्रिशलर फार्मास्युटिकल एक आधुनिक कंपनी करती है। यह मान्यता प्राप्त पैंटोप्राजोल सोडियम टैबलेट निर्माता और आपूर्तिकर्ता है। अब पैंटोप्राजोल का निर्माण ऊंचाहार में यह कंपनी भी कर रही है, जो झाड़ियों के बीच छिपी एक दुकान से आसपास के जिलों के मेडिकल स्टोर पर आपूर्ति करती है। इस बारे में ऊंचाहार सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल तक को कोई जानकारी नहीं है। उनका कहना है कि इस बारे में ड्रग इंस्पेक्टर ही कुछ बता सकते हैं।

> इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसा चल रहा है तो वह अपनी टीम के साथ दवा बनाने वाले स्थान पर छापेमारी करेंगे। इसमें जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।
> –शिवेन्द्र प्रताप सिंह, ड्रग इंस्पेक्टर, रायबरेली।

# अमर इंटर प्राइजेज व द्विवेदी रोड लाइंस जांच के घेरे में

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली।

**एनटीपीसी में राख निस्तारण का मामला**

**अमृत विचार।** एनटीपीसी में राख निस्तारण में हुए नौ करोड़ के खेल में एनटीपीसी के दो अधिकारियों अरविंद कुमार राय और त्वरित बंगाल के विरुद्ध कार्रवाई चल रही है, किंतु इसमें कुछ अन्य कर्मचारी और निजी एजेंसी भी जांच की जद में है। जिसमें ऊंचाहार की दो एजेंसियां अमर इंटर प्राइजेज और द्विवेदी रोड लाइंस के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज हो सकती है।

ऊंचाहार की जिन दो एजेंसियों के विरुद्ध प्रारंभिक जांच शुरू हुई है, इन एजेंसियों ने एनटीपीसी से राख उठाकर सड़क निर्माण में एनएचएआई को आपूर्ति की थी। इन एजेंसियों ने न सिर्फ एनटीपीसी को चूना लगाया है, अपितु अधिक लोड भरकर परिवहन नियमों को भी तोड़ा है। इनके काले कारनामें का साक्ष्य एनटीपीसी द्वारा लगाए गए तौल करने वाले धर्म कांटे में दर्ज है। अधिकतम 55 टन भार लोड करने के नियम को दरकिनार करके 65 टन तक राख लोड किया गया है। यहीं, नहीं इन एजेंसियों ने राख की आपूर्ति डेढ़ से ढाई सौ किमी की दूरी पर स्थित एनटीपीसी से किया है, जिसका वाहन भाड़ा भी एनटीपीसी से हासिल किया है। इसमें सबसे बड़ा खेल यह हुआ कि जिस टैंकर ने एनटीपीसी के ऐश पांड से राख लोड की। वहीं करीब 500 किमी की दूरी मात्र चार घंटे में तय करके वापस लौट आया और दूसरी बार लोडिंग की है। यह सारा खेल एनटीपीसी के अभिलेखों में प्रमाण के रूप के पकड़ा गया है। पूरे मामले की जांच कर रही विजिलेंस ने दोनों एजेंसियों के वाहन भाड़े के अभिलेखों को कब्जे में लिया है। उसके बाद अब इन एजेंसियों के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने की कवायद शुरू हुई है। जिसके बाद राख का काम करने वाली एजेंसियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सार-संक्षेप

### हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए सर्कुलर जारी

**सवांददाता,रायबरेली, अमृत विचार।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने साल 2025 में हज पर जाने वाले समस्त हज यात्रियों से कहा है कि जुलाई के अन्तिम या अगस्त 2024 के प्रथम सप्ताह तक हज 2025 की घोषणा कर दी जायेगी। जो लोग हज पर जाना चाहते है वह अपना अन्तर्राष्ट्रीय मशीन पठनीय पासपोर्ट तैयार रखें, ऐसे इच्छुक आवेदक जिनके पासपोर्ट की वैद्यता 15 जनवरी, 2026 से पूर्व समाप्त हो रही है, वे हज आवेदन अपना अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट तैयार रखें ताकि हज की घोषणा होने पर वे अपना आवेदन पत्र समय से भर सकें।

### विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित


विधिक जागरुकता शिविर में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली,अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना के दिशानिर्देशन में एकता सदन गुलाब रोड रायबरेली में विधिक जागरुकता शिविर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य, स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया कि यौनकर्मी समुदाय को किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर टीसीआई फाउंडेशन की जिला कोआर्डिनेटर तमन्ना आफरीन, काउंसलर गीता श्रीवास्तव, दीपा श्रीवास्तव, पूनम, अरविन्द, अभिषेक भारद्वाज, खुशबू भारती, मनोज कुमार प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

### रायन के छात्रों ने एम्स में फॉरेंसिक विभाग का किया भ्रमण


एम्स में फॉरेंसिक विभाग का भ्रमण करते रायन के छात्र–छात्राएं।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** रायन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का एक दल आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स के फॉरेंसिक विभाग में पहुंचकर वहां की जानकारी प्राप्त की। फॉरेंसिक विभाग के विभागाध्यक्ष डा भोलानाथ, डा मुकुल शर्मा तथा डा आदित्य के नेतृत्व में छात्रों को फॉरेंसिक विभाग का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इसी क्रम में छात्रों को मर्चरी फॉरेंसिक लैब और म्यूजियम को दिखाया गया तथा विभागाध्यक्ष द्वारा छात्रों को इस संबंध में विभिन्न जानकारियां दी गई। एम्स की फोरेंसिक लैब किस प्रकार कार्य करती है, छात्रों को प्वाइजन लैब प्राथमिक चिकित्सा फॉरेंसिक साइंस के बारे में विस्तार से बताया। विभागाध्यक्ष ने छात्रों को बताया कि एक फोरेंसिक लैब अपराध को किस प्रकार से साबित करती है और किसी व्यक्ति की मृत्यु किस प्रकार हुई है उसका क्या कारण था। यह सब फॉरेंसिक एविडेंस फॉरेंसिक लैब में जांच के बाद पता चल जाती है। उन्होंने छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। उधर छात्रों का दूसरा दल इंदिरा गांधी वनस्पति उद्यान गया जहां पर छात्रों ने विभिन्न प्रकार की पौधों तथा वनस्पतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा वहां पर छात्रों ने पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर अध्यापक अनुराग सिंह, शुभांगी, श्वेता सिंह आदि मौजूद रहे।

### डीपीआरओ ने सफाई कर्मचारी को किया सस्पेंड

**प्रतापगढ़, अमृत विचार ।** ग्राम प्रधान की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच में पुष्टि होने के बाद डीपीआरओ श्रीकांत दर्वे ने सदर ब्लॉक की परशुरामपुर ग्राम पंचायत के सफाई कर्मचारी अजय कुमार को सस्पेंड कर दिया। उसे ब्लॉक मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया। विकास खंड लक्ष्मणपुर के एडीओ पंचायत को जांच अधिकारी नामित कर 15 दिन में मामले की रिपोर्ट मांगी है।

### करंट की चपेट में आने से बालिका की मौत

**कुंडा प्रतापगढ़ अमृत विचार।** घर में पंखा लगाते समय करंट की चपेट में आने से बालिका की मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।संग्रामगढ़, थाना क्षेत्र के गनऊ का पुरवा पूरे चमेला गांव निवासी राजेश कुमार की 10 वर्षीय बेटी रागिनी बुधवार को घर में अकेली थी, परिवार के लोग काम से गए थे। वह घर में पंखा लगा रही थी, लेकिन तार कटा होने के कारण लोहे की दरवाजे में छूने पर प्लग लगाते ही दरवाजे में करंट दौड़ गया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गई। बालिका की चीख सुनकर पड़ोसी दौड़े और किसी तरह उसे करंट से छुड़ाया। परिजनों को खबर देकर उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालिका के मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बगैर पुलिस को बताये परिजन बालिका का शव लेकर घर चले गए।

### किसान मेला व कृषक वैज्ञानिक वार्ता कल

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने बताया कि कृषि की नवीनतम तकनीक से रबी में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उद्देश्य से जिले में कृषि निवेशों,खाद,बीज, सिंचाई,विद्युत इत्यादि की उपलब्धता एवं तकनीकी प्रचार प्रसार हेतु सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत 26 जुलाई को सुबह 11 बजे से तुलसीसदन हादीहाल में जिला स्तरीय खरीफ किसान मेला/गोष्ठी व कृषक वैज्ञानिक वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### कारगिल विजय दिवस पर मशाल जुलूस निकालेगा भाजयुमो

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें 25 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने कहा कि इस वर्ष कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। यह दिन देश के लिए गर्व का दिन है। करीब तीन माह तक चले भारत पाक कारगिल युद्ध के दौरान हमारे वीर सैनिकों ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल में विजय प्राप्त की। 25 जुलाई को शाम पांच बजे युवा साथियों के साथ भाजयुमो कार्यालय से मशाल जुलूस निकाला जाएगा और समापन पर विजय दीप प्रज्ज्वलित की जाएगी। 25 की शाम से 26 जुलाई के शाम तक 25 घण्टे तक लगातार दीप प्रज्ज्वलित रहेगी। विजय दिवस की एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी और स्मृति सभा कर शहीदों के परिजनों का सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान जिला महामंत्री सुजीत पाण्डेय,नितीश श्रीवास्तव,राहुल मौर्य, मनीष पाण्डेय,प्रदीप,विक्रम,विनय,मनीष आदि रहे।

# कृषि निवेश मेले का आयोजन

**खीरों, रायबरेली।** बुधवार को विकासखंड खीरों के राजकीय कृषि बीज भण्डार के परिसर में ब्लाक स्तरीय कृषि निवेश मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिवराम सिंह सहित सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने किसानों को बताया कि कृषि निवेश मेला का मुख्य उद्देश्य कृषकों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादन में स्थाई एवं नियमित वृद्धि, कृषकों का आर्थिक एवं सामाजिक उन्नयन, कृषकों में कल्याणकारी शासन का विश्वास उत्पन्न करना है। इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिवराम सिंह, उपाध्यक्ष शिवराज वर्मा, अरविंद सिंह, महामंत्री गुड्डू नाती, सेक्टर संयोजक राजा मिश्रा, शिव प्रकाश, मुकेश मिश्रा, बीटीएम दयाराम, रामविलाश, कौशलेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# धरती पर हरियाली से जीवन में आएगी खुशहाली

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** जिला स्काउट गाइड फैलोशिप रायबरेली के पदाधिकारियों द्वारा स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया गया।

एसबीएस स्कूल गंगागंज के प्रधानाचार्य माता प्रसाद वर्मा, बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगागंज की प्रधानाचार्य सुनीता सिंह, बाल विद्या मंदिर गंगागंज के प्रधानाचार्य दिनेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ शिक्षक वीरेंद्र बहादुर सिंह, राधे श्याम सिंह, नवनीत वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, कामद मिश्रा के साथ ग्राम प्रधान शोरा प्रेमलता पाल और फैलोशिप के पदाधिकारी लक्ष्मीकांत शुक्ला ने स्काउट गाइड और विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ वृक्षारोपण किया। स्काउट गाइड फेलोशिप के संयोजक लक्ष्मीकांत शुक्ल ने सभी से एक वृक्ष मां के नाम की थीम पर अपने आवास परिसर में जहां स्थान हो लगाने और देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वह वृक्ष बड़ा होकर इस धरा को हरा भरा करने में योगदान प्रदान करें। जीवन में खुशहाली के लिए धरा पर हरियाली आवश्यक है। स्काउट गाइड फेलोशिप के सक्रिय सदस्य माता प्रसाद वर्मा ने प्रेमलता पाल ग्राम प्रधान शोरा को पौधारोपण के लिए पौधे उपलब्ध कराए जाने के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।


पौधारोपण के दौरान मौजूद शिक्षक व बच्चे। अमृत विचार

# दुष्कर्म के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़, दो को लगी गोली

▸▸ पट्टी के कलियनापुर नहर पुलिया पर आरोपियों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़

संवाददाता,पट्टी, प्रतापगढ़।

**अमृत विचार।** इलाके के कलियनापुर नहर पुलिया के पास दुष्कर्म के दो आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस से मुठभेड़ हो गई। जिसमें दो आरोपियों को पैर में गोली लगी। पुलिस दोनों आरोपियों को इलाज के लिए सीएचसी ले गई। यहां से उन्हें गंभीर हालत में राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पट्टी के बेलसंडी गांव में रानीगंज इलाके की एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। इस मामले में किशोरी के बाबा की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म व बाल संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। घटना के बाद से चारों आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। मंगलवार की शाम पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी गांव में बुलडोजर लेकर पहुंच गए।आरोपियों को हाजिर होने का अल्टीमेटम देकर बुलडोजर की कार्रवाई नहीं की गई। पट्टी कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम प्रभारी को मंगलवार की रात सूचना मिली कि दुष्कर्म के दो आरोपी कालियनापुर नहर पुलिया के समीप मौजूद है।

सूचना पर कोतवाल आलोक कुमार एवं स्वाट टीम प्रभारी सुनील यादव अपनी टीम के साथ पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में लग गए।इस दौरान आरोपियों द्वारा फायरिंग शुरू कर दी गई। जवाब में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में दो आरोपियों वसीम एवं मकबूल के पैर में गोली लगी जिससे वह गिर पड़े। पुलिस घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी ले आई। यहां उनकी हालत गम्भीर होने पर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। एएसपी पूर्वी दुर्गेश सिंह ने बताया की पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपियों को गोली लगी है।


एएसपी दुर्गेश सिंह के साथ मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम। अमृत विचार

# बजट को लेकर अधिवक्ताओं ने जताया असंतोष

लालगंज, प्रतापगढ़।

**अमृत विचार।** केंद्रीय बजट में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के साथ कल्याणकारी योजनाओं में बजट के विशेष पैकेज घोषित न करने को लेकर अधिवक्ताओं ने असंतोष जताया।

बुधवार को सिविल कोर्ट परिसर में बैठक को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि केन्द्रीय बजट में सामाजिक न्याय की लडाई लड़ने वाले अधिवक्ताओं के लिए सरकार ने मांग के बावजूद अलग से बजट का प्राविधान नही रखा। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के साथ अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं में बजट में कुछ भी हांथ नही लग सका। उन्होंने अधिवक्ताओं से जुड़ी मांगों को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन को मुखर बनाने का ऐलान किया। अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। इस दौरान रमेश पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल,जान्हवी प्रताप सिंह,तपन पाण्डेय,शैलेन्द्र मिश्र,प्रमोद सिंह, शैलेन्द्र सिंह बघेल, प्रभाकर पाल, शिवप्रसाद यादव, संजय सिंह, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, शिव नारायण शुक्ल,विपिन शुक्ल,कौशल किशोर शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

# जिला स्काउट मास्टर प्रदेश स्तर पर सम्मानित

संवाददाता,प्रतापगढ़।

**अमृत विचार ।** बेसिक शिक्षा विभाग के जिला स्काउट मास्टर एवं जिला गाइड कैप्टन की प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय कार्यशाला प्रयागराज में हुई। जिसमें स्काउट और गाइड की गतिविधियों की समीक्षा बेसिक शिक्षा निदेशक एवं भारत स्काउट और गाइड द्वारा की गई।

कार्यशाला में स्काउटिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं दायित्व निर्वहन पर प्रदेश स्तर पर जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक प्रादेशिक आयुक्त राजेश मिश्र, आनंद सिंह रावत प्रदेश सचिव स्काउट एवं अरविंद कुमार श्रीवास्तव प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त ने सम्मानित किया।इस दौरान हीरालाल यादव प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट, कामिनी श्रीवास्तव प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त गाइड आदि मौजूद रहे। जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह के सम्मानित होने पर बीएसए भूपेंद्र सिंह ने बधाई दी है।


जिला स्काउट मास्टर को सम्मानित करते प्रादेशिक आयुक्त।

# गोद लिए गांव में पहुंचे चिकित्सक, जांची सेहत

संवाददाता,प्रतापगढ़।

**अमृत विचार ।** डॉ. सोनेलाल पटेल मेडिकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा बुधवार को गोद लिए गांव पूरे माधव सिंह में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें 100 मरीजों की सेहत जांची गई।

विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा विभाग डा. सोमनाथ के नेतृत्व में यह शिविर लगाया गया। इसमें बच्चों,महिलाओं व वृद्ध जनों के सेहत की जांच की गई। इसमें एमबीबीएस के विद्यार्थियों द्वारा गांव में सर्वे के उपरांत उपस्थित मरीजों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन मापन तथा चिकित्सीय परीक्षण किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. राजेश प्रसाद चौबे, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आनिल सरोज ने मरीजों की जांच कर दवाएं दीं। मेडिकल के विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य दिनचर्या, खुले में शौच न करने एवं स्तनपान कराने को महिलाओं को उचित जानकारी दी। इस दौरान सामुदायिक चिकित्सा विभाग की डॉ. रश्मि यादव, डॉ. वसुंधरा व अन्य कर्मचारियों के साथ ग्राम पूरे माधव सिंह के ग्राम प्रधान विनीत सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके उपरांत फलदार पौधे लगाए गए।


शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

# आरएसएम के ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रताप व कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश प्रजापति बने

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जगतपुर कार्यकारिणी का गठन किया गया। ब्लॉक में कार्यकारिणी के हुए चुनाव में भानु प्रताप सिंह को अध्यक्ष चुना गया है। संरक्षक आशुतोष मौर्य को घोषित किया गया।

वहीं, महामंत्री विनोद पाल, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश प्रजापति को चुना गया। जगतपुर ब्लॉक की कार्यकारिणी का चुनाव जिला कोषाध्यक्ष राजेश मौर्य, डलमऊ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह, संदीप सिंह निर्वाचन अधिकारी और जिला मंत्री वेद प्रकाश यादव की देखरेख में संपन्न हुआ।जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने बताया कि जगतपुर ब्लॉक कार्यकारिणी में दिनेश पाल को सर्वसम्मति से संगठन मंत्री, सुनील मिश्रा को कोषाध्यक्ष, शिवप्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार को मीडिया प्रभारी, प्रचार मंत्री लोकेश, नरेंद्र कुमार व शेर बहादुर, संयुक्त महामंत्री के पद पर रमाकांत द्विवेदी, चंचल शाह, शिवमोहन मौर्य व सत्येंद्र यादव को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। ब्लॉक इकाई में उपाध्यक्ष सर्वेश, प्रमोद शुक्ला, राजीव जयंत, सुमन देवी ब्लॉक मंत्री के पद विजय सिंह, विक्रम चौहान, मो. आरिफ, रेखा चौहान के पद पर निर्वाचित हुए।


उच्च प्राथमिक विद्यालय जगतपुर में नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

# 125 किसानों को दिया गया निःशुल्क प्याज का बीज


किसानों को नि :शुल्क प्याज बीज देते चेयरमैन वेद प्रकाश विंद। अमृत विचार

**गौरा, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत प्याज की खेती खरीफ मौसम हेतु 125 किसानों को प्याज बीज का निःशुल्क वितरण किया गया।नगर पंचायत अध्यक्ष सुवंशा वेद प्रकाश विन्द ने सुवंशा के वार्ड नम्बर 14 रामपुर में किसानों को प्याज बीज वितरित किया। इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा,राकेश कुमार विन्द, गोविन्द कुमार,प्रमोद रावत, गणेश पाण्डेय,बाल मुकुन्द कनौजिया,पंकज कुमार विन्द सभासद सुवंशा, सहायक उद्यान निरीक्षक अभिषेक कुमार भारतीय एवं माली राजेश्वर सिंह आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय, रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली**

पत्र संख्या–713 / नियो0अनु0/2024–25/राविप्रा0/2024 दिनांक 24 जुलाई, 2024

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम–1973 (यथा संशोधित) की धारा–8(4) एवं धारा–10 (2) के प्राविधानों के अन्तर्गत शासन द्वारा रायबरेली महायोजना–2031 (पुनरीक्षित) पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है, जिसकी सूचना अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या–8–3099/536/2023–3–52आई/512805/2024 दिनांक 06 मार्च 2024 द्वारा प्राधिकरण को प्राप्त हो चुकी है।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रायबरेली महायोजना–2031 (पुनरीक्षित) प्रकाशन की तिथि से प्रभावी हो गयी है। अनुमोदित महायोजना का सुगतापूर्वक निरीक्षण रायबरेली विकास प्राधिकरण के डिसप्ले बोर्ड/वेबसाट www.rbdaup.in और रायबरेली विकास प्राधिकरण कार्यालय के ड्राइंग सेक्शन में मानचित्रकार कक्ष संख्या–10 (दस) में किसी कार्य दिवस में 10.00 बजे 5.00 बजे के मध्य किया जा सकता है।

उपाध्यक्ष
रायबरेली विकास प्राधिकरण
रायबरेली

## एक नजर

### सोनार ने महिला से की ठगी, शिकायत पर पीटा

सरेनी, रायबरेली,अमृत विचार। हैबतपुर खुर्द गांव के एक सोनार ने नकली सोने व चांदी का सामान थमाकर ठगी कर ली। पीड़िता ने इसकी शिकायत सरेनी थाने में की है। शिकायती पत्र में कहा है कि उन्नाव जनपद के बिहार थाना क्षेत्र के पोखरी गांव की बिट्टो देवी पत्नी रामबाबू ने एक साल पहले सरेनी थाना क्षेत्र के हैबतपुर खुर्द गांव के दिनेश सोनार से लगभग सवा लाख रुपए के सोने चांदी के गहने खरीदे थे। किंतु बाद में पता चला कि सामान नकली था। पीड़िता के अनुसार सोनार ने समान खराब होने पर 90 प्रतिशत वापसी की गारंटी भी ली थी, किंतु जब बुधवार को वह अपना सामान के साथ उसे वापस करने गई तो ठगी करने वाले सोनार ने उसके पुत्र व पति की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़िता ने शिकायती पत्र देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

### जहरीले जंतु के काटने से किसान की हालत गंभीर

बछरावां, रायबरेली,अमृत विचार। बुधवार की सुबह हरीलाल पुत्र अयोध्या प्रसाद (40) निवासी ग्राम खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा फावड़ा लेकर खेतों में पानी लगाने गया था। खेत में काम करने के दौरान अचानक किसी जहरीले जंतु ने उसे काट लिया। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर दौड़े आसपास के लोगों ने उसे बछरावां सीएचसी पहुंचाय, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### क्षत-विक्षत अवस्था में मिला अधेड़ का शव

बछरावां, रायबरेली,अमृत विचार। कन्नावा रेलवे क्रॉसिंग के पास अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र बछरावां की ग्राम कन्नावा रेलवे क्रॉसिंग के निकट बुधवार की सुबह ग्राम कन्नावा निवासी गंगाराम (55) किसी कार्य से रात में घर से निकला था। तभी रेलवे लाइन पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### बाबा बाल्हेश्वर धाम में भंडारा 29 जुलाई को

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। रघुवीर हॉस्पिटल एवं रघुवीर रोलिंग मिल के चेयरमैन रमेश दीक्षित, व्यवस्थापक शशांक दीक्षित, रघुवीर इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज की निदेशक डा मोनिका मिश्रा ने बताया कि 29 जुलाई को लालगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक पीठ बाबा बाल्हेश्वर धाम में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रसिद्ध समाजसेवी रमेश दीक्षित ने लोगों से भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# जन्मदिन से 1 दिन पहले पानी के बताशे लेने गए बच्चे की मौत

## शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गूढ़ा गांव की घटना

संवाददाता,शिवगढ़, रायबरेली।



तैयब (फाइल फोटो)

अमृत विचार। सात वर्षीय बालक के जन्मदिन की खुशियां पलक झपकते ही मातम में तब्दील हो गई। जन्मदिन पर कफन में लिपटे मासूम का जनाजा उठा तो सबकी आंखें भर आई। बुधवार को मासूम का शव पीएम से लौटा तो परिजनों के करुण क्रंदन से समूचा गांव कराह उठा।

गौरतलब हो कि जन्मदिन से एक दिन पहले मंगलवार को थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाइवे पर स्थित गूढ़ा में तेज रफ्तार डीसीएम ने सात वर्षीय मासूम को टक्कर मार दी, जिससे अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने डीसीएम को रोककर पुलिस के हवाले कर दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। मृतक तैयब के पिता मो. अतीक ने बताया कि सात वर्षीय बेटा तैयब चन्दापुर मोड के समीप स्थित मेरिस इंग्लिश मीडियम स्कूल गूढ़ा में केजी में पढ़ता था, जो मंगलवार को विद्यालय से वापस लौटने के बाद बहन के साथ घर के सामने बांदा-बहराइच हाइवे की दूसरी पटरी पर खड़े ठेले से पानी के बताशे लेने गया था। ठेले से पानी के बताशे लेकर वापस घर लौटते समय हैदरगढ़ की ओर से बछरावां की ओर गत्ता लादकर जा रहे तेज रफ्तार डीसीएम ने तैयब को टक्कर मार दी, जिससे तैयब गम्भीर रूप से घायल हो गया।

घायला अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात तैयब को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता मो. अतीक ने बताया कि बुधवार को तैयब का 7वां जन्मदिन था। जिसको लेकर परिवार में खुशियों का माहौल था। पर नियति को कुछ और ही मंजूर था जन्मदिन से एक दिन पहले सड़क हादसे में तैयब काल के गाल में समा गया। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि डीसीएम कब्जे में लेकर मुकदमा कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### पीडब्ल्यूडी विभाग से की रंबल स्ट्रिप बनवाने की मांग

जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, पूर्व प्रधान रामहेत रावत, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अवधेश कुमार रावत, सपा ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रताप पटेल, प्रधान प्रतिनिधि अंकित वर्मा ने गूढ़ा में बांदा-बहराइच पर रंबल स्ट्रिप व खजुरों मोड के पास संकेतक, स्पीड लिमिट संकेतक, लगाने की पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि बांदा-बहराइच हाईवे पर तेज गति से ट्रक, डंपर, डीसीएम गुजरते हैं जिसके चलते अक्सर हादसे होते रहते हैं। हाईवे के किनारे कई विद्यालय होने के कारण हमेशा दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

## करंट की चपेट में आने से गयी युवक की जान

ऊंचाहार, रायबरेली। घर में फर्राटा पंखा लगाते समय उसमें प्रवाहित हो रहे बिजली के करंट की चपेट में एक युवक आ गया जिसकी ऊंचाहार सीएचसी के मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। यह हादसा बुधवार की सुबह हुआ है। गदागंज थाना क्षेत्र के गांव मकदूमपुर निवासी मोतीलाल का 19 वर्षीय बेटा दीपू अपने घर मे फर्राटा पंखा लगा रहा था। बताया जाता है कि पंखे का कोई तार कटा हुआ था, जिसके कारण उसमे बिजली का करंट प्रवाहित हो रहा था। युवक ने पंखा को जैसे ही बिजली बोर्ड से जोड़ा उसमे करंट आ गया, जिसकी चपेट में आकर युवक गिर गया। इस हादसे के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। परिजन उसको लेकर ऊंचाहार सीएचसी आए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। युवक की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सीएचसी द्वारा घटना की सूचना मेमो द्वारा कोतवाली को दी गई। सूचना पाकर सीएचसी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे के लिए पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है।

# चौकीदार हत्याकांड का खुलासा, छह गिरफ्तार

## 22 जुलाई को निर्माणाधीन पानी की टंकी में मिला था शव

संवाददाता, रायबरेली।

फॉलोअप



जानकारी देते एसपी अभिषेक अग्रवाल।

अमृत विचार। पुलिस की सूझबूझ से एक परिवार को कानून के शिकंजे से छुटकारा मिल गया नही तो आज परिवार जेल की सलाखों में होता, लेकिन ईमानदारी से पुलिस ने हत्या के मामले में संवेदनशीलता दिखाई और असली गुनाहगारों को जेल भेजा।

शिवगढ़ पुलिस ने दो दिन पूर्व दौलतखेड़ा गांव में पानी की टंकी पर चौकीदारी करने वाले शिवकिशोर की निर्मम हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। घटना का खुलासा करते हुए एसपी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि शिवगढ़ के बैंती निवासी शिवकिशोर जायसवाल दौलतखेडा गांव में बन रही पानी टंकी में चौकीदारी करता था। जहां पर जनरेटर, बैटरा व इन्वर्टर भी था। जिसको चोरी करने के लिए लखनऊ जनपद के जवाहर सिंह का पुरवा मजरे बहरौली निवासी आयुष पुत्र रमेश चन्द्र, अरजानीखेड़ा निवासी महेश प्रसाद, विशाल कुमार, हरगोविंद, विपिन व शुभम साहू निवासी चौरासा बाराबंकी उस रात आए थे, और सामान लेकर जा रहे थे। चौकीदार ने विरोध किया जिसके बाद उसे वहीं पर पड़ी रस्सी से बांध कर उसका गला दबा दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस को मृतक के बेटे ने तहरीर दी थी। घर वालों को परिवार के लोगो पर शक था। लेकिन पुलिस को तफ्तीश के दौरान कई अहम सुराग हाथ लगे। जिसके बाद एसओजी और स्थानीय पुलिस ने मिलकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों के पास से चोरी हुआ सामान व पिकअप वाहन बरामद हुआ है। एसपी ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास देखा जा रहा है। गैंगेस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

### 17 जुलाई को की थी रेकी

पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों में आयुष व महेश शातिर चोर है, और कई मामलों में वह जेल भी जा चुके हैं। दोनो ने घटना को अंजाम देने से पूर्व 17 जुलाई को पानी टंकी की रेकी की थी। उनका मकसद चोरी करने का था। लेकिन चौकीदार अपना फर्ज निभाते हुए भिड़ गया था। जिसके बाद उसकी गला दबा कर हत्या कर दी थी।

### एसपी ने दिया इनाम

घटना का सफल खुलासा करने वाली एसओजी व शिवगढ़ पुलिस एसपी ने 25 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की। एसपी ने बताया कि पूरे खुलासे में एसओजी की अहम भूमिका रही।

# लालगंज में बिजली व्यवस्था ध्वस्त, उपभोक्ता त्रस्त

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।



पावर हाउस के अंदर जली पैनल ट्राली को ठीक करके बिजली कर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता और एसडीओ की लापरवाही से ग्रामीण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। लाइनों की खराबी और ब्रेकडाउन सहित ट्रिपिंग के चलते लोगों को 18 घंटे क्या 10 घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है।

मंगलवार रात 8 बजे बिजली चली गई थी। रात में 2 घंटे बिजली रही उसके बाद फिर बिजली ब्रेकडाउन हो गई। बुधवार को 12 बजे दिन में बिजली आने से लोगों को राहत मिली। बदहाल बिजली व्यवस्था से आजिज आकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधान राज किशोर सिंह बघेल ने मामले की शिकायत ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश से की है।

उन्होंने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि जनपद के लालगंज 33/11 केवी पावर हाउस से पोषित मधुकरपुर फीडर सहित अन्य ग्रामीण फीडरों में बिजली व्यवस्था खराब हो गई है। विद्युत विभाग द्वारा फीडर में अनुरक्षण का कार्य नहीं करने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहतीं है। लालगंज ग्रामीण पॉवर हाउस के अधिकारी योगी सरकार की किरकिरी करा रहे हैं। उनका कहना है की सबसे अधिक खराब हालत मधुकरपुर फीडर का है। अगर मधुकरपुर फीडर पर पेड़ की डालों की कटाई अनुरक्षण का कार्य समय पर कराया जाता तो आज मधुकरपुर फीडर 24 घंटे बंद न रहता। वहीं, पावर हाउस के कर्मचारियों ने बताया कि मंगलवार शाम डलमऊ से इनकमिंग खराब हो गई थी। रात 12 बजे ठीक हुई। उसके बाद बरसात होने लगी, लाइन में फॉल्ट आने से बेहटा फीडर की पैनल ट्रॉली जल गई। जिसके चलते बिजली व्यवस्था बाधित रही। सुशील, चंदन, उमेश, कीर्ति मनोहर,चंदन आदि ग्रामीणों ने भी बदहाल बिजली व्यवस्था के प्रति आक्रोश जताया है।

### विद्युत कटौती से ग्रामीण परेशान, गहराया पानी का संकट

सरेनी, रायबरेली,अमृत विचार। मंगलवार की रात हल्की बारिश होने के बाद से पूरे क्षेत्र में लगभग 12 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रही। बिजली की आपूर्ति न होने से ग्रामीणों का गर्मी से बुराहाल है। यही नहीं उनके सामने पीने के पानी का भी संकट आकर खड़ा हो गया है। दूसरी तरफ पिछले एक माह से सरेनी, रनापुर, मलकेगांव व हैबतपुर उप केंद्रों पर लगातार ट्रिपिंग की जा रही है। उपभोक्ता भीषण गर्मी व उमस से परेशान रहते हैं। बिजली के बिल अनाप शनाप भेजे जा रहे हैं किन्तु ग्रामीणों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति की सप्लाई नहीं की जा रही है। विद्युत उप केन्द्र के अवर अभियंता कृपाशंकर यादव ने बताया कि ग्यारह हजार वोल्टेज की लाइन में खराबी आई है जिसे ठीक करने का काम चल रहा है। शाम तक आपूर्ति बहाल हो जायेगी।

## 33 केवीए लाइन में खराबी आने से अंधेरे में डूबी पांच लाख की आबादी

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार। विद्युत वितरण व्यवस्था इस समय पूरी तरह से बेपटरी है। अघोषित कटौती और लो वोल्टेज ने जनता को बेहाल कर रखा है, ऐसे में लाइनें भी धोखा दे रही है। डलमऊ से गौरा ब्लाक और ऊंचाहार के जमुनापुर उपकेंद्र को ने वाली 33 केवीए विद्युत लाइन दस घंटे बाधित थी जिससे दोनो ब्लाक की करीब पांच लाख की आबादी अंधेरे में डूबी रही।

ज्ञात हो कि ऊंचाहार के पश्चिमी भाग को जमुनापुर उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति की जाती है। इस उपकेंद्र को डलमऊ से जोड़ा गया है। डलमऊ से आने वाली 33 केवीए विद्युत लाइन गदागंज, दीनशाह गौरा ब्लाक होते हुए जमुनापुर उपकेंद्र पहुंचती है। इस विद्युत लाइन में मंगलवार की रात 12 बजे खराबी आ गई। बताया जाता है कि रास्ते में बरारा बुजुर्ग के पास मेन लाइन में जम्फर कट गया था। जिसके कारण दीन शाह गौरा का पूरा ब्लाक, ऊंचाहार ब्लाक का पश्चिमी भाग अंधेरे में डूब गया। दोनो ब्लाक की करीब पांच लाख की आबादी भीषण उमस भरी गर्मी के कारण बिलबिला उठी। रात भर पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा।

बुधवार की सुबह करीब दस बजे तकनीकी खराबी ठीक हुई। उसके बाद आपूर्ति चालू हुई, किंतु लो वोल्टेज के कारण यह आपूर्ति अनुपयुक्त थी। किसान न तो ट्यूबवेल चला पा रहे थी, न ही घरेलू पंखे आदि उपकरण चल पा रहे थे। अधिशाषी अभियंता धीरेंद्र सिंह के अनुसार विद्युत लाइन में गड़बड़ी के कारण आपूर्ति बाधित हुई थी। बिजली की मांग बढ़ी होने के कारण लो-वोल्टेज की समस्या आ रही है।

## सार-संक्षेप

### आरेडिका में चलाया गया पर्यावरण बचाओ अभियान



रेल कोच में पौधारोपण करते स्काउट गाइड। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली। एक पेड़ मां के नाम एवं पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान चलाया गया। महाप्रबंधक पीके मिश्रा की प्रेरणा से आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में आरेडिका स्काउट एवं गाइड की टीम के द्वारा सिविल विभाग के सहयोग से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में उपरोक्त अभियान को सफल बनाने व जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक व सुरेश कुमार ने काव्यपाठ के माध्यम से समझाया गया। कॉलोनीवासियों को 300 पौधा लगाने के लिए वितरण किए व पेड़ लगाने, पर्यावरण बचाने की शपथ दिलवाई गई। रेल कोच के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आरएन तिवारी ने बताया कि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, मुख्य सामग्री प्रबंधक, सीपी सोनी कामेश्वर पासवान, जेके त्रिपाठी, डीपी मिश्रा, रानू दास, गणेश दत्त अनिल श्रीवास्तव, एलबी सिंह मौर्य, आदित्य प्रकाश, सबीना बानो, दीपक कुमार, सोनी कुमारी व अन्य टीम के कर्मठ सदस्यों के साथ-साथ गाइड कब बुलबुल तथा विशेष तौर से आरेडिका के वयोवृद्ध सदस्यों ने भी पौधरोपण में योगदान दिया।

### कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर पीड़ित ने खत्म किया धरना

संवाददाता, रायबरेली,अमृत विचार। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते दिनों एक मासूम के साथ युवक में छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने की कोशिश हुई थी। मासूम के चिल्लाने पर युवक मौके से भाग गया लेकिन इस दौरान उसकी चप्पल और मोबाइल फोन वहीं पर छूट गया। पीड़ित मासूम ने पूरी घटना अपने मां-बाप को बताई, परिजन जब पुलिस के पास घटना को लेकर गए तो स्थानीय पुलिस ने मामले को ही झुठला दिया। पुलिस का तर्क था कि पुराने मामले को लेकर यह सब किया जा रहा है। आखिर जब पीड़ित के पास युवक के चप्पल और मोबाइल है तो पुलिस ने इस पर क्यों नहीं गौर किया। इससे जाहिर है कि कहीं ना कहीं पुलिस महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनहीन है। थकहार कर परिजन मासूम बेटी को लेकर एसपी कार्यालय के गेट पर धरने पर बैठ गए। जिसके बाद मामला सुर्खियों में आ गया। उधर, बुधवार को पीड़ित परिवार धरने पर बैठा ही था कि तभी कोतवाल श्याम कुमार पाल भी मौके पर आ गए। उन्होंने किसी तरीके से पीड़ित को समझा बुझाकर धरना समाप्त कराया और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि पीड़ित थाने पर नहीं आया था, मुकदमा लिखकर आगे की कार्रवाई की जा रही है, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एनटीपीसी की प्रगति में संविदाकारों की सहभागी अहम



एनटीपीसी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

ऊंचाहार, रायबरेली,अमृत विचार। एनटीपीसी में एनटीपीसी एमएसएमई सेल व संविदा एवं सामग्री विभाग द्वारा विशेष संविदाकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने सभी संविदाकारों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि संविदाकार एनटीपीसी की प्रगति में सहभागी होने के नाते हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और एनटीपीसी को विश्वस्तरीय कंपनी बनाने में संविदाकारों का भी बहुत बड़ा योगदान है। जिसका लाभ सम्मेलन में प्रतिभाग कर रहे 70 संविदाकारों के साथ-साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति के 25 तथा 3 महिला संविदाकारों को भी मिला। जेम व आरएक्सआईएल द्वारा प्रेजेंटेशन देकर संविदाकारों को जागरुक किया गया। संविदा एवं सामग्री विभाग के विभागाध्यक्ष तिरुमला मुरली मोहन ने सभी संविदाकारों का परिचय कराया तथा कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला व उप महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) रजनीश गोयल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### जमीनी विवाद में दो सगे भाइयों में मारपीट, दम्पति घायल

बछरावां, रायबरेली,अमृत विचार। थाना क्षेत्र के मेडई खेड़ा मजरे इसिया गांव के रहने वाले राम सजीवन (35) पुत्र सुंदर अपनी पत्नी पुष्पा देवी के साथ झोपड़ी की थुनिया लगा रहे थे। तभी उनका बड़ा भाई, भाभी व भतीजा पहुँच गए और विरोध करने लगे। इसी को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। कुछ ही देर में कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। मारपीट में राम सजीवन व उनकी पत्नी पुष्पा गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना संज्ञान में आई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### महराजगंज : कैंप में टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग

महराजगंज, रायबरेली,अमृत विचार। क्षेत्र के अटरा गांव को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने के लिए हेल्थ कैंप लगाया गया। इस दौरान टीबी के मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग में टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों की बलगम जांच भी की गई। सीएचसी अधीक्षक डा. प्रजेश श्रीवास्तव ने बताया की जांच में बलगम धनात्मक पाए जाने पर ऐसे मरीजों कों छह माह तक टीबी की दवा खिलाई जाएगी। साथ ही पोषण के लिए तीन हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में दिया जाएगा। इस मौके पर डा. अनुज सिंह, वरूण देव, सुनीत श्रीवास्तव, केके, रामावती, सविता आशा बहू मौजूद रहे।

# यूपीएस आईडीए के प्लॉट से हटवाया कब्जा

संवाददाता,अमावां, रायबरेली।



प्लॉट से कब्जा हटाता बुलडोजर।

अमृत विचार। बुधवार को इंडस्ट्रियल एरिया स्थित यूपीएस आईडीए के प्लाट नंबर ई-5 से राजस्व विभाग व भारी पुलिस बल्कि मौजूदगी में कब्जा हटवाकर वैध मालिक के सुपुर्द कर दिया गया।

मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र में इंडस्ट्रियल एरिया स्थित ई-5 प्लाट का है। जिस पर कई सालों से कुछ लोगों का कब्जा चल रहा था। उक्त प्लाट के वैध मालिक धर्मेंद्र कुमार सोनकर द्वारा मामले को लेकर उच्च न्यायालय लखनऊ में दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा वैध मालिक को भूखंड पर कब्जा दिलाए जाने का आदेश जारी किया गया। उक्त क्रम में यूपीएसआईडीए के अलावा राजस्व विभाग व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उक्त प्लाट को अवैध कब्जे से मुक्त कर दिया गया। कब्जा मुक्त हुए प्लाट को वैध मालिक धर्मेंद्र कुमार सोनकर को सौंप दिया गया। इस दौरान इंस्पेक्टर मिल एरिया संजय कुमार सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# किसानों को निर्बाध बिजली-पानी उपलब्ध कराये सरकार

संवाददाता,रायबरेली।



कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते सपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी द्वारा किसानों की समस्याओं एवं खराब कानून व्यवस्था को लेकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट बाबूराम को जिलाध्यक्ष इं वीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में सौंपा गया।

ज्ञापन देने से पूर्व कलेक्ट्रेट में जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की धान की फसल की रोपाई पानी के संकट के कारण बाधित हो रही है। बिजली की अंधाधुंध कटौती एवं लो-वोल्टेज के कारण सिंचाई के लिए लगे ट्यूबवेल चल नहीं पा रहे है। नहरों में निर्धारित मांग से बहुत कम पानी की आपूर्ति हो रही है, बरसात कम होने के कारण जनपद सूखे की चपेट में है।

जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि धान की फसल रोपाई हेतु किसानों की सिंचाई के लिए निर्बाध रूप से कम से कम 18 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाए एवं लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान कराया। सपा नेता शशिकांत शर्मा ने कहा कि जिले की कानून व्यवस्था बहुत ही लचर है। अपराधियों में कोई भय नहीं है, पुलिस निरंकुश है, पुलिस अपराधों को छिपाने एवं अपराधियों का साथ देने का काम कर रही है।

विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि चुरूवा ग्राम में महिला हत्याकांड में संलिप्त दोषी पुलिसकर्मियों की जांच सीबीआई से करायी जाये।

विधायक राहुल लोधी ने कहा कि क्षतिग्रस्त रायबरेली से गुरुबख्शगंज-खीरों-सेमरी मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। अविलंब इस मार्ग का निर्माण कराया जाए। साधन सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध करायी जाय।

ज्ञापन के माध्यम से समाजवादी पार्टी ने जनपद को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने की भी मांग की है। आरपी यादव, चौ. सुरेश कुमार निर्मल, मो. अरशद खान, ओपी यादव, आफताब अहमद, रज्जू खान, पुत्तन सिंह यादव, योगेश्वर पटेल, कृपाशंकर यादव, बृजेन्द्र चौधरी, जगदेव यादव, धर्मेन्द्र धाकड़ आदि रहे।

अनदेखी

सामुदायिक प्याऊ के उद्घाटन के बाद नहीं ली किसी ने सुध, प्यास बुझाने को भटक रहे मरीज और तीमारदार

# अफसर आए सेल्फी ली और चले गए, नहीं बुझा सके प्यास

अमरेंद्र कुमार, रायबरेली।



जिला क्षय रोग केंद्र परिसर में शोपीस बना सामुदायिक प्याऊ।

अमृत विचार। सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत बिरला कार्पोरेशन लि. द्वारा जिला क्षयरोग केन्द्र में बनाए गए सामुदायिक प्याऊ की टोटी से आज तक पानी नहीं निकला। जबकि जिला क्षयरोग केन्द्र के अधिकारी व बिरला कार्पोरेशन लि. ने इसका विधिवत लोकार्पण कराकर न सिर्फ सम्मान लूटा बल्कि पत्थर पर अंकित सीएमएस की क्षवि को भी धूमिल किया है।

इतना ही नहीं लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान बिरला कार्पोरेशन लि. के यूनिट हेड विपल्स बोस व सीएसआर के पार्टनर ने यहां आने वाले मरीजों व तीमारदारों को स्वच्छ जल स्वस्थ जीवन देने का राग अलापा और फोटो खिंचवाकर वाहवाही भी बटोरी। जिला क्षयरोग केंद्र में 24 जून 2024 को आयोजित कार्यक्रम में बड़े-बड़े बोल बोलने वालों की आज सामुदायिक प्याऊ ने पोल खोल दी है, जो काफी निन्दनीय ही नहीं बल्कि अफसोस जनक भी है। जिला चिकित्सालय परिसर में बिरला कार्पोरेशन लि. व जिला क्षयरोग केंद्र के अधिकारियों के सहयोग से स्वच्छ जल स्वस्थ जीवन की तर्ज पर एक सामुदायिक प्याऊ का लोकार्पण किया गया था। बिरला कार्पोरेशन लि. के पार्टनर विकास के अनुसार जिला क्षयरोग केंद्र के अधिकारी के निवेदन पर उनकी संस्था द्वारा उन्हें वाटर कूलर उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने यह बात स्वीकार करते हुये कहा कि शायद पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे सामुदायिक प्याऊ बंद चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह जिला क्षयरोग केन्द्र विभाग का मामला है। जबकि उपरोक्त तिथि का लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान इनके जैसे कई अधिकारी उपस्थित रहे और उस समय मरीजों व तीमारदारों को स्वच्छ जल स्वस्थ जीवन देने की ऐसी बातें कर रहे थे जैसे की वह दिन में तारे दिखा रहे हों। बहरहाल लोकार्पण के दौरान सभी ने अपनी-अपनी फोटो खिंचवाई और इसका पूरा श्रेय भी लिया। अब पूरे प्रकरण में चुप्पी साधकर सिर्फ टरकाऊ जवाब दे रहे हैं।

### महज दो से तीन दिन तक ही चल सका प्याऊ

जिला क्षयरोग केंद्र अधिकारी की देखरेख में इस परिसर में सामुदायिक प्याऊ लगाने के लिए दीवार की तोड़फोड़ कराई गई। इस प्याऊ को बेहतर बनाने के लिए रंग बिरंगी टाइल्स व बाकायदा पत्थर में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बीरेन्द्र सिंह, बिरला कापोरेशन लि. के यूनिट हेट विपल्स बोस, जिला क्षय रोग अधिकारी अनुपम सिंह का नाम गढ़ा कर कार्यक्रम की तैयारी कराई गई। जिला क्षय रोग विभाग द्वारा इस कार्यक्रम के लोकार्पण के लिए 24 जून 2024 की तिथि निर्धारित की और तय समय के अनुसार सामुदायिक प्याऊ का लोकार्पण कराकर खूब शेल्फी व भाषणबाजी की गई। इस सामुदायिक प्याऊ के लोकार्पण के बाद मुश्किल से दो या तीन दिन ही चला। तब से लेकर आज तक यह शोपीस बनाह हुआ है।

> जिला क्षयरोग केंद्र परिसर में बिरला कार्पोरेशन लि. द्वारा एक सामुदायिक प्याऊ लगवाया गया है। पानी की मोटर खराब हो गई है। सप्ताह भर में बोरिंग कराकर सामुदायिक प्याऊ को चालू करा दिया जाएगा।
>
> -अनुपम सिंह, जिला क्षयरोग अधिकारी

## महिला से दुष्कर्म का प्रयास, शिकायत

ऊंचाहार, रायबरेली,अमृत विचार। घर के अकेली महिला को युवक द्वारा दुराचार करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला ने शोर मचाया तो बचाने पहुंचे परिजनों पर युवक ने हमला कर दिया। पीड़िता ने मामले में पांच लोगों के विरुद्ध तहरीर कोतवाली में दी है। मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। गांव की रहने वाली महिला का कहना है कि बुधवार को वह घर में अकेली थी। तभी गांव का एक युवक मौका पाकर उसके घर में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। उसकी चीख सुनकर उसके परिवार के ही पड़ोसी भागकर उसके घर पहुंचे तो युवक भाग गया। घटना के बाद कोतवाली पहुंची पीड़िता ने लिखित तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,148.88 | 24,413.50 |
| गिरावट | 280.16 | 65.55 |
| प्रतिशत में | 0.35 | 0.27 |





अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 25 जुलाई 2024

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल** गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 **वनस्पति** बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 72,700 |
| सोना रवा | 72,550 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 88,100 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# कर कम किए जाने से रियल एस्टेट को होगा लाभ

## वित्त मंत्री बोलीं- दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को बगैर इंडेक्सेशन के 20 से कम कर 12.5% किया

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आम बजट में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को बगैर इंडेक्शेशन के 20 प्रतिशत से कम कर 12.5 प्रतिशत किये जाने से सभी मामले में रियल एस्टेट लाभ में ही रहेगा। सीतारमण ने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत कर देना पड़ता था, लेकिन अब इसके बगैर 12.5 प्रतिशत कर लगेगा। आम तौर पर रियल एस्टेट पर वार्षिक रिटर्न 12 से 16 प्रतिशत होता है जो महंगाई से अधिक है।

महंगाई का इंडेक्सेशन चार से पांच प्रतिशत होता है जो संपत्ति को रखने की अवधि पर निर्भर करता है। इसलिए इस तरह के अधिकांश मामलों में करदाताओं को कर की बचत ही होगी। उन्होंने कहा कि नई कर दर से अधिकांश मामलों में लाभ होगा। इस मामले में यदि संपत्ति को पांच वर्ष रखा जाता है और संपत्ति पर रिटर्न में 1.7 गुना की बढ़ोतरी होगी तो इस मामले में नयी व्यवस्था लाभकारी है। यदि संपत्ति को 10 वर्ष रखा जाता है और रिटर्न 2.4 गुना होता है तब भी इससे करदाता को लाभ होगा। जब संपत्ति पर 9 से 11 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न मिलेगा तब नयी कर में करदाता को नुकसान होगा हालांकि रियल एस्टेट में ऐसा होना अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा कि किसी भी कर सरलीकरण का लाभ करदाताओं को ही होता है क्योंकि इससे अनुपालन का भार कम होता है और रिकार्ड रखने की जरूरत समाप्त हो जाती है। सीतारमण ने कहा कि नयी व्यक्तिगत कर प्रणाली भी सभी के लिए लाभकारी है। इसमें कम कर देने के बाद जो बचत होगी उसका उपयोग करदाता अपने जरूरत के अनुसार कर सकेगा।



- रियल एस्टेट पर वार्षिक रिटर्न 12 से 16 प्रतिशत होता है जो महंगाई से अधिक है

### एलटीसीजी में कमी से करदाताओं को होगी पर्याप्त कर बचत

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) की दर में कटौती से करदाताओं को पर्याप्त कर बचत होने की उम्मीद है। बजट में दीर्घावधि तक रखी गई आवास संपत्तियों की बिक्री से अर्जित पूंजीगत लाभ पर कर की दरें कम कर दी गई हैं, लेकिन करदाताओं को मिलने वाला इंडेक्सेशन लाभ हटाया गया है। इंडेक्सेशन लाभों से तात्पर्य पूंजीगत लाभ कर की गणना के लिए सम्पति के मूल्य से मुद्रास्फीति को समायोजित करने की व्यवस्था समाप्त करना है। आयकर विभाग ने एक्स पर लिखा, नाममात्र अचल संपत्ति रिटर्न आम तौर पर 12-16 प्रतिशत प्रति वर्ष के आसपास है, जो मुद्रास्फीति से बहुत अधिक है।मुद्रास्फीति के लिए इंडेक्सेशन चार से पांच प्रतिशत के आसपास है, जो संपत्ति को कितने समय के लिए पास रखा गया इस पर निर्भर करता है।

### इंडेक्सेशन लाभ हटाने से विक्रेताओं को होगा नुकसान

पुरानी संपत्ति की बिक्री करते समय मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किए जाने से निवेशकों को नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। सरकार ने आम बजट में अचल संपत्तियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर को घटाया है और मुद्रास्फीति के समायोजन (इंडेक्सेशन) से जुड़े लाभ हटाने का प्रस्ताव रखा। विशेषज्ञों ने इस कदम को विक्रेताओं के लिए नकारात्मक बताया है। प्रस्ताव पर डेलॉयट इंडिया की साझेदार आरती रावते ने कहा कि इंडेक्सेशन के बिना एलटीसीजी का करदाताओं पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ेगा। यदि मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किया गया तो निवेशकों को नुकसान होगा। इक्रा की उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) अनुपमा रेड्डी ने भी कहा कि एलटीसीजी कर की दर में कमी के बावजूद रियल एस्टेट क्षेत्र पर दीर्घकालिक रिटर्न को देखते हुए, संपत्ति की बिक्री के समय इंडेक्सेशन लाभ को हटाने से कर में वृद्धि होने की संभावना है।

# प्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क की समीक्षा से तैयार होगा आधार

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी बोले- बजट श्रम उत्पादकता में सुधार करने में करेगा मदद

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने बुधवार को कहा कि बजट में घोषित प्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क दरों की समीक्षा से दीर्घकालिक सुधारों के लिए आधार तैयार होगा। बेरी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 का बजट एक संरचनात्मक बजट है, जो कार्यबल तथा निजी क्षेत्र के बीच संबंध बनाकर श्रम उत्पादकता में सुधार करने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा कि बजट (2024-25) प्रस्तावों में प्रत्यक्ष कर, सीमा शुल्क दरों की समीक्षा के लिए एक रूपरेखा प्रदान की गई है जिसे छह महीने में किया जाना है... यह दीर्घकालिक सुधारों के लिए जमीन तैयार करेगा। सरकार ने केंद्रीय बजट में आयकर अधिनियम की व्यापक समीक्षा करने की घोषणा की थी, ताकि इसे पढ़ना आसान हो सके। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) चूक के लिए एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) लेकर आएगी और ऐसे अपराधों के लिए समझौता प्रक्रिया को सरल और युक्तिसंगत बनाएगी। उन्होंने कहा था, मैं आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा करती हूं। इसका मकाद अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट, पढ़ने और समझने में आसान बनाना है। बेरी ने कहा कि बजट में राजकोषीय समेकन को बनाए रखा गया है तथा इसमें सुधार किया गया है जो महत्वपूर्ण है। बजट प्रस्ताव दीर्घकालिक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं और यह विकसित भारत की दिशा में पहला कदम है।

# चौथे दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 280 अंक लुढ़का

- बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से निफ्टी भी 65.55 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

वित्तीय एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और प्रतिभूति लेनदेन कर एवं अल्पावधि पूंजीगत लाभ कर में बढ़ोतरी से बुधवार को शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। बीएसई का सेंसेक्स 280.16 अंक यानी 0.35% की गिरावट के साथ 80,148.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 678.53 अंक तक फिसलकर 79,750.51 अंक पर आया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 65.55 अंक यानी 0.27% गिरकर 24,413.50 अंक पर बंद हुआ। बजाज फिनसर्व के शेयर में दो प्रतिशत की गिरावट आई। बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। टेक महिंद्रा, आईटीसी, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और सन फार्मा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### स्मॉलकैप 1.91% और मिडकैप 0.68% चढ़ा

बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.91 प्रतिशत और मिडकैप 0.68 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में मामूली नुकसान दर्ज किया गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 2,975.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। अंतर्राष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत उछलकर 81.62 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बजट पेश किए जाने के साथ वायदा एवं विकल्प सौदों पर एसटीटी को बढ़ाने का प्रस्ताव रखने के बाद सेंसेक्स 1,277.76 अंक यानी 1.58 प्रतिशत तक टूट गया था। बाद में यह काफी हद तक भरपाई करने में सफल रहा था।

# एंजल कर : निवेश पर कर नहीं होना चाहिए : डीपीआईआईटी

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार्टअप के लिए एंजल कर को हटाना एक लंबित मुद्दा था, क्योंकि यह कर देश में आने वाले निवेश पर लगाया जाता था और इस तरह के विदेशी निवेश पर कर नहीं लगाया जाना चाहिए। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश सिंह ने कहा कि इस निर्णय से विदेशी निवेश आकर्षित करने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप परिवेश को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

सिंह ने कहा कि यह कारोबार सुगमता का मुद्दा होने के साथ कर का मुद्दा भी था।



अंततः यह आय पर नहीं बल्कि निवेश पर कर था और निवेश पर कर नहीं लगना चाहिए, यही मूल विचार है। एंजल कर (30% से अधिक की दर से आयकर) का मतलब वह आयकर है जो सरकार गैर-सूचीबद्ध कंपनियों या स्टार्टअप द्वारा जुटाई राशि पर लगाती है।

# एमएसएमई के लिए कर्ज गारंटी योजना से विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** तमाम वस्तुओं पर सीमा शुल्क में कटौती, एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना और ई-कॉमर्स केंद्र की स्थापना जैसी बजट घोषणाओं से घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि स्पैन्डेक्स, चमड़ा और समुद्री सामान जैसे सामान पर सीमा शुल्क कम करने से उद्योग को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि परिधान उद्योग आईजीसीआर (रियायती दरों पर वस्तुओं का आयात) के तहत ट्रिम्स और एम्बेलिशमेंट का विस्तार करने की सराहना करता है, जिससे तैयार कपड़ों की निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी। विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना के तहत सीमा में वृद्धि, औपचारिक क्षेत्रों में नए प्रवेशकों को 15,000 रुपये तक महीने का वेतन देना, नए विनिर्माण कर्मचारियों के लिए 4 साल तक ईपीएफओ अंशदान और परिधान उद्योग को बढ़ाने और भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा।



## एक नजर

### असम में 1.57 करोड़ की हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार

**मोरीगांव।** असम के मोरीगांव जिले में बुधवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 1.57 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन जब्त की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम ने बरचल गांव में तलाशी अभियान चलाया और एक घर से 875 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया। उन्होंने बताया कि हेरोइन को साबुन के 77 डिब्बों में छिपाकर नागालैंड के दीमापुर से मोरीगांव लाया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### 7 लाख की इनामी 3 महिला नक्सलियों ने किया सरेंडर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले के पखांजूर में पांच लाख की इनामी डिप्टी कमांडर समेत तीन महिला नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। तीनों महिला नक्सलियों पर कुल सात लाख का इनाम घोषित था। इन महिला नक्सलियों ने बुधवार को बीएसएफ 94 बटालियन के उप महानिरीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण किया। ये नक्सली लंबे समय से छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय थे। नक्सलियों में मोती पोयाम उर्फ़ यमला (25 वर्ष), संचिला मंडावी (21 वर्ष) और लख्मी पददा (20 वर्ष) शामिल हैं। गौरतलब है कि मोती पोयाम पर 5 लाख, संचिला मंडावी और लख्मी पददा पर एक-एक लाख रुपये की इनामी राशि घोषित था।

### झारखंड में दो करोड़ का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**रामगढ़ (झारखंड)।** झारखंड के रामगढ़ जिले में पुलिस ने एक ट्रक से दो करोड़ रुपये मूल्य का 490 किलोग्राम गांजा जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश पंजीकरण नंबर वाला वाहन मंगलवार देर रात रांची से हजारीबाग जा रहा था कि इसी दौरान उसे कुजू पुलिस चौकी के निकट रोका गया। पुलिस ने ट्रक की तलाशी लेकर मादक पदार्थ बरामद किया और चालक तुलसी यादव (55) को गिरफ्तार कर लिया।

### टक्कर मारकर फरार होने के मामले में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने टक्कर मारकर फरार होने के एक मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपी के वाहन ने एक मोटरसाइकिल को कथित तौर पर टक्कर मारी थी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान धीरज तलवार के रूप में हुई है और वाहन को जब्त कर लिया गया है।

# बजट की आलोचना विपक्ष की राजनीतिक हताशा

## भाजपा ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना, कहा-पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंडिया गठबंधन ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाया

भाजपा ने केंद्रीय बजट की आलोचना करने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर बुधवार को निशाना साधा तथा कहा कि इससे उनकी राजनीतिक हताशा एवं उन पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच का पता चलता है जिन्हें विकास के लिए विशेष ध्यान देने और सहायता की आवश्यकता है।

आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए की कई घोषणाओं के बाद कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सरकार पर विपक्ष शासित राज्यों के प्रति भेदभावपूर्ण बजट पेश करने का आरोप लगाया था। बिहार और आंध्र प्रदेश क्रमशः सत्ता में काबिज जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) राजग सरकार के प्रमुख घटक हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिम्हा राव ने विपक्षी की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार के बजट का सभी ने स्वागत किया है, लेकिन विपक्ष अपरिपक्व और नकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहस है। उन्होंने कहा कि पूरा देश इसको प्रगतिशील, जन समर्थक, गरीब समर्थक, किसान समर्थक और रोजगार समर्थक बजट के रूप में देखता है। यह एक ऐसा बजट है जिसने वास्तव में 'विकसित भारत' के लिए एक दृष्टिकोण पेश किया है।

### ईएलआई पहल से आश्वस्त नहीं हैं : चिदंबरम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि यदि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर लगाम नहीं लगा तो जनता सत्तारूढ़ दल को चुनावों में दंडित करती रहेगी। चिदंबरम ने कहा कि वह बजट में घोषित ईएलआई पहल से आश्वस्त नहीं हैं और उन्हें आशंका है कि कहीं इसका हश्र भी प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरी देने के जुमले जैसा नहीं हो जाए। आम बजट 2024-25 और जम्मू कश्मीर के बजट पर चिदंबरम ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को पढ़ने का अवसर निकाला। वित्त मंत्री ने कांग्रेस घोषणापत्र की पृष्ठ संख्या 11, 30 एवं 31 से अच्छे विचारों को लिया।

### खरगे बोले- फिर से ठोस सुधारों की जरूरत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 1991 के केंद्रीय बजट को पेश किए जाने के 33 साल पूरा होने पर कहा कि आज फिर एक ऐसे सार्थक, ठोस नए सुधारों की जरूरत है जो मध्यम वर्ग और वंचितों दोनों की मदद करें। खरगे ने एक्स पर कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में जुलाई 1991 उदारीकरण बजट के रूप में महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने आर्थिक सुधारों के युग की शुरुआत की थी।

# नीतीश कुमार के फिर बिगड़े बोल अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो

पटना, एजेंसी

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को विधानसभा में अपना आपा खो बैठे और राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़कते हुए एक विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो! उनके बयान को लेकर एक बार फिर से हंगामा खड़ा हो गया है।

राजद के वरिष्ठ विधायक भाई वीरेंद्र ने बाद में इस मुद्दे पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पता नहीं महिलाओं को क्या-क्या बोलने लगे। पता नहीं महिलाओं से उन्हें प्रेम है या नफरत? यह बात हमें समझ ही में नहीं आती। बिहार विधानसभा में बुधवार को राज्य के संशोधित आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हस्तक्षेप करने के लिए उठे। उस समय राजद की मसौढी से विधायक रेखा देवी कुछ कह रही थीं।



विधानसभा सत्र को संबोधित करते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

- राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़के बिहार के सीएम
- आरक्षण कानूनों को नौवीं अनुसूची में शामिल करने को विपक्ष का हंगामा

मुख्यमंत्री ने रेखा देवी की ओर उंगलियां दिखाते हुए ऊंची आवाज में कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो। राजद ने किसी महिला को आगे बढ़ाया था? क्या आपको पता है कि मेरे सत्ता संभालने के बाद ही बिहार में महिलाओं को उनका हक मिलना शुरू हुआ। 2005 के बाद हमने महिलाओं को आगे बढ़ाया है। बोल रही हो, फालतू बात.. इसलिए कह रहे हैं, चुपचाप सुनो। महिला विधायक से इस तरह मुखातिब होने का विपक्षी सदस्यों द्वारा विरोध किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अरे क्या हुआ? सुनोगे नहीं, हम तो सुनाएंगे और अगर नहीं सुनिएगा तो यह आपकी गलती है।

# नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद क्या माफी मांगेंगे राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा ने पेपर लीक के बाद परीक्षा प्रणाली में विश्वास की कमी को हवा देने का आरोप कांग्रेस नेता पर लगाया

भाजपा ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कुछ स्थानों पर नीट-यूजी पेपर लीक होने के बाद भारत की परीक्षा प्रणाली में विश्वास की कमी को हवा देने का आरोप लगाया और पूछा कि क्या वह इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद माफी मांगेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी 2024 के असफल अभ्यर्थियों के उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें विवादों में घिरी इस परीक्षा को रद कर दोबारा कराने की मांग की गई थी। न्यायालय ने कहा कि इसकी शुचिता से समझौता होने और अन्य गड़बड़ियों को दर्शाने वाली कोई सामग्री रिकॉर्ड में नहीं है। कोर्ट का यह अंतरिम फैसला है और बाद में विस्तृत फैसला सुनाया जाएगा। इस अंतरिम फैसले से केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को राहत मिली है, जो पांच मई को प्रश्नपत्र लीक सहित कथित गड़बड़ी को लेकर सड़क से संसद तक आलोचना का सामना कर रही है।

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने फैसले के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा और उन पर भारत की परीक्षा को वैश्विक स्तर पर बदनाम करने का आरोप लगाया।

# न्यायाधिकरणों को ई-अदालत परियोजना के अंतर्गत लाने से न्यायालय का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीजेआई चंद्रचूड़ बोले- मामले के संबंध में आप न्याय विभाग से संपर्क कर सकते हैं

उच्चतम न्यायालय ने न्यायाधिकरणों को ई-अदालत योजना के अंतर्गत लाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई से इनकार कर दिया। ई- अदालत योजना का लक्ष्य पूरे देश की अदालतों में डिजिटल अवसंरचना का उन्नयन करना है।

याचिका में कहा गया था कि सशस्त्र बल न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय हरित अधिकरण जैसी अर्ध न्यायिक समितियों को राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। एनजेडीजी ई-अदालत परियोजना के अंतर्गत आता है जो देश की न्यायपालिका के कम्प्यूटरीकरण पर राष्ट्रीय नीति तैयार करने से संबंधित है। इसकी निगरानी और वित्तपोषण विधि मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा किया जाता है। एनजेडीजी पोर्टल अदालतों ने शुरू किए हैं। यह लंबित और निपटाए गए मामलों से संबंधित डेटा का राष्ट्रीय कोष है।

प्रधान न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आप न्याय विभाग से संपर्क कर सकते हैं। एनजेडीसी ई-अदालत योजना का हिस्सा है। यह जिला, उच्च और उच्चतम न्यायालय को देखता है और यह न्यायाधिकरणों को बिल्कुल नहीं देखता। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह परियोजना की रूपरेखा में अतिक्रमण नहीं कर सकती।सात हजार करोड़ रुपये अदालतों के लिए आवंटित किए गए हैं न कि न्यायाधिकरणों के लिए।

# मणिपुर में महिलाओं ने निकाली रैली तीन मौतों की न्यायिक जांच की मांग

**चुराचांदपुर (मणिपुर)।** मणिपुर के कुकी और हमार समुदाय के दो महिला संगठनों ने बुधवार को रैली निकाली और असम पुलिस के साथ मुठभेड़ में हमार समुदाय के तीन पुरुषों के मारे जाने की जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से कराने की मांग की।

कुकी विमिन ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स और हमार विमिन यूनियन द्वारा आयोजित रैली में शामिल महिलाओं ने मुओलवाइफेई मैदान से शांति मैदान स्थित स्मृति दीवार तक मार्च निकाला। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि कछार जिले में 17 जुलाई को पुलिस ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। हालांकि, मारे गए लोगों के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ करार दिया था। दोनों संगठनों ने गृहमंत्री अमित शाह को दिए ज्ञापन में कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित करने का अनुरोध करते हैं ताकि मामले से जुड़े तथ्यों को सामने लाया जा सके।

# कानून का पता न होना तोड़ने का बहाना नहीं होता

मुंबई, एजेंसी

प्रतिबंधित सामग्री घोषित रसायन का बिना प्रमाणपत्र के निर्यात करने पर दवा कंपनी के निदेशक के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने से बंबई हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानून की जानकारी नहीं होना उसे तोड़ने का बहाना नहीं होता।

उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि इस अनभिज्ञता को बचाव के तौर पर स्वीकार कर लिया जाए तो कानून प्रवर्तन मशीनरी ठप्प पड़ जाएगी। विवालविता फार्मास्यूटिकल्स नामक कंपनी के निदेशक अजय मेलवानी ने हाईकोर्ट से मुंबई पुलिस की अपराध शाखा द्वारा उनके खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत 2019 में दर्ज की प्राथमिकी रद करने का अनुरोध किया था। अपनी अर्जी में आरोपी ने दावा करते हुए मामले को रद करने का अनुरोध किया कि 2018 में जारी अधिसूचना में संबंधित रसायन प्रतिबंधित सामग्री की सूची में नहीं था, इसलिए उनकी कंपनी को इसकी जानकारी नहीं थी कि उसके निर्यात से पहले अनापत्ति प्रमाणपत्र की जरूरत होगी। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने यह अर्जी रद कर दी और यह कहते हुए मामला रद करने से इनकार कर दिया कि यह स्थापित कानूनी रुख है कि कानून की जानकारी नहीं होना किसी आपराधिक आरोप के सिलसिले में बचाव नहीं हो सकता है।



- दवा कंपनी के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने से हाईकोर्ट का इनकार

# दिल्ली दंगा : खालिद की जमानत पर हाईकोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से जुड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत पर बुधवार को पुलिस का रुख जानना चाहा। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की पीठ ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा।

# फैसला हटाने के होंगे गंभीर प्रभाव : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट आपराधिक मामलों में एक व्यक्ति के बरी होने के बाद मामले से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक मंचों से हटाने के उसके अधिकार से संबंधित याचिका पर सुनवाई के लिए बुधवार को सहमत हुआ। यह मुद्दा आरोपी के उस अधिकार से संबंधित है, जिसमें सार्वजनिक मंचों से उसके नाम वाले फैसलों को हटाने का अनुरोध किया गया है। कोर्ट ने कहा कि फैसला हटाने के गंभीर प्रभाव होंगे।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें उसने विधि पोर्टल को वेबसाइट से उस निर्णय को हटाने के लिए कहा था कि दुष्कर्म के मामले में आरोपी बरी हो गया है। सीजेआई ने कहा कि फैसले सार्वजनिक रिकॉर्ड का हिस्सा होते हैं और अदालतों की ओर से उन्हें हटाने के आदेश का गंभीर असर पड़ेगा। पीठ ने कहा कि यह मानते हुए कि कोई व्यक्ति बरी हो गया है, हाईकोर्ट उसे (विधि पोर्टल को) फैसला वापस लेने का निर्देश कैसे दे सकता है? एक बार फैसला सुनाने के बाद, यह सार्वजनिक रिकॉर्ड का हिस्सा बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के खिलाफ इंडिया कानून पोर्टल द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रहा है। हाईकोर्ट ने पोर्टल को वेबसाइट से फैसला हटाने के लिए कहा था। कोर्ट ने कार्तिक थ्योडोर की याचिका पर यह फैसला दिया था।



- बरी होने के बाद फैसला सार्वजनिक मंच से हटाने की याचिका पर सुनवाई करेगा कोर्ट

## डरता नहीं हूं, ट्रेनिंग पर फोकस : कुशारे

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाई जंपर सर्वेश ने अपनाया चोपड़ा का फॉर्मूला, कहा-नीरज मेरे आदर्श हैं, मुझे भी देश का मान बढ़ाना है

गांव में चारे के मैट पर अभ्यास से पेरिस ओलंपिक तक का सफर तय करने वाले हाई जंपर सर्वेश कुशारे को अपनी तैयारियों और भारतीय एथलेटिक्स के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा से मिले इस मूलमंत्र पर यकीन है कि प्रतिद्वंद्वियों की ख्याति से डरे बिना बस अपनी ट्रेनिंग पर फोकस रखो। कुशारे ओलंपिक ऊंची कूद के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं। अभ्यास के दौरान 2.30 मीटर का आंकड़ा पार कर रहे कुशारे को अपनी कड़ी मेहनत और तोक्यो ओलंपिक में भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का खाता खोलने वाले नीरज की सलाह पर पूरा यकीन है।

ओलंपिक में ऊंचे कद और भारी डील डौल वाले प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार पांच फुट नौ इंच के कुशारे ने पोलैंड के वारसॉ से कहा मेरा बस कद ही छोटा है लेकिन भीतर से बहुत मजबूत हूं। प्रतिद्वंद्वी की कद काठी देखकर कोई डर नहीं लगता। सही समय पर शीर्ष फॉर्म में रहना महत्वपूर्ण है। महाराष्ट्र के नाशिक से कुछ किलोमीटर दूर देवरगांव के रहने वाले 29 वर्ष के इस एथलीट ने कहा अभी तो काफी समय से नीरज भाई से मुलाकात नहीं हुई है लेकिन जब पिछली बार मिले थे तो उन्होंने कहा था कि ट्रेनिंग पर फोकस करो और विरोधी खिलाड़ियों की ख्याति से डरना नहीं है। वह हमेशा टिप्स देते रहते हैं। उन्होंने कहा हमारे आदर्श नीरज चोपड़ा ही हैं जिन्होंने एथलेटिक्स में पहला ओलंपिक पदक जीतकर हमारे भीतर भी आत्मविश्वास भरा। हम भी उनकी तरह बनना चाहते हैं और देश का मान बढ़ाना चाहते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की पांच खिलाड़ी मिलीं कोविड-19 पॉजिटिव

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया की महिला वाटर पोलो टीम की पांच खिलाड़ियों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। पेरिस में ऑस्ट्रेलिया की दल प्रमुख अन्ना मीयर्स ने कहा कि कोविड मामले सिर्फ वाटर पोलो टीम तक ही सीमित हैं।

उन्होंने साथ ही कहा कि पॉजिटिव खिलाड़ियों को अभ्यास करने की अनुमति है। हम कोविड को किसी अन्य श्वसन संबंधी बीमारी से अलग नहीं मानते हैं। लेकिन हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे प्रोटोकॉल का भी पालन हो। इस तरह की बीमारियों से निपटना और इन्हें कम से कम फैलने देना हर ओलंपिक खेलों का एक अभिन्न अंग है। प्रोटोकॉल में मास्क पहनना और ट्रेनिंग के बाहर टीम के अन्य सदस्यों से पॉजिटिव खिलाड़ियों को दूर रखना शामिल है। मीयर्स ने कहा कि पूरी टीम की जांच हो चुकी है।

## अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति : राय

पेरिस, एजेंसी



अनुभवी भारतीय तीरंदाज तरुणदीप राय पेरिस में टीम के अनौपचारिक मेंटोर के तौर पर काम कर रहे हैं और उनका कहना है कि अपने चौथे ओलंपिक में हिस्सा लेते हुए उनके लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है।

40 साल के राय अपने चौथे ओलंपिक में पहला पदक जीतने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने वैश्विक से महाद्वीपीय स्तर तक हर चैंपियनशिप में पदक जीते हैं, बस ओलंपिक में ही कोई पदक हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप (2005, 2019) में दो रजत, तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित नौ विश्व कप पदक, एशियाई चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। राय ने कहा हर दिन भावनात्मक होता है। यह चौथी दफा है। मेरे लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है। मैं अपने साथी तीरंदाजों से भी कहता हूं। शायद कोई अपना पहला या दूसरा ओलंपिक खेल रहा हो, लेकिन उसे इस तरह सोचना चाहिए कि अभी नहीं तो कभी नहीं। आपको इस तरह प्रयास करना चाहिए जैसे कि यह आपका आखिरी ओलंपिक हो।

सिक्किम के अनुभवी तीरंदाज ने 2004 एथेंस, 2012 लंदन और 2021 तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया था। तोक्यो में पुरुष टीम क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थी जिसमें राय शामिल थे। उन्होंने कहा ओलंपिक हर खिलाड़ी का सपना होता है और मैं भी इससे अलग नहीं हूं। इसके लिए आपको सर्वश्रेष्ठ तैयारी करनी होती है। आपको क्वालीफाई करने और पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। इस ओलंपिक में तीन साल के अंतराल के बाद खेल रहा हूं। कई बदलाव आये हैं जो सकारात्मक हैं। तोक्यो में जो भी कमी रह गई थी उसे दूर करना मेरा लक्ष्य है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। भारतीय तीरंदाज 1988 में पदार्पण के बाद से नियमित रूप से ओलंपिक में हिस्सा लेते रहे हैं लेकिन अभी तक पदक नहीं जीत पाये हैं। अब भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां क्वालीफिकेशन दौर से अभियान शुरू करेंगे।

# तीरंदाजों का लक्ष्य पहला पदक जीतना

### 1988 से ओलंपिक में शामिल किया गया था तीरंदाजी का खेल, तब से लेकर अब तक भारत नहीं जीत पाया है पदक

PARIS 2024 | ओलंपिक 1 दिन शेष

पेरिस, एजेंसी

स्थान भी अलग होगा और वर्ष भी और एक नया ओलंपिक होगा लेकिन भारतीय तीरंदाजों का लक्ष्य वही पुराना होगा, ओलंपिक खेलों में पहला पदक जीतना। तीरंदाजी को ओलंपिक में 1988 में शामिल किया गया था और तब से भारतीय तीरंदाज लगभग हर ओलंपिक खेल में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय तीरंदाज बुधवार को लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम में सभी छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जिसका मतलब है कि इस बार भारतीय तीरंदाज पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे। अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुवाई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालिफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी। प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालिफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर रविवार से शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी।

भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी पुरुष तीरंदाज शीर्ष 30 में जगह नहीं बना पाए थे जिससे भारतीय टीम को नौवीं वरीयता मिली थी। भारत की एकमात्र महिला तीरंदाज दीपिका ने नौवां स्थान हासिल किया था। भारत को तब अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को पुरुष टीम से काफी उम्मीद है जिसने इस साल शंघाई में विश्व कप के फाइनल में कोरिया को हराकर इतिहास रचा था।

महिला वर्ग में सभी की निगाहें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई में विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीत कर शानदार वापसी की थी। महिला टीम में उनके साथ देने के लिए अंकिता भक्त और भजन कौर हैं। इन दोनों का यह पहला ओलंपिक होगा लेकिन वह वर्तमान ओलंपिक चक्र में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। धीरज और दीपिका अगर रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहते हैं तो फिर रिकर्व मिश्रित टीम में उनसे पदक की उम्मीद की जा सकती है। भारतीय तीरंदाज ओलंपिक में अभी तक क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

### ओलंपिक में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी कोको गॉफ

**पेरिस।** टेनिस स्टार कोको गॉफ शुक्रवार को होने वाले ओलंपिक उद्घाटन समारोह में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी। अमेरिका बास्टकेबॉल स्टार लेब्रोन जेम्स को पहले ही पुरुष ध्वजवाहक बनाने की घोषणा कर चुका है। गत अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ पेरिस खेलों में अपने ओलंपिक पदार्पण की तैयार कर रही हैं। वह अमेरिका की ध्वजवाहक बनने वाली पहली टेनिस खिलाड़ी होंगी। टीम अमेरिकी एथलीट ने उन्हें और जेम्स को ध्वजवाहक के रूप में चुना है। बीस साल की गॉफ ने तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक के लिए अमेरिकी टीम में जगह बनाई थी लेकिन जापान रवाना होने से पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण खेलों के महाकुंभ में हिस्सा नहीं ले पाईं थी। फ्रेंच ओपन की मेजबानी करने वाले रोलां गैरो पर होने वाली टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल में गॉफ को दूसरी वरीयता दी गई है। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक को शीर्ष वरीयता मिली है। गॉफ और जेसिका पेगुला को युगल में शीर्ष वरीयता मिली है।




ओलंपिक प्रतिस्पर्धाओं के लिए बनाया गया इंडोर स्टेडियम।

## फ्रांस को 2030 और अमेरिका को 2034 की मेजबानी मिली

पेरिस, एजेंसी

**शीतकालीन ओलंपिक**



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को 2030 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी फ्रांस के फ्रेंच आल्प्स और 2034 की मेजबानी अमेरिका के साल्ट लेक सिटी को सौंपने का फैसला किया। फ्रांस को मेजबानी कुछ शर्तों के आधार पर सौंपी गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईओसी को आश्वासन दिया कि ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 के संपन्न होने के बाद जो भी सरकार गठित होगी वह आयोजन से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करेगी। इन पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

फ्रांस में नई सरकार के गठन के बाद जो भी व्यक्ति प्रधानमंत्री बनेगा उन्हें इन शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। आईओसी ने इसके लिए एक अक्टूबर की समय सीमा तय की है। आईओसी के सदस्यों ने उनके आश्वासन को स्वीकार करके फ्रांस को मेजबानी सौंपने के पक्ष में मतदान किया। फ्रांस की मेजबानी के पक्ष में 84 सदस्यों ने जबकि चार सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। सात सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मैक्रों ने कहा हम पर भरोसा दिखाने के लिए हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। फ्रांस इन खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाला एकमात्र देश था। फ्रांस इससे पहले तीन बार 1924, 1968 और 1992 में शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर चुका है। आईओसी सदस्यों ने इसके बाद 2034 में होने वाले शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए साल्ट लेक सिटी की बोली पर भी मोहर लगाई। साल्ट लेक सिटी 32 साल के बाद इन खेलों का आयोजन करेगा। इससे पहले उसने 2002 में पहली बार शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी की थी। आईओसी ने पिछले साल साल्ट लेक सिटी को दावा मजबूत करने के लिए बातचीत के अधिकार दिए थे। इसके बाद उटा राज्य की राजधानी साल्ट लेक सिटी मेजबानी की दौड़ में अकेला शहर रह गया था। साल्ट लेक सिटी की तरफ से जिन लोगों ने बोली लगाई उनमें उटा के गवर्नर स्पेंसर कॉक्स, साल्ट लेक सिटी के मेयर एरिन मेंडेनहॉल और अल्पाइन स्की की महान खिलाड़ी लिंडसे वॉन शामिल थे।

## टीम को रोहित-विराट के न होने का उठाना चाहिए फायदा : जयसूर्या

पाल्लेकल, एजेंसी



- सनथ बोले- भारत के मुख्य खिलाड़ियों का न होना श्रीलंका के लिए बेहतर 27 से होगी शृंखला की शुरुआत

श्रीलंका के अंतरिम मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने बुधवार को खुलासा किया कि आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 शृंखला की तैयारी में उनके बल्लेबाजों की मदद की है और उन्हें उम्मीद है कि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ियों के संन्यास का फायदा उठाएगी।

रोहित, कोहली और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पिछले महीने भारत की विश्व कप जीत के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया था। श्रीलंका के खिलाफ टी-20 शृंखला 27 जुलाई से शुरू होगी। जयसूर्या ने खुलासा किया कि श्रीलंका के कुछ खिलाड़ियों के लंका प्रीमियर (एलपीएल) लीग से जुड़ा होने के बावजूद भरूचा के साथ छह दिन के शिविर का आयोजन किया गया। हमने एलपीएल के तुरंत बाद सत्र शुरू किया। अधिकतर खिलाड़ी एलपीएल में खेल रहे थे इसलिए वे क्रिकेट में व्यस्त थे और हम चाहते थे कि वे अधिक से अधिक क्रिकेट खेलें। हम राजस्थान रॉयल्स से जुबिन को लाए और हमने लगभग छह दिन उनके साथ काम किया। एलपीएल में खेलने बाद अन्य क्रिकेटर भी उनके साथ जुड़े। मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ियों ने सीख लिया है कि आप (प्रबंधन) अभ्यास और तकनीक के मामले में उनसे क्या चाहते हैं। उन्होंने कहा तैयारी अच्छी थी और टी-20 शुरू होने से पहले कैंडी में हमारे पास दो दिन और हैं।

**विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप**

## भारतीय पुरुष टीम छठे और महिला टीम सातवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित की गई विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे।



भारतीय पुरुष टीम पांचवें स्थान के लिए खेले गए मैच में इंग्लैंड से 1-2 से हार गई। शौर्य बावा ने पहला मैच जीतकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन युवराज वाधवानी और अयान वाजिलल्ली अपने मुकाबले हार गए। महिला टीम ने सातवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शमीना रियाज पांच गेम तक चले मैच में हार गई। निरुपमा दुबे और उन्नति त्रिपाठी ने इसके बाद अपने मैच जीत कर टीम को सातवां स्थान दिलाया।

## सबसे यादगार पल फेडरर से मिलना : शरत कमल

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक और दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल के लिए ओलंपिक खेलों में सबसे यादगार पल महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर से मिलना रहा।

शरत ने पहली बार 2004 में ओलंपिक खेलों में भाग लिया था और तब पहली बार उन्हें फेडरर से मिलने का मौका मिला था। इस 42 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय पुरुष टीम इस बार पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाई है। शरत ने 2004 की यादों को ताजा करते हुए अल्टीमेट टेबल टेनिस से कहा एक दिन मैं लंच करने के लिए जा रहा था तभी मुझे एक व्यक्ति टेनिस बैग लिए हुए आते दिखा। जब मैं अपनी प्लेट लेने के लिए गया तब मुझे एहसास हुआ कि यह तो रोजर फेडरर है। मैं बहुत खुश था और मैंने उनके जितना संभव हो उतना करीब जाने का प्रयास किया। हम एक ही टेबल पर खाना खा रहे थे। तभी एक और व्यक्ति आया। उन्होंने हाथ मिलाया। मैंने उसे दिखा। वह एंडी रॉडिक था।

## टेस्ट में एक दिन में 600 रन बना सकता है इंग्लैंड : पोप

लंदन, एजेंसी

- टीम इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली बोले- बैजबॉल पद्धति अपनाने से नहीं बचती

इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के अंदर 600 रन बना सकती है और इन बातों को सिरे से खारिज कर दिया कि वे बल्लेबाजी में आक्रामक शैली बैजबॉल से पीछे हट रहे हैं।

टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर ही है। उसने 1936 में भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 588 रन बनाए थे और पोप का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम इस रिकार्ड को तोड़ सकती है। पोप ने कहा कभी-कभी हम एक दिन में 280 या 300 रन बना सकते हैं क्योंकि हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में कभी ऐसा दिन आए जब हम 500 से 600 रन बना लें और यह अच्छा रिकॉर्ड होगा। इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 506 रन बनाए थे।इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैच की शृंखला में अभी 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखी है।

## मुर्शीदा की पारी से बांग्लादेश ने मलेशिया को 114 रनों से हराया

**महिला एशिया कप**

दांबुला, एजेंसी



मुर्शीदा खातून (80) और कप्तान निगार सुल्ताना नाबाद (62) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों शानदार प्रदर्शन दम पर बांग्लादेश ने बुधवार को महिला एशिया कप के 11वें मुकाबले में मलेशिया को 114 रनों से हरा दिया है।

192 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छह ओवर में 23 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। पहले ही ओवर में जहांआरा आलम ने ए एच हाशिम (शून्य) को आउट कर मलेशिया को पहला झटका दिया। इसके बाद आई हंटर को (20), तीसरे विकेट के रूप में वान जुलिया (11) को ऋतु मोनी ने बोल्ड किया। कप्तान वी दुरइसिंगम (8), आइना नजवा (4), ए अलिसा (1), एम आई इस्माइल (15) और एस मनिवन्नन (8) रन बनाकर आउट हुई। मलेशिया की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 77 रन ही बना की और 114 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।इससे पहले आज यहां बांग्लादेश की कप्तान निगार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मलेशिया को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य दिया था। दिलारा अख्तर और मुर्शीदा खातून की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए (65) रन जोड़े। दिलारा अख्तर ने 20 गेंदों में 33 रन बनाए। बांग्लादेश को दूसरा विकेट 17वें ओवर में मुर्शीदा खातून के रूप में गिरा। मुर्शीदा खातून ने 59 गेंदों में 80 रनों की पारी खेली। कप्तान निगार सुल्ताना 37 गेंदों में (62) और रुमाना अहमद (6) रन बनाकर नाबाद रहीं। बांग्लादेश ने दो विकेट पर 191 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## टीम का सफलता सूत्र, एक बार में एक मैच पर ध्यान देना : दीप्ति

**दाम्बुला।** सीनियर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा ने कहा कि महिला टी-20 एशिया कप में भारतीय टीम का सफलता का सूत्र एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करना है, क्योंकि जब टीम पिछली बार यहां खेली थी तब से लेकर अब तक परिस्थितियों में कोई विशेष बदलाव नहीं आया है।



भारत ने ग्रुप ए के अंतिम मैच में मंगलवार को नेपाल को 82 रन से करारी शिकस्त दी। इस मैच में शेफाली वर्मा ने 48 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी जबकि दीप्ति ने 13 रन देकर 3 विकेट लिए थे। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 178 रन बनाए और इसके बाद नेपाल को निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 98 रन पर रोक दिया था। दीप्ति ने मैच के बाद कहा हम पहले मैच से ही प्रत्येक मैच और प्रत्येक परिस्थिति को लेकर काफी आश्वस्त हैं। अब हमारी निगाह सेमीफाइनल पर है। भारतीय टीम इससे पहले जून 2022 में यहां खेली थी और दीप्ति ने कहा कि तब से लेकर अब तक परिस्थितियों में कोई खास बदलाव नहीं आया है। कुछ भी नहीं बदला है। हमने इसे सरल बनाए रखा है और हमारा ध्यान केवल अगले मैच पर केंद्रित रहता है। मैं पिछली बार भी यहां खेली थी और तब से कोई बदलाव नहीं आया है।

## बॉलीवुड हलचल

### पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करेंगे कार्तिक आर्यन!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी सुपरहिट फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म पति पत्नी और वो में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडननेकर और अनन्या पांडे ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आई थी।चर्चा है कि कार्तिक ने फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल के लिए हामी भर दी है। सीक्वल की स्क्रिप्ट पहले ही फाइनल हो चुकी है। कहा जा रहा है कि कार्तिक को पति पत्नी और वो 2 की पटकथा बहुत पसंद आई है। पति पत्नी और वो के सीक्वल का निर्माण भूषण कुमार और जूनो चोपड़ा करेंगे। वहीं, इसका निर्देशन मुदस्सर अजीज करेंगे।

### सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और संजय दत्त स्टारर फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। वर्ष 2012 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल बनाया जा रहा है। सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। इस फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त और मृणाल ठाकुर की मुख्य भूमिका होगी। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा कर रहे हैं। फिल्म सन ऑफ सरदार 2 के सेट से मृणाल ठाकुर की एक फोटो सामने आई है। फोटो से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां बारात का सीक्वेंस शूट किया जा रहा है। मृणाल पंजाबी कुड़ी के लुक में बारात में ढोल बजाकर डांस करती नजर आ रही हैं। उनके साथ में कई और डांसर्स भी मौजूद हैं। कहा जा रहा है इस फिल्म की शूटिंग स्कॉटलैंड में 50 तक चलेगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## बौछारें



मुंबई में मरीन ड्राइव पर हाई टाइड के कारण समुद्र में दिनभर लहरें उठती रहीं। इस बीच यहां राहगीरों ने बौछारों में भीगकर इस पल का लुत्फ उठाया। एजेंसी

### न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में हुआ खुलासा

# साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन शत प्रतिशत कारगर

नई दिल्ली, एजेंसी



न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि इंजेक्शन के जरिए साल में दो बार दी जाने वाली एचआईवी-निवारक एक दवा ने महिलाओं में 100 प्रतिशत प्रभावशीलता दिखाई है तथा इसमें सुरक्षा संबंधी कोई चिंता भी नजर नहीं आई है।

साल में दो बार इंजेक्शन के रूप में दी जाने वाली लेनकापाविर को अमेरिका स्थित बायोफार्मास्युटिकल कंपनी जीलेड साइंसेज द्वारा 'प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (रोग निरोधक) दवा के रूप में विकसित किया गया है। ये दवाएं उन लोगों में संक्रमण फैलने से रोकती हैं जो अभी तक रोग पैदा करने वाले वाहक के संपर्क में नहीं आए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह अध्ययन, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में किशोरवय लड़कियों और युवा महिलाओं को शामिल करते हुए चरण-3 का परीक्षण है।

बयान के अनुसार इसमें पता चला कि प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (प्रीईपी) लेनकापाविर ने शून्य (एचआईवी) संक्रमण और 100 प्रतिशत प्रभावशीलता प्रदर्शित की। एचआईवी या ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रव (बॉडी फ्लूइड) से फैलता है। उपचार न किए जाने पर, संक्रमण वर्षों में एड्स या 'एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम' में बदल सकता है। उद्देश्य 1 परीक्षण में, 5,338 प्रतिभागियों को, जो शुरू में एचआईवी-नेगेटिव थे, तीन समूहों में विभाजित किया गया। इनमें 2,134 को 26 सप्ताह के अंतर पर लेनकापाविर इंजेक्शन दिए गए।

#### शानदार परिणाम मिलेंगे : बेकर

केपटाउन विश्वविद्यालय के डेसमंड टूटू एचआईवी सेंटर की निदेशक और अध्ययन की प्रथम लेखक लिंडा-गेल बेकर ने एक बयान में कहा ये शानदार परिणाम दर्शाते हैं कि प्रीईपी के लिए दो बार वार्षिक लेनकापाविर, यदि स्वीकृत हो जाता है, तो एक अत्यधिक प्रभावी, वहनीय और विवेकपूर्ण विकल्प प्रदान कर सकता है जो संभावित रूप से प्रीईपी के उपयोग और दृढ़ता में सुधार कर सकता है, जिससे हमें वैश्विक स्तर पर सिसजेंडर महिलाओं में एचआईवी को कम करने में मदद मिल सकती है। सिसजेंडर वह शब्द है जो किसी व्यक्ति की लैंगिक पहचान को दर्शाता है, न कि उसकी यौन अभिरुचि को।

#### इंजेक्शन स्थल पर कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं हुई

अध्ययन के लेखकों ने लिखा साल में दो बार लेनकापाविर लेने वाले किसी भी प्रतिभागी को एचआईवी संक्रमण नहीं हुआ। लेनकापाविर समूह के लगभग 70 प्रतिशत प्रतिभागियों में सबसे आम प्रतिकूल प्रभाव इंजेक्शन-स्थल पर होने वाली प्रतिक्रियाएं थीं। हालांकि, बयान के अनुसार इंजेक्शन-स्थल पर कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं हुई।

## एक नजर

### ताइवान ने तूफान से निपटने की तैयारी की, फिलीपीन में 13 की मौत

**ताइपे।** शक्तिशाली तूफान की आशंका के मद्देनजर ताइवान ने बुधवार को पूरे द्वीप में कार्यालय, स्कूल और पर्यटन स्थल बंद कर दिए। इस तूफान के कारण फिलीपीन में मौसमी बारिश से हालात और खराब हो गए हैं और कम से कम 13 लोगों की जान चली गई जबकि छह लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। तूफान गेमी अभी ताइवान की मुख्य भूमि में दाखिल नहीं हुआ है लेकिन उसके पहले ही ताइवान के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हो रही है। तूफान के बुधवार शाम को उत्तरी काउंटी यलान में सीधे दस्तक देने की आशंका है।

### माल्विनास द्वीप के पास नाव पलटी, 8 की मौत

**ब्यूनस आयर्स।** माल्विनास द्वीप समूह के पास सोमवार को एक मछली पकड़ने वाली नाव के पलट जाने से आठ लोगों की मौत हो गई, जिसे अंग्रेजी में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह कहते हैं। इस द्वीप पर अर्जेंटीना अपना दावा करता है लेकिन यह ब्रिटेन द्वारा शासित है। यह जानकारी अर्जेंटीना और स्पेनिश मीडिया ने दी। अर्जेंटीना के दैनिक समाचारपत्र ला नासियोन ने कहा कि सोमवार को मछली पकड़ने वाली नौका टूथफिश की तलाश में माल्विनास द्वीप के पास नौकायन कर रही थी, तभी उसका पतवार टूट गया और वह डूब गया।

### चीन प्रांत में भारी बारिश से 13,000 लोग प्रभावित

**लान्झू।** उत्तर पश्चिमी चीन के गांसू प्रांत के लोंगनान शहर में मूसलाधार बारिश से बुधवार सुबह तीन बजे तक 13,400 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए, जबकि 5,622 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोंगनान मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सोमवार से बुधवार तक लोंगनान में 251 मिमी तक की भारी बारिश हुई।

### भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 229 हुई

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 229 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से कई ऐसे लोग शामिल हैं जो पीड़ितों को बचाने की कोशिश में जुटे थे। प्रधानमंत्री अबी अहमद ने इसे भयानक क्षति बताया है। एक स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी प्रांत में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं।

# इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को रोकने के प्रयास हुए तेज

## डोनाल्ड ट्रंप ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से कहा- सब कुछ जल्दी ठीक हो जाएगा

वाशिंगटन, एजेंसी

- बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होगी मुलाकात



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली बैठक से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से कहा कि सबकुछ ठीक हो जाएगा।

ट्रंप ने कहा बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है और मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने के लिए और भी अधिक तत्पर हूं। इसके साथ ही उन्होंने अब्बास द्वारा उन्हें लिखा गया एक पत्र भी संलग्न किया। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने ट्रंप पर चुनावी रैली के दौरान 13 जुलाई को हुए हमले के एक दिन बाद यह पत्र लिखा था।

राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने 14 जुलाई को ट्रंप को लिखे पत्र में कहा आप पर हुए हमले की खबर सुनकर मुझे बहुत चिंता हो रही है। मैंने इसका वीडियो भी देखा। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर अब्बास के पत्र के जवाब में अपने हाथ से लिखे गए पत्र की तस्वीर साझा करते हुए कहा महमूद, शुक्रिया। सब ठीक हो जाएगा।

**अपने कार्यकाल के दौरान शांति और स्थिरता कायम की थी :** उन्होंने कहा मेरे पहले कार्यकाल के दौरान हमने क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम की थी, यहां तक कि ऐतिहासिक अब्राहम समझौते पर भी हस्ताक्षर किए थे और हम पुनः शांति कायम करेंगे। जैसा कि मैंने हाल के सप्ताहों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य विश्व नेताओं के साथ की गई चर्चा में कहा है कि मेरा शक्ति के माध्यम से शांति का एजेंडा दुनिया को दिखाएगा कि इन भयानक घातक युद्धों और हिंसक संघर्षों को समाप्त किया जाना चाहिए। लाखों लोग मर रहे हैं और कमला हैरिस किसी भी तरह से इसे रोकने में सक्षम नहीं हैं।

### नेतन्याहू से मिलेंगी कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के एक सहयोगी ने बताया कि हैरिस इस सप्ताह व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगी और उनसे कहेंगी कि युद्ध समाप्त करने का वक्त आ गया है। हालांकि, वह नेतन्याहू द्वारा संबोधित किए जाने वाले अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता नहीं कर पाएंगी। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार हैरिस के एक सहयोगी ने कहा नतन्याहू के साथ होने वाली यह बैठक राष्ट्रपति बाइडेन की नियोजित बैठक से अलग होगी। उपराष्ट्रपति पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लिए 24 जुलाई को इंडियानापोलिस जा रही हैं और वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कांग्रेस के संयुक्त सत्र के पहले से निर्धारित संबोधन में भाग नहीं ले पाएंगी। हैरिस के सहयोगी ने कहा अनुमान है कि उपराष्ट्रपति नेतन्याहू से कहेंगी कि युद्ध को इस तरह से समाप्त करने का समय आ गया है कि इजराइल सुरक्षित हो, सभी बंधक रिहा हों, गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों की पीड़ा का अंत हो और उनका सम्मान, स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय के अपने अधिकार का आनंद ले सकें। नेतन्याहू का अमेरिकी कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र को संबोधित करने का कार्यक्रम है। यह अमेरिकी संसद में नेतन्याहू का चौथा संबोधन है, जो किसी भी विदेशी नेता द्वारा अमेरिकी कांग्रेस में सबसे अधिक बार दिया जाने वाला संबोधन होगा। अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता आम तौर पर उपराष्ट्रपति करते हैं। अमेरिकी कांग्रेस के स्पीकर माइक जॉनसन ने इस संबोधन में भाग न लेने के लिए हैरिस की आलोचना की है। डेमोक्रेटिक की ओर राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार के तौर पर अपने पहले सप्ताह में हैरिस इजराइली प्रधानमंत्री की वाशिंगटन की आधिकारिक यात्रा के मद्देनजर अमेरिकी विदेश नीति में राजनीतिक रूप से सबसे ज्यादा विभाजनकारी मुद्दे का सामना करेंगी।

## हैरिस के नेतृत्व में भारत नीति में बदलाव की संभावना नहीं : मुकेश

**वाशिंगटन।** भारत केंद्रित अमेरिकी व्यापार एवं रणनीतिक पैरोकार समूह के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि अगर कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो उनके प्रशासन में भारत-अमेरिका नीति एवं रणनीति में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश अघी ने एक साक्षात्कार में यह बात कही।

उन्होंने कहा राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने के बाद कमला हैरिस तेजी से चुनाव प्रचार में जुट गई हैं और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के 50 घंटे से भी कम समय में 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक धनराशि जुटाना उनके पक्ष में बढ़ते समर्थन को दर्शाता है। राष्ट्रपति बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने से पार्टी में और पार्टी समर्थकों में ऊर्जा भर गई है। बड़े दानदाता अब फिर से डेमोक्रेटिक पार्टी और उम्मीदवार के तौर पर कमला हैरिस का समर्थन कर रहे हैं। अघी ने कहा चीन का उदय, चीन का आक्रामक रुख दुनिया के लिए खतरा है। यह अमेरिका के हितों के लिए खतरा है और भारत पूरे परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# बांग्लादेश में धीरे-धीरे सामान्य हो रही स्थिति

ढाका, एजेंसी

- बंद पड़ी इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से हुईं बहाल
- हिसा के बीच लगभग 200 लोगों की हो चुकी मौत



बांग्लादेश में पांच दिन के बाद ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल कर दी गई हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़पों के चलते इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं। इस हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। खबरों में कहा गया है कि मंगलवार देर शाम सीमित स्तर पर ब्रॉडबैंड सेवा बहाल होनी शुरू हो गई।

ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार डाक, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक ने चरणबद्ध इंटरनेट बहाली को प्रायोगिक व्यवस्था बताया। इसमें बैंकिंग, वाणिज्य क्षेत्रों, प्रौद्योगिकी कंपनियों, निर्यातकों, आउटसोर्सिंग प्रदाताओं और मीडिया संगठनों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा शीघ्र ही पूरे देश में पूर्ण इंटरनेट सेवा बहाल कर दी जाएगी। इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश के अध्यक्ष मोहम्मद इमदादुल हक ने कहा कि देशभर में करीब 40 प्रतिशत इंटरनेट कनेक्शन बहाल कर दिए गए हैं और आज ज्यादातर लाइन जोड़ दी जाएंगी। डेली स्टार ने उनके हवाले से कहा हम सभी कनेक्शन को बहाल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि ज्यादातर लोगों को शीघ्र ही इंटरनेट सेवा मिल जाएगी। बांग्लादेश में हाल में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं।

### आरक्षित कोटा घटाकर पांच प्रतिशत किया

देशव्यापी हिंसा के चलते इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। बीडी न्यूज 24 न्यूज पोर्टल ने खबर दी है कि देश में मोबाइल इंटरनेट अब भी बंद है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वालों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित कोटा घटाकर केवल पांच प्रतिशत कर दिया। इस प्रकार, अब 93 प्रतिशत नौकरियां योग्यता आधारित होंगी।

# इमरान का पोलीग्राफ टेस्ट कराने से इनकार

लाहौर, एजेंसी

- 12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम परीक्षण करने पहुंची थी जेल
- पिछले साल हुए अप्रत्याशित उपद्रव के कारण जेल में हैं बंद



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल 9 मई को हुए अप्रत्याशित उपद्रव से जुड़े दर्जनों मामलों की लाहौर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के तहत पोलीग्राफ (एक प्रकार की झूठ पकड़ने वाली जांच) और आवाज मिलान परीक्षण कराने से इनकार कर दिया है।

12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय इमरान खान का पोलीग्राफ परीक्षण करने मंगलवार को अडियाला जेल पहुंची थी। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में पिछले साल जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को गिरफ्तार किया था तब 9 मई को देशभर में उपद्रव हुए थे। इमरान खान 200 से अधिक मामलों का सामना कर रहे हैं और वह पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खबर दी है कि एक पुलिस उपाधीक्षक की अगुवाई में लाहौर पुलिस का एक दल (पोलीग्राफ और आवाज मिलान) परीक्षण करने आडियाला जेल पहुंचा था। इस अखबार के अनुसार उनके साथ पंजाब अपराध जांच विज्ञान एजेंसी (पीएफएसए) के विशेषज्ञ भी थे। इन पीएफएसए विशेषज्ञों को पूर्व प्रधानमंत्री का पोलीग्राफ, आवाज मिलान परीक्षण और फोटोग्रेमेट्री परीक्षण करने थे।

### बोले- पिछली जांच पूरी होने के बाद देंगे समय

इमरान खान ने कहा कि विभिन्न संगठनों द्वारा उनकी जांच की जा रही है और पिछली जांच के पूरा हो जाने के बाद ही वह पुलिस को समय देंगे। डॉन अखबार की खबर है कि पुलिस अधिकारियों ने उससे 9 मई के उपद्रव के विभिन्न पहलुओं के बारे में पूछताछ की। इस उपद्रव के दौरान लाहौर कोर कमांडर के आवास, सैन्य प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक संपत्तियों को निशाना बनाया गया था। इस अखबार के मुताबिक जेल से लौटने के बाद, पुलिस टीम और पीएफएसए विशेषज्ञों ने लाहौर के डीआईजी (जांच) जीशान असगर को खान के असहयोग के बारे में बताया।

## पोत पर घायल चीनी नाविक को भारतीय नौसेना ने बचाया

**नई दिल्ली।** मुंबई अपतटीय क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल एक चीनी नाविक को भारतीय नौसेना के एक हेलीकॉप्टर के जरिए एक मालवाहक जहाज से सुरक्षित निकाला गया। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मरीज को हेलीकॉप्टर से हवाई परिसर ले जाया गया और उसके बाद आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल भेज दिया गया। नौसेना ने कहा कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी), मुंबई को मंगलवार को मुंबई से 200 समुद्री मील (लगभग 370 किमी) दूर मालवाहक पोत झोंग शान मेन से एक आपात संदेश प्राप्त हुआ। संदेश में 51 वर्षीय चीनी नाविक के गंभीर रूप से घायल होने और काफी खून बहने की जानकारी दी गई।

# ओलंपिक खत्म होने से पहले प्रधानमंत्री की नियुक्ति नहीं

पेरिस, एजेंसी

- राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा- अव्यवस्था से बचने के लिए उठाया कदम
- लगभग 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक होंगे इकट्ठा



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह अव्यवस्था से बचने के लिए ओलंपिक खेलों की समाप्ति से पहले नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति किसी भी कीमत में नहीं करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को स्थानीय मीडिया ने दी।

मैक्रों ने फ्रांस 2 चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा इस सरकार ने खेलों की तैयारी की है और हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि वे अच्छी तरह से हों। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने खेलों की सुरक्षा के लिए स्थिरता को चुना है, जिसमें लगभग 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक इकट्ठा होंगे। नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति और एक नई सरकार के गठन से अराजकता उत्पन्न होगी इसलिए उन्होंने राजनीतिक दलों से पूर्ण बहुमत के अभाव में देश की संसद में समझौता करने का आह्वान किया। सत्तारूढ़ पार्टी के मध्यावधि चुनावों में बहुमत प्राप्त करने में विफल रहने के बाद गैब्रियल अट्टल ने 8 जुलाई को मैक्रों को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया था।

## अब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय में गिरा कचरे से भरा गुब्बारा

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजे, जिसमें एक गुब्बारा राष्ट्रपति कार्यालय परिसर में जा गिरा। विशेषज्ञों का कहना है कि दक्षिण कोरिया को अगली बार सीमावर्ती क्षेत्रों में ऐसे गुब्बारों को मार गिराना होगा क्योंकि क्या पता उत्तर कोरिया भविष्य में इसमें खतरनाक वस्तुएं भेज दे। सियोल के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही दक्षिण कोरिया ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सीमा पर उत्तर कोरिया के संबंध में दुष्प्रचार संदेश प्रसारित किए थे। सुरक्षा सेवा ने यह बताने से इनकार कर दिया कि जब कचरे से भरा गुब्बारा परिसर में गिरा तो उस समय राष्ट्रपति यून सुक येओल कार्यालय में मौजूद थे या नहीं। यून के कार्यालय ने पहले कहा था कि बुधवार को उनका कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं है।

# चंद्रमा के मिट्टी के नमूनों में पानी के अणु मिले

बीजिंग, एजेंसी

- चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन जारी

चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन कर रहे चीनी वैज्ञानिकों को चंद्रमा की मिट्टी में पानी के अणु मिले हैं। यह जानकारी चाइनीज एकेडमी आफ साइंसेज (सीएएस) ने दी।

हांगकांग मीडिया के अनुसार यह अनुसंधान बीजिंग नेशनल लेबोरेटरी फॉर कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स और सीएएस के भौतिकी संस्थान तथा अन्य घरेलू अनुसंधान संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रिपोर्ट 16 जुलाई को पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई। सीएएस ने कहा कि 2020 में चांग ई-5 मिशन द्वारा लाए गए चंद्रमा की मिट्टी के नमूनों के आधार पर चीनी वैज्ञानिकों ने आणविक जल से युक्त एक जलयोजित खनिज पाया है।

### भारत के चंद्रयान 1 ने खोजी थी ऑक्सीजन

वर्ष 2009 में, भारत के चंद्रयान-1 अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा के सूर्य के प्रकाश वाले क्षेत्रों में ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अणुओं के रूप में जलयोजित खनिजों के संकेतों का पता लगाया था। इसके उपकरणों में नासा का मून मिनरलॉजी मैपर (एम3) भी शामिल था जो एक इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर है।

## एससीओ देशों ने पहला संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास किया

**बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के सुरक्षा अधिकारियों ने चीन में पहले संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास में हिस्सा लिया, जिसमें आतंकवादी समूहों के उन्मूलन जैसे विशेष अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

चीन के जनसूचना मंत्रालय ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी चीन के झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में हाल ही में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास इंटरैक्शन-2024 आयोजित किया गया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने खबर दी कि यह अभ्यास पहली बार आयोजित किया गया और इसमें एससीओ के सभी सदस्य देशों की संबंधित एजेंसियों ने हिस्सा लिया।

### खगोल विज्ञान — नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोवर की खोज, वैज्ञानिक इसे बड़ी उपलब्धि मान रहे

# मंगल ग्रह की सतह पर सल्फर क्रिस्टल की हुई खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** लाल ग्रह मंगल की सतह पर पहली बार सल्फर का पता चला है। यह खोज नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोबर ने की है। वैज्ञानिक सल्फर के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल वैज्ञानिको को जरा भी अनुमान नही था कि मंगल पर सल्फर भी उपलब्ध हो सकता है। कई दशकों से मंगल के धरातल से लेकर आसमान तक वैज्ञानिक खाक छानते आ रहे हैं। अब तक अनेक वस्तुओं की जानकारी जुटा चुके हैं।

मंगल की धरती पर सल्फर का मिलना बड़ी खोज मानी जा रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार मार्स क्यूरियोसिटी रोवर गेडिज़ वैली में खोज कर रहा था, तभी वह एक चट्टान के ऊपर से गुजरा और चट्टान को तोड़ दिया। तभी पता चला कि शुद्ध तात्विक गंधक के साथ बाहर निकल आया। तस्वीरों की जांच करने के बाद पता चला कि यह शुद्ध रूप से सल्फर है।

क्यूरियोसिटी चट्टान काटने की क्षमता रखता है साथ ही रासायनिक संरचना का पता भी लगा सकता है। वैज्ञानिकों ने आगे के अध्ययन के लिए नमूने एकत्र किए और तब पता चला कि मंगल ग्रह पर सल्फर विभिन्न रूपों में मौजूद है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि क्यूरियोसिटी द्वारा टूटी चट्टानों के बीच में शुद्ध सल्फर खोजना मंगल ग्रह की खोज में एक नया अनुभव है। साथ ही यह सवाल उठ रहा है कि यह मंगल की सतह पर कब और कैसे पहुंचा। 31 मार्च को रोबर ने यह खोज की। जिसकी सच्चाई का पता लगाने में कई महीने वैज्ञानिकों को लग गए। बहरहाल मंगल पर सल्फर की खोज को लेकर लाल ग्रह पर अध्ययन करने वालों के लिए खुशी की खबर है, जो मंगल पर जीवन बसाने के प्रयास में मदद करेगी।



मंगल की सतह पर चट्टान में मिले सल्फर की तस्वीर।

### मंगल होगा मानव का आशियाना

मंगल ग्रह पर नित नई खोज वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाती है। यह खोज भी इसी तरह की है। एरिज़ोना टक्सन के प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिको ने सल्फर का खुलासा किया है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि मंगल पर भविष्य में कुछ और भी राज सामने आएंगे, जो मंगल पर मानव जीवन बसाने में मददगार साबित होंगे।